हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

रांची, शुक्रवार, 08 अगस्त, 2025 वर्ष : 13 अंक : 80 मूल्य : 3 रुपए

Koylanchal samvad news

www.koylanchalsamvad.com

राहुल का आरोप- ईसी ने बीजेपी के साथ चुनाव चुराया:स्क्रीन पर वोटर... | भारत में मोदी से बड़े ब्रांड बने ट्रंप | रिलायंस में होने वाला है बड़ा बदलाव, तैयार हो रहे हैं ग्रोथ के...

### पारंपरिक संस्कारों के साथ गुरुजी को श्रद्धांजलि

## सीएम हेमंत ने निभाई तीन कर्म की परंपरा, नेमरा की क्रांतिकारी भूमि को किया नमन

रांची : झारखंड आंदोलन के पुरोधा दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के बाद सीएम हेमंत सोरेन पारंपरिक परंपराओं का पालन कर रहे हैं. उन्होंने नेमरा स्थित पैतृक गांव में आज गुरु जी के श्राद्ध कर्म की परंपरा निभाई, जिसकी जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी. सीएम ने लिखा कि दिवंगत बाबा, वीर दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी की अंत्येष्टि के उपरांत नेमरा में 'तीन कर्म दिन' होने वाली परंपरा का निर्वहन किया. यह 'तीन कर्म दिन' में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए विशेष पूजा और अनुष्ठान किए जाते हैं. इस दौरान हर कदम पर परिजन उनके साथ रहे. घर लौटने पर बड़े-बुजुर्गों की सलाह के मुताबिक अन्य संस्कार को पूरा बतौर पुत्र सीएम हेमंत सोरेन ने पूरा किया. इस दौरान मुख्यमंत्री की माता रुपी सोरेन, छोटे भाई बसंत सोरेन, पत्नी कल्पना सोरेन, बहन अंजली सोरेन, भाभी सीता सोरेन के अलावा घर के बच्चे और अन्य रिश्तेदार मौजूद रहे.



### हेमंत सोरेन का भावुक पोस्ट, लिखा

### नेमरा की क्रांतिकारी भूमि दादाजी और बाबा के अथाह संघर्ष की है गवाह

*झारखंड आंदोलन के पुरोधा और आदिवासी अस्मिता के प्रतीक दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के बाद पूरे राज्य में शोक की लहर है. लेकिन गुरु जी का जाना सबसे ज्यादा उनके बेटे हेमंत सोरेन को खल रहा है. झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने एक बार फिर अपने पिता दिशोम गुरु को याद कर भावुक पोस्ट साझा किया है. आज सुबह करीब 9 बजकर 40 मिनट पर हेमंत सोरेन ने एक्स पर एक नई पोस्ट साझा की, जिसमें उन्होंने अपनी एक तस्वीर के साथ नेमरा की धरती को नमन किया. उन्होंने लिखा कि नेमरा की यह क्रांतिकारी और वीर भूमि, दादाजी की शहादत और बाबा के अथाह संघर्ष की गवाह है. यहां के जंगलों, नालों-नदियों और पहाड़ों ने क्रांति की उस हर गूंज को सुना है और हर कदम व हर बलिदान को संजोकर रखा है. नेमरा की इस क्रांतिकारी भूमि को शत-शत नमन करता हूं. सीएम ने पोस्ट के अंत में वीर शहीद सोना सोबरन मांझी अमर रहें और झारखंड राज्य निर्माता वीर दिशोम गुरु शिबू सोरेन अमर रहें लिखा है. दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने आदिवासी अधिकारों और झारखंड राज्य निर्माण के लिए लंबा संघर्ष किया है. शिबू सोरेन का जाना न सिर्फ एक परिवार की व्यक्तिगत क्षति है, बल्कि एक युग का अंत भी है.*

### राज्यपाल नेमरा पहुंचे, दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की



**झारखंड** के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि देने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार गुरुवार 7 अगस्त को उनके पैतृक गांव नेमरा गये. राज्यपाल ने रामगढ़ जिले के नेमरा गांव में दिवंगत शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी और शोक-संतप्त परिजनों से भेंटकर अपनी संवेदना प्रकट की. राज्यपाल ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री और शिबू सोरेन के पुत्र हेमंत सोरेन एवं उनके परिवार के अन्य सदस्यों को ढाढ़स बंधाया. उन्होंने गांव के लोगों से भी मुलाकात की. उनसे कहा कि शिबू सोरेन के निधन से वे भी दुखी हैं.

### गवर्नर ने शिबू सोरेन के निधन को अपूरणीय क्षति बताया

झारखंड के गवर्नर ने कहा कि दिशोम गुरु का निधन सामाजिक एवं राजनीतिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है. उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोकाकुल परिवार को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना की.

## पीएम मोदी ने कहा- किसानों और पशुपालकों के हितों से समझौता नहीं

### टैरिफ का जिक्र किए बिना कहा- इसकी कीमत चुकानी होगी; अमेरिका इन सेक्टर में एंट्री चाहता है

**नई दिल्ली**ः पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अमेरिकी टैरिफ का जिक्र किए बिना कहा कि हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारत अपने किसानों, पशुपालकों और मछुआरे भाई-बहनों के हितों के साथ कभी भी समझौता नहीं करेगा। पीएम मोदी ने गुरुवार को दिल्ली में एमएस स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा- 'मैं जानता हूं कि व्यक्तिगत रूप से मुझे बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी, लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं।' पीएम मोदी का यह बयान अमेरिका के भारत पर 50% टैरिफ के ऐलान के एक दिन बाद आया। दरअसल अमेरिका भारत के एग्रीकल्चर और डेयरी सेक्टर में अपनी शर्तों के साथ एंट्री चाहता है। कई दौरों की मीटिंग के बाद भारत इस पर तैयार नहीं है। भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामानों पर आज, यानी 7 अगस्त से 25% टैरिफ लगेगा। वहीं 25% एक्स्ट्रा टैरिफ 27 अगस्त से लागू होगा। इससे भारतीय सामान अमेरिकी बाजार में महंगे हो जाएंगे। उनकी मांग कम हो सकती है। वहां के इंपोर्टर्स अन्य देशों से सामान मंगा सकते हैं।

### एग्रीकल्चर और डेयरी सेक्टर पर मतभेद, 5 पॉइंट

- अमेरिका चाहता है कि उसकी डेयरी प्रोडक्ट्स (जैसे दूध, पनीर, घी आदि) को भारत में आयात की अनुमति मिले। अमेरिकी कंपनियां दावा करती हैं कि उनका दूध स्वच्छ और गुणवत्ता वाला है और भारतीय बाजार में सस्ता भी पड़ सकता है।
- भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और इस सेक्टर में करोड़ों छोटे किसान लगे हुए हैं। भारत सरकार को डर है कि अगर अमेरिकी डेयरी उत्पाद भारत में आएंगे, तो वे स्थानीय किसानों को भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं।
- भारत में ज्यादातर लोग शुद्ध शाकाहारी दूध उत्पाद चाहते हैं, जबकि अमेरिका में कुछ डेयरी उत्पादों में जानवरों की हड्डियों से बने एंजाइम (जैसे रैनेट) का इस्तेमाल होता है। भारत की शर्त है कि ये शाकाहारी हो।
- इसके साथ ही अमेरिका चाहता है कि गेहूं, चावल, सोयाबीन, मक्का और फलों जैसे सेब, अंगूर आदि को भारत के बाजार में कम टैक्स पर बेचा जा सके। वह चाहता है कि भारत अपनी इम्पोर्ट ड्यूटी को कम करे।



**मोदी की स्पीच की 3 बड़ी बातें, कहा- हमने किसानों को आत्मबल दिया**

स्वामीनाथन ने देश की खाद्य सुरक्षा को जीवन का ध्येय बनायाः कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जिनका योगदान किसी एक युग या किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं होता। प्रो एमएस स्वामीनाथन ऐसे ही एक महान वैज्ञानिक थे। उन्होंने विज्ञान को जनसेवा का माध्यम बनाया। स्वामीनाथन ने देश की खाद्य सुरक्षा को अपने जीवन का ध्येय बनाया। उन्होंने एक ऐसी चेतना जागृत की जो आने वाली अनेक शताब्दियों तक भारत की नीतियों और प्राथमिकताओं का मार्गदर्शन करती रहेगी।

स्वामीनाथन ने मार्गदर्शन कियाः स्वामीनाथन के साथ मेरा जुड़ाव कई सालों पुराना है। बहुत से लोग गुजरात की पुरानी परिस्थितियों से परिचित हैं। पहले सूखे और चक्रवातों के कारण कृषि को काफी संकट का सामना करना पड़ता था और कच्छ में रेगिस्तान का विस्तार हो रहा था। जब मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था, तब हमने मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर काम शुरू किया था। प्रो. स्वामीनाथन ने इसमें काफी रुचि दिखाई, उन्होंने खुलकर हमें सुझाव दिए और हमारा मार्गदर्शन किया। उनके योगदान के कारण, इस पहल को जबरदस्त सफलता मिली।'

## संक्षिप्त खबरें

### सीआरपीएफ की गाड़ी फिसलकर 200 फीट गहरी खाई में गिरीः 3 की मौत, 5 गंभीर

#### 21 जवान सवार थे, जम्मू के उधमपुर में हादसा



**जम्मू-कश्मीर**ः जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में गुरुवार सुबह 10:30 बजे सीआरपीएफ जवानों की बंकर गाड़ी 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 3 जवानों की मौत हो गई, जबकि 15 अन्य घायल हो गए। प्रशासन के मुताबिक, 5 जवानों की हालत गंभीर है। सीआरपीएफ के अफसरों के अनुसार, 'गाड़ी जवानों के एक दल को ले जा रहा था, जो सड़क से फिसलकर खड़ी ढलान से नीचे खाई में जा गिरा। 3 शव घटनास्थल से बरामद किए जा चुके हैं, जबकि कई घायल जवानों को गंभीर हालत में रेस्क्यू कर पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।'

#### उपराज्यपाल घटना पर दुःख जताया

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के कार्यालय द्वारा घटना पर ट्वीट किया गया कि उधमपुर के पास एक दुर्घटना में सीआरपीएफ कर्मियों की मृत्यु से दुखी हूं। हम राष्ट्र के प्रति उनकी अनुकरणीय सेवा को कभी नहीं भूलेंगे। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। वरिष्ठ अधिकारियों को सर्वोत्तम संभव देखभाल और सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### झारखंड में 800 करोड़ के जीएसटी घोटाले में ईडी रेड

## ईडी की रांची, जमशेदपुर और कोलकाता में छापेमारी, 8 ठिकानों पर एक साथ एक्शन

**रांची**ः झारखंड में 800 करोड़ रुपए के जीएसटी घोटाले की जांच कर रही ईडी ने गुरुवार सुबह से रांची, सरायकेला और कोलकाता समेत आधा दर्जन ठिकानों पर छापेमारी की। जानकारी के अनुसार, ईडी की टीम ने झारखंड के कुल आठ स्थानों पर एक साथ कार्रवाई की है। इस दौरान रांची के पीपी कंपाउंड स्थित कृष्ण अपार्टमेंट के चौथे तल पर भी रेड डाली गई। ईडी को इस दौरान हवाला और फर्जी कंपनियों के माध्यम से किए गए लेनदेन के कई अहम दस्तावेज हाथ लगे हैं।

वहीं जमशेदपुर में स्क्रैप कारोबारी ज्ञानचंद जायसवाल उर्फ बबलू जायसवाल के ठिकानों पर टीम पहुंची। इससे पूर्व भी ज्ञानचंद जायसवाल को ईडी ने इस मामले में जेल भेजा था। यह दूसरे दौर की कार्रवाई है। जमशेदपुर में सर्किट हाउस एरिया, बिष्टुपुर, जुगसलाई आदित्यपुर समेत अन्य स्थानों पर छापेमारी चल रही है।



### झरिया और धनबाद में भी छापेमारी

रांची, जमशेदपुर के साथ-साथ ईडी ने झरिया और धनबाद में भी दबिश दी है। रांची से आई ईडी की विशेष टीम ने झरिया थाना क्षेत्र के चार नंबर मेन रोड स्थित जगदंबा फर्नीचर दुकान और धनबाद के 'आपनो घर' सोसाइटी स्थित आवास पर एक साथ दबिश दी। ईडी की यह कार्रवाई व्यवसायी अमित अग्रवाल उर्फ चीनू अग्रवाल के खिलाफ चल रही आर्थिक अनियमितताओं और लगभग 200 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी के गंभीर आरोपों की जांच के तहत की गई है। छापेमारी के दौरान ईडी अधिकारियों ने वित्तीय दस्तावेज, बैंक ट्रांजैक्शन से जुड़े रिकॉर्ड, संपत्ति से संबंधित कागजात और कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त किए।

### पहले भी जब्त हो चुके हैं 60 लाख, चार आरोपी जेल में बंद

इस जीएसटी घोटाले के तहत ईडी अब तक चार आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें कोलकाता के कारोबारी शिवकुमार देवड़ा, अमित गुप्ता, मोहित देवड़ा और जमशेदपुर के जुगसलाई निवासी विक्की भालोटिया शामिल हैं। इन सभी आरोपितों को रिमांड पर लेकर ईडी ने पहले ही गहन पूछताछ की थी। जांच के दौरान आरोपितों की कागजी कंपनियों से जुड़े 10 बैंक खातों से 60 लाख रुपए जब्त किए गए थे। फिलहाल चारों आरोपी रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में न्यायिक हिरासत में बंद हैं।

### हवाला नेटवर्क और जीएसटी फ्रॉड की परतें उधेड़ रही ईडी

जानकारी के मुताबिक ईडी की टीम ने पहले किए पूछताछ में मिले इनपुट के आधार पर एक बार फिर से बड़ी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार, रांची, जमशेदपुर, कोलकाता और मुंबई में हवाला और फर्जी जीएसटी बिलिंग से जुड़े नेटवर्क की परतें खुलने लगी हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि बड़े पैमाने पर फर्जी कंपनियों के माध्यम से इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का गलत लाभ उठाया गया, जिससे सरकार को भारी राजस्व का नुकसान हुआ।

## डायन-बिसाही के आरोप में 3 महिलाओं ने एक महिला की गला रेतकर कर दी हत्या

पूर्वी सिंहभूम जिले के बोड़ाम में 3 महिलाओं ने मिलकर एक बुजुर्ग महिला की दाउली से काटकर हत्या कर दी. मामला डायन-बिसाही का बताया जा रहा है. घटना जमशेदपुर से 22 किलोमीटर दूर बोड़ाम थाना क्षेत्र के धोबनी जंगल में हुई. पुलिस ने मंगलवार की शाम भावी सिंह (60) का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था. बुधवार को मृतक के मंझले बेटे सुधीर सिंह के लिखित बयान पर बोड़ाम थाना प्रभारी मनोरंजन कुमार ने हत्या का मामला दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है.

### पुलिस ने हत्या की आरोपी महिलाओं को किया गिरफ्तार

पुलिस की छानबीन में पता चला कि धोबनी गांव का टोला बड़दोहो निवासी उलासी सिंह (48), रबनी सिंह (40) और सोमबारी सिंह (32) ने मिलकर सोमवार सुबह घर से पीछा करते हुए धोबनी जंगल में दाउली से गर्दन काटकर हत्या कर दी. पुलिस ने तीनों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया है. हत्या में इस्तेमाल दाउली को भी जब्त कर लिया गया है.



**डायन-बिसाही का आरोप लगाकर भावी सिंह को माराः** पुलिस की पूछताछ में महिलाओं ने पुलिस को बताया कि उलासी सिंह के पति बलराम सिंह पिछले कई दिनों से लगातार बीमार हैं. बीमारी ठीक नहीं होने के कारण बुजुर्ग महिला भावी सिंह को डायन-बिसाही और भूत-प्रेत का आरोप लगाते हुए उनकी हत्या कर दी. सोमवार को मृतका भावी सिंह विधवा पेंशन की राशि निकालने के लिए जंगल के रास्ते कुइयानी पंचायत भवन जा रही थी. रास्ते में ही जंगल में घेरकर तीनों ने महिला की गर्दन काटकर हत्या कर दी. इसके बाद वहां से फरार हो गयीं.

## बोकारो तेतुलिया लैंड स्कैमः पुनीत अग्रवाल को बेल देने से सीआईडी कोर्ट का इनकार

रांचीः बोकारो जिला के तेतुलिया मौजा स्थित करीब 100 एकड़ से अधिक वन भूमि की अवैध खरीद-बिक्री के आरोपी राजवीर कंस्ट्रक्शन के मालिक पुनीत अग्रवाल की जमानत याचिका पर सीआईडी की विशेष अदालत ने फैसला सुना दिया है. गुरुवार को कोर्ट ने पुनीत अग्रवाल को जमानत देने से इनकार करते हुए उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी है. वहीं इसी केस के दो अन्य आरोपियों वीर अग्रवाल और विमल अग्रवाल की अग्रिम जमानत याचिका पर अगली सुनवाई के लिए 12 अगस्त की तारीख निर्धारित की गई है. पुनीत अग्रवाल को सीआईडी ने पिछले महीने गिरफ्तार किया था.

पुनीत, वीर अग्रवाल और विमल अग्रवाल पर आरोप है कि राजवीर कंस्ट्रक्शन कंपनी के माध्यम से तेतुलिया मौजा के उस वनभूमि के लिए उमायुष कंपनी को तीन करोड़ चालीस लाख रुपए उक्त जमीन के एवज में भुगतान किया था.

## धराली त्रासदी- 5 की मौत; एक ऑफिसर, 8 जवान लापताः धराली से 70, हर्षिल से 190 और गंगोत्री से 274 लोगों का रेस्क्यू

**देहरादून**ः उत्तराखंड के धराली में हुए हादसे में अब तक 5 मौतों की पुष्टि हो चुकी है। 70 लोगों का रेस्क्यू किया गया है। प्रशासन के हवाले से सेना ने बताया कि 50 से ज्यादा लोग लापता हैं। एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर और 8 जवान लापता हैं। वहीं, आर्मी के 9 जवानों और 3 सिविलियंस को हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू कर देहरादून लाया गया। गंभीर रूप से घायल 5 लोगों को एम्स ऋषिकेश, 9 लोगों को उत्तरकाशी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

आपदा प्रबंधन सचिव ने बताया कि गंगोत्री और आसपास के क्षेत्रों में करीब 400 लोग फंसे हैं। वहां से अब तक 274 लोगों को हर्षिल लाया गया है। सभी को हर्षिल से उत्तरकाशी और देहरादून लाने का काम जारी है। हर्षिल से अब तक 190 लोगों को आईटीबीपी मातली शिफ्ट किया जा चुका है। राज्य सरकार, जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन विभाग, आईटीबीपी, एनडीआरएफ और अन्य एजेंसियां रेस्क्यू व राहत कार्यों में जुटी हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।



दरअसल, उत्तरकाशी जिले के धराली में मंगलवार 5 अगस्त को दोपहर 1.45 बजे बादल फट गया था। गंगोत्री के पहाड़ों से बहने वाली खीर गंगा नदी में बाढ़ आ गई। तेज रफ्तार पानी के साथ आए मलबे ने 34 सेकेंड में धराली गांव को जमींदोज कर दिया था।

### बीआरओ कर्मचारी ने बताया- 20-40 घर अभी भी दबे

बीआरओ कर्मचारी अमित कुमार ने बताया कि ऑपरेशन में चार मशीनें काम कर रही हैं। कम से कम 20-40 घर अभी भी दबे हुए हैं और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हैं। अब तक कुल पाँच शव बरामद किए गए हैं।

बीआरओ के डायरेक्टर जनरल लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन ने बताया कि उत्तरकाशी से धराली की दूरी 96 किलोमीटर हैं और इस रास्ते में चार बड़े लैंड स्लाइड पॉइंट हैं। इस रास्ते में बना एक ब्रिज भी टूट गया है। ब्रिज को एक दिन में दोबारा शुरू करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि हर्षिल से धराली जाने वाली सड़क पानी में डूबी हुई है। अगले तीन दिनों में हर्षिल तक सड़क तैयार कर ली जाएगी। बीते दो दिनों से बीआरओ के कर्मचारी और मशीनरी सिस्टम से सड़कों को ठीक किया जा रहा है।

## एसआईआर मसौदे पर राजनीतिक दल द्वारा एक भी दावा या आपत्ति प्रस्तुत नहीं

### -मतदाताओं से सीधे 5,015 दावे और आपत्तियाँ मिली

### -भारत निर्वाचन आयोग ने दिया बयान

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने कहा कि बिहार मतदाता सूची के मसौदे के संबंध में किसी भी राजनीतिक दल द्वारा एक भी दावा या आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गई है। चुनाव आयोग ने दो टूक कहा कि बिहार की अंतिम मतदाता सूची में किसी भी पात्र मतदाता को न छोड़ा जाएगा और न ही किसी अपात्र मतदाता को शामिल किया जाएगा। चुनाव आयोग ने 1 अगस्त को प्रकाशित बिहार की मतदाता सूची के मसौदे में किसी भी त्रुटि को सुधारने के लिए दावे और आपत्तियाँ प्रस्तुत करने की अपील की है।

हालांकि, बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चुनाव आयोग ने कहा कि उन्हें आज तक मसौदा सूची के संबंध में मतदाताओं से सीधे 5,015 दावे और आपत्तियाँ मिली हैं। 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के नए मतदाताओं से मिले फॉर्म 27,517 हैं। नियमों के अनुसार, दावों और आपत्तियों का निपटारा संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/ सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ/एईआरओ) द्वारा 7 दिनों की समाप्ति के बाद किया जाना है।

एसआईआर के आदेश के अनुसार, 1 अगस्त को प्रकाशित मसौदा सूची से किसी भी नाम को ईआरओ/एईआरओ द्वारा जांच करने और निष्पक्ष और उचित मौका दिए जाने के बाद स्पष्ट आदेश पारित किए बिना नहीं हटाया जा सकता है। बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) ने राजनीतिक विवाद को जन्म दे दिया है। विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक ने आरोप लगाया है कि पुनरीक्षण प्रक्रिया से बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए जा सकते हैं। वे इस साल के मानसून सत्र की शुरुआत से ही बिहार एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर संसद में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) की नई अर्जी पर 9 अगस्त तक जवाब दाखिल करने को कहा, जिसमें एसआईआर अभियान के बाद बिहार की मसौदा मतदाता सूची में शामिल नहीं किए गए 65 लाख मतदाताओं के आंकड़ों का खुलासा करने की मांग की गई है।

## संक्षिप्त खबरें...

### हाथियों का आतंक जारी, कई घरों को तोड़ अनाज और फसल को किया बर्बाद, मुआवजे की मांग



बड़कागांव(हज़ारीबाग)। बड़कागांव महुगाई कला पंचायत के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र बलोदर में रात्रि लगभग 12 बजे अचानक 26 की संख्या में हाथियों के झुंड ने रविंदर महतो के घर पर हमला कर दिया। जैसे तैसे रविंदर महतो अपने परिजनों को लेकर घर से भाग कर जान बचाया। पहले भी कई बार हाथी रविंदर महतो के घर को क्षतिग्रस्त कर चुके हैं। हाथियों ने रविंदर महतो के घर को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है। घर में रखे 2 क्यूंटल प्याज, 1.5 क्यूंटल आलू, 50 किलो लहसन 50, 2 क्यूंटल गेहूं, 4 क्यूंटल चावल को हाथी चट कर गए। हाथियों के हमले में चार मुर्गी भी मर गए। डेढ़ एकड़ में लगे धान के फसल को भी हाथियों ने रौंद दिया। रविंदर महतो और उनकी पत्नी ने वन विभाग और प्रखंड प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।वन विभाग द्वारा हाथियों को बड़कागांव वन क्षेत्र से बाहर भगाने का ठोस कदम उठाने की जरूरत है। अभी भी हाथी बालोदर और कुरलुंगवा गांव के बीच पहाड़ पर मौजूद हैं।ग्रामीण हाथियों की उपस्थिति से काफी भयभीत हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से अपील किया के जल्द से जल्द हाथियों के क्षेत्र से बाहर भगाया जाए।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर बरकट्ठा में झंडोत्तोलन की समय सारणी निर्धारित

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में झंडोत्तोलन की समय सारणी निर्धारित कर दिया गया है।इसकी जानकारी बीडीओ रोशमा डुंगडुंग ने दी। बरकट्ठा प्रखंड मुख्यालय परिसर में झंडोत्तोलन सुबह 8.30 बजे, बरकट्ठा थाना में 9 बजे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 9.15, गोरहर थाना में 9.45 तथा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में 10.15 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा।

### बुढ़वा महादेव मुख्य प्राचीन शिव मंदिर निर्माण का किया गया भूमि पूजन, सैकड़ों ग्रामीण हुए शामिल



बड़कागांव(हज़ारीबाग)। बड़कागांव बुढ़वा महादेव परिसर अंतर्गत मुख्य प्राचीन शिव मंदिर की भव्य निर्माण को लेकर कांडतरी ग्राम अध्यक्ष योगेंद्र महतो, जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, उपप्रमुख वचनदेव कुमार, प्रभारी मुखिया राजदेव महतो, बुढ़वा महादेव सेवा समिति करणपुरा क्षेत्र के अध्यक्ष सुरेश महतो, सचिव प्रेमचंद महतो, कोषाध्यक्ष संजय महतो एवं अन्य गणमान्य ग्रामीणों की उपस्थिति में ढोल नगाड़े के साथ भूमि पूजन किया गया।मंदिर निर्माण के लिए ध्वजारोहण किया गया। मंदिर का निर्माण द्रविड़ शैली में किया जाएगा। बता दें कि भूमि पूजन में कांडतरी ग्राम से हर घर के सदस्य शामिल हुए। साथ ही पड़रिया के दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थें। भूमि पूजन में पांच मुख्य पुजारी अपनी पत्नियों के साथ बैठें जिनमें मुख्य रूप से बालकिशुन महतो, त्रिभुवन महतो, सिद्धेश्वर महतो, चंद्रशेखर महतो, आलोक राम व अन्य पुजारी कमलनाथ महतो, भोला महतो, प्रभुदयाल ठाकुर, सरजू महतो, हेमराज महतो हैं।मौके पर मुख्य रूप से सिरमा पंचायत के उप मुखिया मनोज कुमार, अजीत महतो, संजय महतो, मनोज ठाकुर, इंद्र भूषण, शिक्षक प्रकाश कुमार, स्वरूप नारायण महतो, रविकांत कुमार, शिबू कुमार, तिलेश्वर महतो, चितरंजन कुमार, राथो महतो, पुरोहित ईश्वरी पांडे, युवा ग्राम अध्यक्ष प्रभाकर कुमार निराला, रंजन कुमार, लक्ष्मण कुमार, रूपेश कुमार के अलावा सैकड़ो लोग उपस्थित थें।

### नापो खुर्द में दुर्गा पूजा की बैठक 10 अगस्त को



बड़कागांव(हज़ारीबाग)।नापोखुर्द गांव में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक की जाएगी। बैठक को लेकर कुंज बिहारी साव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि 10 अगस्त को 11:00 सुबह ग्रामीणों की विशेष बैठक होगी जिसमें अश्वनी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया जाएगा। वही कुंज बिहारी ने विशेष रूप से मुखिया गणेश साव, पंचायत समिति सदस्य गणेश साव, दिनेश साहू ,गणेश प्रसाद गुप्ता ,हीरा साव के अलावा प्रबुद्ध लोगों से बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### ताजपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ने खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल का किया वितरण, बढ़ाया उत्साह



कोयलांचल संवाद संवाददाता

चौपारण(हजारीबाग) ताजपुर पंचायत में खेल को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल के तहत पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अभिमन्यु प्रसाद भगत ने स्थानीय खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल का वितरण किया।इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा,ताजपुर के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। मैं इन सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ और आशा करता हूँ कि ये आगे चलकर पंचायत, प्रखंड और जिले का नाम रोशन करेंगे।फुटबॉल वितरण कार्यक्रम में युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने मुखिया प्रतिनिधि का सराहना की।

### रबदी पुल के पास मिला अज्ञात महिला का शव

लातेहार : जिले के छिपादोहर थाना क्षेत्र के केड़ ग्राम के औरंगा नदी रबदी पुल के पास एक अज्ञात वृद्ध महिला का शव बरामद किया. समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्तु नहीं हो पायी थी. मामले की जानकारी होने पर वहां लोगों की भीड़ जुट गयी. गुरूवार की सुबह जब ग्रामीण नदी की ओर गये तो उन्होंनने शव को वहां देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी.

## फाइलेरिया उन्मूलन हेतु हजारीबाग में घर-घर जाकर खिलाई जाएगी दवा, 10 से 25 अगस्त तक चलेगा दवा सेवन अभियान




हज़ारीबाग। हज़ारीबाग राष्ट्रीय फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम के तहत हजारीबाग जिले में आगामी 10 से 25 अगस्त 2025 तक एमडीए-आइडिए (MDA-IDA) कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस दौरान घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जाएगी, ताकि जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सके।सिविल सर्जन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता की अध्यक्षता डॉ. अशोक कुमार (सिविल सर्जन) ने की। कार्यक्रम के दौरान जिला बीबीडी पदाधिकारी डॉ. कपिलमुनि प्रसाद ने बताया कि फाइलेरिया एक लाइलाज लेकिन रोके जाने योग्य बीमारी है। इससे बचाव के लिए साल में एक बार डीईसी, आइवरमेक्टिन एवं एल्बेंडाजोल टैबलेट की एकल खुराक लेना आवश्यक है। ये दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं और निःशुल्क दी जा रही हैं।मौके पर उपस्थित राज्य स्तरीय आईएचसी/बीसीसी सलाहकार श्रीमती नीलम कुमार ने कहा कि दवा सेवन जरूरी है। यदि दवा खाने के बाद हल्का प्रतिकूल प्रभाव (जैसे सिर दर्द, उल्टी) हो, तो यह संकेत है कि शरीर में माइक्रोफाइलेरिया मौजूद था और दवा असर कर रही है।डब्ल्यूएचओ के राज्य प्रतिनिधि डॉ. अभिषेक पॉल ने कहा कि सरकार द्वारा दी जा रही दवाएं पूरी तरह सुरक्षित एवं मानकों के अनुरूप हैं। उन्होंने अभियान की सफलता के लिए जन सहयोग की अपील की।सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने जिलेवासियों से अपील की कि सभी लोग दवा जरूर खाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि हजारीबाग को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सके।

## केंद्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री से मिले सांसद मनीष जायसवाल, हजारीबाग शहरी क्षेत्र के विकास पर की महत्वपूर्ण चर्चा



हज़ारीबाग। हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने गुरुवार को केंद्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू से दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से जुड़े शहरी विकास के कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से उनसे चर्चा की। सांसद मनीष जायसवाल ने केंद्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू से हजारीबाग में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की गति बढ़ाने की आवश्यकता पर इस योजना को तेज करने का आग्रह किया, ताकि हजारीबाग के पात्र लाभार्थियों को जल्द से जल्द आवास मिल सकें।सांसद मनीष जायसवाल ने शहरी क्षेत्रों की जल निकासी की गंभीर समस्या की ओर भी मंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि शिवपुरी-रामनगर-खिरगांव और आनंद चौक से खिरगांव तक बहने वाले नालों के पक्कीकरण और उचित जल निकासी व्यवस्था की तत्काल आवश्यकता है। सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि इन नालों का पक्कीकरण होने से शहरी क्षेत्रों में जलजमाव, गंदगी और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से काफी हद तक राहत मिलेगी।

## हजारीबाग में हरियाली लाने का संकल्प अब 60,000 पौधों तक पहुँचा - प्रदीप प्रसाद



हज़ारीबाग। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रभावी कदम के रूप में विधायक प्रदीप प्रसाद के नेतृत्व में चल रही पौधा वितरण मुहिम के तहत सदर प्रखंड के डेमोटांड में पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के नागरिकों को कुल 3,000 पौधे वितरित किया गया।विश्व पर्यावरण दिवस से प्रारंभ हुई इस पहल के तहत अब तक हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र में कुल 60,000 पौधों का वितरण किया जा चुका है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हरित वातावरण को प्रोत्साहित करना और लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।विधायक प्रदीप प्रसाद ने अभियान की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा की, यह पौधारोपण सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक संकल्प है आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण छोड़ने का। समाज के हर वर्ग से आग्रह है कि वे इस मुहिम से जुड़ें और कम-से-कम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और आने वाले दिनों में इसे और तेज़ी से आगे बढ़ाया जाएगा।

## साउथ प्वाइंट स्कूल पटमदा में अग्नि सुरक्षा और आपदा प्रबंधन की मॉक ड्रिल




जमशेदपुर । साउथ प्वाइंट स्कूल , पटमदा में विद्यार्थियों और शिक्षकों को अग्नि सुरक्षा और आपदा प्रबंधन की जानकारी देने के लिए गुरुवार ,07 अगस्त 2025 को झारखंड अग्निशमन मानगो विभाग से संजय कुमार सिंह और दिलीप कुमार साहू द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास के दौरान छात्रों और शिक्षकों को घर में रखे गैस सिलेंडर में आग लगने पर किस तरह से काबू पाया जाए , इसकी जानकारी दी गई। साथ ही ऊँचे भवन, माल इत्यादि में भी अगर आग लग गया हो तो आग से सुरक्षित कैसे निकलने, प्राथमिक सुरक्षा उपाय अपनाने और अग्निशमन यंत्रों के सही प्रयोग की विस्तृत जानकारी दी गयी । मॉक ड्रिल का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर सुरक्षा के प्रति सजगता बढ़ाना और बच्चों में आपदा के प्रति व्यावहारिक समझ विकसित करना था। आग लगने की स्थिति में अपनाये जाने वाले "ड्रॉप, रोल एंड कवर", सुरक्षित निकासी मार्ग और अग्निशमन यंत्रों के प्रयोग का प्रदर्शन भी किया गया। अग्निशमन दस्ता के सदस्यों ने सबसे पहले कागज की ढेर में आग लगाकर कार्बन डाइऑक्साइड से बुझा कर दिखाया। इसके बाद सिलेंडर से निकले गैस में लगी आग पर नियंत्रण पाने के लिए पानी से भीगे हुए कपड़े को गैस सिलेंडर पर लगा आग बुझाकर दिखाया। बच्चों को आग बुझाने का अभ्यास भी करवाया गया। छात्राओं को आग लगने के कारण जानमाल की हानि को रोकने और अपने साथ अन्य लोगों को सुरक्षित रखने के प्रशिक्षण भी दिया गया। मौके पर विधालय के प्राचार्य अरुण कुमार सिंह मौजूद थे । प्राचार्य ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आपने समय निकालकर हमारे बच्चों को जो भी आग से बचने का प्रशिक्षण दिया वो सचमुच सराहनीय और सार्थक है।

### सावन पूर्णिमा एवं रक्षाबंधन पर महावर बाबा प्रांगण में श्रावणी मेला को लेकर हुई बैठक

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)।
बरकट्ठा प्रखंड के ग्राम धरहरा में सावन पूर्णिमा एवं रक्षाबंधन पर महावर बाबा प्रांगण में श्रावणी मेला को लेकर बैठक हुई।अध्यक्षता राजीव भूषण ने की संचालन शंकर प्रसाद ने किया।बैठक में मेला आयोजन समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, उपाध्यक्ष सुनील प्रसाद, सचिव राजू छोटे, उप सचिव संतोष प्रसाद छोटे, कोषाध्यक्ष अजय प्रसाद, उप कोषाध्यक्ष लालमणि प्रसाद का चयन किया गया।बैठक में तय किया गया कि पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रावणी मेले का संचालन महावर युवा वाहिनी के द्वारा किया जाएगा। मेला आने वाले श्रद्धालुओं के लिए नींबू, चीनी, पानी का शरबत का वितरण किया जाएगा. साथ ही यह निर्णय लिया गया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूजा का कार्य संचालन भी इसी गठित समिति के द्वारा किया जाएगा. बैठक में महावर युवा वाहिनी के अध्यक्ष सुशील कुमार हितैषी, रामलखन पंडित, विजय साव, दुगीलाल प्रसाद, मुकेश, बिनोद, विकास, बबलू, मनोज, अनिल, अरुण, रामजी, राजू सत्यम, सूरज, सागर, मुन्नालाल, रामचंद्र, सन्नी समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे ।

### 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन संपन्न,विधायक व गोरहर थाना प्रभारी हुए शामिल



बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम शिलाड़ीह स्थित काली मंदिर परिसर और लगनवां देवी मंदिर परिसर में 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन संपन्न हो गया। दोनों स्थानों पर बुधवार की दोपहर 12 बजे से प्रारंभ हुआ अखंड हरी कीर्तन गुरुवार दोपहर 12 बजे तक चला। पुजारी अर्जुन पांडेय ने पूजा अर्चना किया। श्रद्धालुओं के द्वारा हरे रामा, हरे कृष्णा भजन में पूरा इलाका भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, गोरहर थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह शामिल हुए। विधायक ने मां काली से क्षेत्र वासियों के लिए अमन चयन की आशिर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अखंड हरी कीर्तन करने से क्षेत्र में सुख, समृद्धि एवं शांति बनी रहती है तथा कृषि कार्य भी अच्छा होता है. मौके पर समाजसेवी सुनील पांडेय, विहिप प्रखंड प्रमुख मुकेश पांडेय, वीहीप पंचायत अध्यक्ष शिवलाल यादव, श्याम सिंह, भूषण सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार गिरी, राम बच्चन पांडेय, सुरजदेव प्रजापति, वार्ड सदस्य प्रदीप पांडेय, कृष्ण जय पांडेय, मंटू पांडेय,पवन पांडेय,राजन चौधरी ,टिंकू मंडल, केशव लाल प्रजापति, लखन मंडल, मुकेश पांडेय, रामेश्वर राम, खुब लाल पंडित, संतोष मंडल, रजनीकांत पांडेय, सरवन गिरी, बसंत शर्मा समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा में शामिल हुए।

### नप मुख्यालय में बालाजी ऐसी मेंस पार्लर के नये प्रतिष्ठान का हुआ शुभारंभ,थाना प्रभारी ने फीता काटकर किया उद्घाटन



संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय स्थित मेन रोड पंचमुखी मंदिर के पास बालाजी ऐसी मेंस पार्लर नामक नये प्रतिष्ठान का शुभारंभ हुआ। बालाजी ऐसी मेंस पार्लर प्रतिष्ठान का उद्घाटन विश्रामपुर थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार दुबे व सामाजिक कार्यकर्ता राजन पांडेय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार दुबे ने कहा की छोटे जगह पर इतने बड़े प्रतिष्ठान का खुलना यह संकेत देता है कि विश्रामपुर क्षेत्र का विकास उतरोतर गति से हो रहा है। राजन पांडेय ने कहा कि विश्रामपुर में ऐसीयुक्त पहला मेंस पार्लर है। पार्लर के संचालक राजू ठाकुर कल्लू ने बताया कि इस प्रतिष्ठान में उचित मूल्य पर फैंसी बाल कटिंग,सेविंग,फेशियल,मसाज,ब्लीच तथा दूल्हे का मेकअप किया जायेगा। मौके पर पंकज कुमार लाल,अमितेश्वर दयाल,कमेश ठाकुर,संजय ठाकुर,राजकुमार मेहता,विकास गुप्ता,राघवेंद्र कुमार,शशिकांत ठाकुर,संतोष ठाकुर,लुच्चू मालाकर सहित कई लोग मौजूद थे।

वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार भुड़ली पहाड़ पर भगवान इंद्र का हुआ विशेष पूजा-अर्चना

संवाददाता विश्रामपुर (पलामू ) : सैकडों वर्षों से चली आ रही धार्मिक परंपरा के अनुसार विश्रामपुर नप के भुड़ली पहाड़ की चोटी पर भगवान इंद्र की विशेष पूजा-अर्चना किसानों द्वारा किया गया। इस विशेष पूजा-अर्चना में दर्जन भर गांव के किसान शामिल हुये। स्थानीय लोगों में धार्मिक मान्यता है कि भगवान इंद्र के इस विशेष पूजा-अर्चना के बाद क्षेत्र में अच्छी बारिश होती है। इस विशेष धार्मिक अनुष्ठान के एक दिन पहले किसान भुड़ली पहाड़ पर जाकर भगवान इंद्र सहित कई देवी-देवताओं को जयघोष के बीच आमंत्रित करते हैं। उसके दूसरे दिन अहले सुबह से भगवान इंद्र की विशेष पूजा-अर्चना होती है। कर्मकांडी पुरोहित अच्यूतानंद पांडेय के द्वारा भगवान इंद्र की विशेष पूजा व अनुष्ठान संपन्न कराया गया। पूजा संपन्न होने के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर राजू पाण्डेय,रामजी ठाकुर,रामचंद्र भुइयां सहित कई किसान व ग्रामीण मौजूद थे।

**कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, गुमला (आई0टी0डी0ए0)**

**शुद्धी पत्र**

PR 358320 Welfare ( 25-26)_D द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा (विज्ञापन संख्या – 01/2025–26) को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

जिला कल्याण पदाधिकारी, गुमला — परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0 गुमला

PR 359068 Welfare(25-26)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी**

**अति अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना संख्या – 9 वर्ष 2025–2026**

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांकः **13.08.2025** को अपराह्ण **1.00** बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांकः **14.08.2025** को अपराह्ण **3.00** बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांकः **14.08.2025** को अपराह्ण **3.30** बजे तक।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
   2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची।
7. परिमाण विपत्र की प्राप्ति का स्थान : 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची।
   2. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
8. कार्य की विवरणी–

| क्र0 | कार्यकानाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | E/R to Colour Work for Flag Hoasting at the campus of Deputy Commissioner's Residence, Collectorate Building Campus, District court campus, PDJ Residence & Kutchahary Maidan Manch on the ocassion of 15th August 2025 at Khunti , Dist - Khunti for the Year of 2025-2026. | 2,95,000.00 | 750.00 | 5,900.00 | 1 Day |

नोट:- झारखण्ड सरकार, पथ निर्माण विभाग के संकल्प सह ज्ञापांकः 2148 (S) राँची, दिनांकः 09.09.2020 के आधार पर निविदा का निष्पादन किया जाएगा।
निविदा की शर्ते सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल, खूँटी।

PR 359132 (Building) 25-26 (D)

**OFFICE OF THE TRIBAL WELFARE COMMISSIONER,JHARKHAND,RANCHI**
**2nd Floor, Kalyan Complex, Balihar Road, Morabadi, Ranchi-834008**

**P.R. No.-357574**
**Corrigendum/Clarification**

As per Pre-Bid Conference held on 25-07-2025 regarding **Tender Published under "Jharkhand Anusuchit Janjati Sikshan Uthhan Karykram"- RFP Reference no. – 2025_WELFR_103203_1**, the following changes are issued in the RFP based on acceptable suggestions received:

**1. One year Coaching for JEE Advanced and NEET will be pursued by students who have passed Class 11th and are currently studying in Class 12th, and also for students who have passed Class 12th.**
**2. Two year Coaching for JEE Advanced and NEET will be pursued by students who have passed Class 10th and are currently studying in Class 11th.**
**3. Page 10 – Payment Terms**

| Sl . | Details (for Recurring cost) | Payable Amount |
|---|---|---|
| ii. | After Completion of **each Quarter** following Commencement of Batches for 2 year course | **12.5%** of the respective Recurring cost |

The payment of the non-recurring cost shall be done as a one-time payment to the selected bidder **within 30 days of receipt of relevant bills/vouchers along with report from Implementation Committee.**

**4. Page 47 – Annexure-4 Financial Bid Format**
II. Price-Breakup detail
RECURRING FOR ONE YEAR COURSE (JEE) / RECURRING FOR ONE YEAR COURSE (NEET) / RECURRING FOR TWO YEAR COURSE (JEE) / RECURRRING FOR TWO YEAR COURSE (NEET)

| S.N. | Component | Per Head Amt. Per Annum (exl. Of GST (in rs.) | Per Head Amt. Per Annum (incl. Of GST (in rs.) | Amt. for 75 Students Per Annum (exl. Of GST (in rs.) | Amt. for 75 Students Per Annum (incl. Of GST (in rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Coaching Fee | | | | |
| 2 | Study Material/Books | | | | |
| 3 | Stationary - Any such material as may be required during Coaching of students. | | | | |
| 4 | Welcome Kit (Bag, Uniform, Basic Supplies such as ID Card etc.) | | | | |
| Total | | | | | |

NON -RECURRING

| S.N. | Component | Per Head Amt. Per Annum (exl. Of GST (in rs.) | Per Head Amt. Per Annum (incl. Of GST (in rs.) | Amt. for 75 Students Per Annum (exl. Of GST (in rs.) | Amt. for 75 Students Per Annum (incl. Of GST (in rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Tab with E-Content for providing Technological Support(E-Test,E Material, etc) | | | | |
| 2 | Digital Infrastructure – Smart Board / Projector/ Audio-Visual system/ Power backup/ Internet setup and any such digital equipment required during Coaching of students. | | | | |
| Total | | | | | |

Sl. No. 3 : Removed

**5.In view of the above changes, the dates mentioned in Notice Inviting Tender are rescheduled as follows:**

| | |
|---|---|
| Last date and time of Online Bid Submission | 12-08-2025 till 06:00 P.M. |
| Technical Bid Opening | 14-08-2025 at 12:30 P.M. |
| Financial Bid Opening | 19-08-2025 at 03:00 P.M. |

**6.Rest of the clauses/sections/annexures in the RFP will remain as they were.**

**PR 359136 Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department(25-26).D**

**Tribal Welfare Commissioner**

## संक्षिप्त खबरें

### सेल, सीईटी ने सावन मिलन 2025 मनाया



**रांचीः** सावन की जीवंत भावना को बनाए रखते हुए, सेल, सीईटी की महिलाओं ने कल शाम इस्पात एक्जीक्यूटिव हॉस्टल, सेल सैटेलाइट टाउनशिप में पूरे उत्साह और धूमधाम से सावन मिलन मनाया। समारोह की शुरुआत गणेश वंदना के साथ हुई, जिसने शाम को एक दिव्य वातावरण प्रदान किया। इसके बाद भावपूर्ण समूह गान और जीवंत नृत्य प्रस्तुतियाँ हुईं। मानसून के स्वास्थ्यवर्धक आकर्षण को समेटे हुए, कार्यक्रम में एक हास्य नाटक और एक जीवंत फैशन वॉक भी शामिल था, जिसने आनंद, रंग और उत्सव की परतें जोड़ दीं। इस कार्यक्रम की सूत्रधार सुनीता वर्मा थीं, जिन्हें ज्योति दयाल, मृणाली दास और मोहिता खरे का कुशल सहयोग प्राप्त हुआ। इन्होने मिलकर एक शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमे सावन की गरिमा को खूबसूरती से दर्शाया। इस कार्यक्रम में सेल-सीईटी परिवार की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, क्योंकि महिलाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की एक समृद्ध श्रृंखला प्रस्तुत करने के लिए एक साथ आईं।

### मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक कोचिंग योजना 2024 से संबंधित अहम बैठक हुई



**संवाददाता रांचीः** हज हाउस कडरू रांची में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन के निर्देश पर मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक कोचिंग योजना 2024 से संबंधित अहम बैठक हुई, जिसमें आदिवासी कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी, सुन्नी वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी मुमताज अली अहमद, राज्य हज समिति के कार्यपालक पदाधिकारी आफताब अहमद शामिल हुए। बैठक में हज हाउस में अल्पसंख्यक छात्रों का का जितनी जल्दी हो सके कोचिंग शुरू करने हेतु टेंडर करने का विचार विमर्श हुआ और आदिवासी कल्याण आयुक्त श्री कुलदीप चौधरी द्वारा हज हाउस के 05वीं मंजिल का निरीक्षण भी किया गया, जिस स्थान पर कोचिंग होनी है।

### रांची के अरगोड़ा में खादी भंडार का हुआ शुभारंभ



**संवाददाता रांचीः** रांची के मुंडा कॉम्प्लेक्स, पुराना अरगोड़ा चौक, अरगोड़ा में खादी भंडार के शुभारभ का भव्य कार्यक्रम हुआ हैं। यह खादी भंडार का शुभारंभ अमरणिक खादी ग्रामोद्योग संस्था के द्वारा हुआ हैं जो खादी इंडिया, भारत सरकार से प्रमाणित हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मंत्री पेयजल व स्वच्छता उत्पाद एवम मद्य निषेध, झारखंड सरकार माननीय योगेन्द्र प्रसाद व विधायक हटिया विधानसभा रांची माननीय नवीन जयसवाल शामिल हुए। अमरणिक खादी ग्रामोद्योग संस्था के सचिव अमरदीप सिन्हा ने खादी को देश की धरोहर बताया हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, पंकज साहू, राजकुमार गुप्ता आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

### जमियतुल कुरैश चौरासी पंचायत का 9 अगस्त को



**संवाददाता रांची** : जमियतुल कुरैश चौरासी पंचायत झारखण्ड का चुनाव समिति की बैठक प्रधान कार्यालय स्थानीय कुरैशी मोहल्ला कांटा टोली रांची में को कन्वेनर गुलाम जावेद की अध्यक्षता में रखा गया जिसमें चौरासी चुनाव पर तैयारी की समीक्षा की गई तैयारी लगभग पूरी है। चौरासी पंचायत में वोट डालने झारखंड के लगभग सभी जिलों से कुरैशी समाज के लोग उपस्थित होंगे। मतदान वाई एम सी ए कांटा टोली रांची में सुबह 9:00 बजे से 3:00 बजे तक होगा और गिनती संध्या 4:00 बजे से होगा और परिणाम घोषित किया जाएगा। मतदाता सूची में जिनका नाम होगा मतदान वही लोग दे पाएंगे। चुनाव में 10 प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल किए है और चुनावी मैदान में है। परिणाम के बाद ही प्रमाण पत्र और शपथ ग्रहण समारोह वाई एम सी ए परिसर में होगी। चुनाव समिति के सदस्य में मुख्य रूप से अरशद कुरैशी, आदिल कुरैशी, मुमताज कुरैशी, फैजान कुरैशी, कैफ़ी कुरैशी, गुलाम तासीर कुरैशी, सब्बीर कुरैशी, अरशद कुरैशी, मो जावेद कुरैशी, मो वाहिद कुरैशी, मो मिन्हाज कुरैशी, मो आशिफ कुरैशी, शाहनवाज कुरैशी, सिकंदर, मो इमरान कुरैशी उपस्थित थे।

### इमारत शरिया का मुशावरती इज़लास का आयोजन



**संवाददाता रांचीः** इमरात शरिया झारखण्ड का मुशवरती इज़लास का आयोजन कॉन्फ्रेंस हॉल फातिमा अकेडमी (गर्ल्स एंड बॉयज) इटकी रांची मे आयोजित किया गया। इज़लास की शुरुआत हाफ़िज़ मो साद के तिलावते कुरान-ए-पाक से हुआ। मौलाना इमरान नदवी ने नात पाक पढ़ी। कार्यक्रम की अध्यक्षता इमारत शरिया झारखंड के अमीर ए शरीयत हजरत मुफ्ती नज़र तौहीद ने की, और संचालन रांची रंगसाज मस्जिद के खतीब हज़रत मौलाना रिजवान दानिश नदवी ने किया। हजरत मौलाना नसीम अनवर नदवी ने स्वागतीय संबोधन में कहा की झारखंड के मुसलमानों के दर्द को लेकर पूरे झारखंड के हर जिले से उलमा और बुद्धिजीवी लोग यहां जमा हुए हैं। इमारत शरिया झारखंड किस तरह से आगे काम करेगी इस पर यहां विस्तार से चर्चा की जाएगी।

# डॉ इरफान अंसारी की अगुवाई में लिए गए कई ऐतिहासिक निर्णय

## आपदा के खिलाफ सशक्त झारखंड : मंत्री



**संवाददाता रांचीः** झारखंड के आपदा प्रबंधन मंत्री इरफान अंसारी ने अपने आवास पर एक उच्चस्तरीय आपात समीक्षा बैठक आयोजित कर राज्य में हाल ही में हुई अतिवृष्टि, वज्रपात, सर्पदंश एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं के प्रभावों की विस्तृत समीक्षा की। इस बैठक में विभागीय सचिव राजेश कुमार शर्मा सहित सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

विभागीय सचिव ने एक विस्तृत प्रजेंटेशन के माध्यम से मंत्री महोदय को राज्यभर में हुई क्षति की मौजूदा स्थिति से अवगत कराया। राज्य में फसल क्षति का भी गहराई से अध्ययन हुआ, जहां रांची, गुमला, लोहरदगा और सिमडेगा जिलों में कुल 2390 हेक्टेयर भूमि पर फसलें बर्बाद हुईं।

**राहत राशि में सरकार सक्रियः** सरकार ने सभी जिलों को आपदा राहत हेतु तत्काल राशि उपलब्ध कराई है। विगत वित्तीय वर्ष में 57 करोड़ रुपये। वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक 44 करोड़ रुपये प्रदान किए जा चुके हैं।रांची और लोहरदगा से शेष जानकारियाँ मिलते ही संबंधित राशि जारी कर दी जाएगी।

वज्रपात से जानमाल की सुरक्षा हेतु एक बड़ा निर्णय लिया गया है। जामताड़ा, दुमका एवं बरहेट में विशेष सर्वेक्षण कर "Mitigation Project for Lightning Safety" की शुरुआत होगी। इस परियोजना के तहत Electrical Field Mill उपकरण लगाए जाएंगे, जिससे वज्रपात की घटना से औसतन 3 घंटे पूर्व चेतावनी लाउडस्पीकरों के माध्यम से जनता तक पहुँचेगी।

**पानी में डूबने से जानमाल की सुरक्षा हेतु ऐतिहासिक कदमः** हर जिले से 2 गोताखोरों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही प्रमुख जलप्रपातों पर लोहे की जालियां और चेन लगाकर घटनाओं की रोकथाम की जाएगी।

JSAC के सहयोग से MIS & GIS पोर्टल के निर्माण की जानकारी दी गई, जिसके माध्यम से GPS आधारित स्थान की पहचान कर पीड़ितों को सीधे खाते में डिजिटल भुगतान संभव होगा। साथ ही, मुख्यालय से आपदा राहत की मॉनिटरिंग भी अब और प्रभावी होगी।

समान मानवीय दृष्टिकोण के तहत, मंत्री अंसारी ने यह भी निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटना के मृतकों को भी अन्य आपदाओं के समान 4 लाख की मुआवजा राशि प्रदान की जाए। यह एक सशक्त, संवेदनशील और समावेशी नीति की दिशा में बड़ा कदम है।

बैठक के समापन पर मंत्री ने कहा कि, "राज्य सरकार आपदाओं को टाल नहीं सकती, परंतु उनके दुष्प्रभाव को न्यूनतम करने हेतु प्रतिबद्ध है। हम हर परिस्थिति में जनता के साथ हैं। हर महीने समग्र समीक्षा बैठक कर योजना की प्रगति का आंकलन किया जाएगा।"

## रांची विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् का जोरदार आंदोलन



**संवाददाता रांचीः** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्, रांची महानगर इकाई द्वारा गुरुवार को रांची विश्वविद्यालय में एक विशाल आंदोलन किया गया। यह आंदोलन विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही और शैक्षणिक अव्यवस्था के विरुद्ध था। छात्रों की समस्याओं को लेकर परिषद् ने निम्नलिखित तीन प्रमुख मांगों को लेकर यह आंदोलन किया-

**UG एवं PG सेमेस्टर-1 की परीक्षा में हो रही अनावश्यक देरीः** रांची विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक (UG) और स्नातकोत्तर (PG) सेमेस्टर-1 की परीक्षाएं लंबे समय से लंबित हैं, जिससे छात्रों का शैक्षणिक भविष्य प्रभावित हो रहा है। समय पर परीक्षा ना होने के कारण छात्रों में असमंजस और मानसिक तनाव की स्थिति बनी हुई है।

**सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणामों में हुई गंभीर गड़बड़ीः** हाल ही में जारी हुए सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणामों में अनेक त्रुटियाँ पाई गईं। कई योग्य छात्रों को अनुतीर्ण घोषित कर दिया गया, वहीं अनेक छात्रों के परिणाम अब तक अपलोड नहीं किए गए हैं। यह स्थिति छात्रों के भविष्य के लिए अत्यंत चिंताजनक है।

**फाइन आर्ट्स विभाग में मूलभूत सुविधाओं की भारी कमीः** फाइन आर्ट्स विभाग में लंबे समय से न तो पर्याप्त कक्षा-कक्ष उपलब्ध हैं, न ही आवश्यक उपकरण और संसाधन। विभाग में कार्यरत छात्रों को बुनियादी सुविधाओं के अभाव में अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह शैक्षणिक गुणवत्ता और छात्र कल्याण के प्रति विश्वविद्यालय की उदासीनता को दर्शाता है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने विश्वविद्यालय प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि उपरोक्त समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो परिषद् आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

## सदर अस्पताल रांची में 2.5 केजी से अधिक वजन के पैर के ट्यूमर का सफल ऑपरेशन



**संवाददाता रांचीः** सदर अस्पताल, रांची में 54 वर्षीय महिला एस देवी को पिछले 4 साल से बांए जांघ में सूजन था ,जो पिछले दो महीने में बहुत तेजी से अपने आकार में बढ़ने लगा था, मरीज दर्द एवं पैर में भारीपन से काफी परेशान थी, उनका एमआरआई एंजियोग्राफी कराया गया तो पता चला कि 30 सेमी - 21 CM इन 17 CM का एक ट्यूमर है ,जो जांघ के खून के नस से चिपकी हुई थी एवं मांसपेशियों को क्षतिग्रस्त कर चुकी थी। इसे मायोलाइपोसार्कोमा (MYOLIPOSARCOMA) कहते हैं।

फेमोरल (FEMORAL VESSEL) वेसल नामक मुख्य रक्त नालिका से चिपके रहने एवं आकार में अत्यधिक बड़ा होने के कारण यह काफी क्रिटिकल ऑपरेशन था। रांची सदर अस्पताल में सर्जन डॉ अजीत कुमार ,प्लास्टिक सर्जन डॉक्टर विवेक गोस्वामी एनेस्थेटिस्ट डॉक्टर चंदन झा की टीम ने इसका सफल ऑपरेशन किया। इस ऑपरेशन में ओटी स्टाफ नीलम ,अंकिता ,अमर ,संतोष,नेली सिस्टर ,स्नेहलता सिस्टर, सपोर्ट स्टाफ आदि का मुख्य योगदान रहा। इस सफल ऑपरेशन के लिए सिविल सर्जन डॉक्टर प्रभात कुमार एवं उपाधीक्षक डॉक्टर बिमलेश सिंह ने पूरी टीम को बधाई दी।

## उग्रवादियों की हिटलिस्ट में सुदेश : आजसू पार्टी



**संवाददाता रांचीः** आजसू पार्टी ने पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं पार्टी प्रमुख सुदेश महतो का नाम उग्रवादियों द्वारा हिटलिस्ट में रखने की उच्चस्तरीय जांच करवाने तथा उनकी सुरक्षा की नए सिरे से समीक्षा करने की मांग की है। इस बात का खुलासा होना चाहिए कि सुदेश महतो उग्रवादियों के निशाने पर क्यों हैं? पार्टी ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार सुदेश महतो की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है।

पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष द्वय प्रवीण प्रभाकर एवं हसन अंसारी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि बार बार उग्रवादियों द्वारा सुदेश महतो की हत्या की साजिश की जानकारी सामने आती रहती है, लेकिन इसके कारणों का अभी तक पुलिस द्वारा खुलासा नहीं किया गया है। इस संबंध में शीघ्र ही पार्टी नेता राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी से मिलकर ज्ञापन सौंपेंगे। प्रेस वार्ता में मीडिया संयोजक परवाज खान भी उपस्थित थे। प्रभाकर ने कहा कि दो दिन पूर्व गुमला जिले के कामडारा थाना क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ में मारे गए उग्रवादी मार्टिन केरकेट्टा ने भी सुदेश महतो को अपनी हिटलिस्ट में रखा था और हमले की फिराक में था। उसने 2023 में अनगड़ा थाना क्षेत्र में बैठक कर सुदेश महतो की हत्या की योजना बनाई थी, जिसका खुलासा पुलिस ने किया था।

हसन अंसारी ने कहा कि इससे पूर्व किसी राजनेता द्वारा सुदेश महतो की हत्या के लिए उग्रवादियों को 5 करोड़ रुपयों की सुपारी देने की बात सामने आ चुकी है। इस बात का खुलासा होना चाहिए कि बार बार किस कारण से हत्या की साजिश रची जा रही है और इस साजिश के पीछे कौन है?

प्रभाकर ने कहा कि 2005 में सिल्ली से पोगड़ा जाने के रास्ते में केन बम लगाने की साजिश सामने आई थी। 2013 में पीएलएफआई कमांडर जीदन गुड़िया द्वारा किसी राजनेता से 5 करोड़ की सुपारी ली गई थी, जिसके बाद 27 एवं 28यू जनवरी 2014 को सिल्ली प्रतिभा महोत्सव में टाइम बम लगाकर हमले का प्रयास किया गया। इसमें विफल होने पर 26 फरवरी 2014 को जोन्हा में एक विवाह समारोह में हमले की योजना बनाई गई, जिसे पुलिस और ग्रामीणों की तत्परता से विफल किया गया। बाद में खुलासा हुआ कि एक उग्रवादी देव सिंह मुंडा को साजिश के तहत आजसू में शामिल भी करवाया गया था। उन्होंने बताया कि दो दिन पूर्व मारे गए पीएलएफआई कमांडर मार्टिन केरकेट्टा ने भी सुदेश महतो की हिटलिस्ट में रखा था और 25 जनवरी 2023 को अनगड़ा थाना क्षेत्र में बैठक कर हमले की योजना बनाई थी। इसका खुलासा पुलिस छापामारी में पकड़ाए उग्रवादियों ने बाद में किया था। आजसू नेताओं ने मांग करते हुए कहा कि पूर्व मंत्री एवं पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस की भी सुरक्षा वापस ले ली गई है, जिसे तुरंत वापस किया जाए।

## दिशोम गुरू शिबू सोरेन को तृणमूल कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि




**रांचीः** लोकप्रिय नेता शिबू सोरेन का निधन 4 अगस्त 2025 को नई दिल्ली के एक अस्पताल में हो गया। उनके निधन झारखंड के लिए अपुरणिम क्षति है, जिसका भरपाई असंभव प्रतीत होता है, गुरुवार को झारखंड प्रदेश तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय, चेशामर होम रोड, बरियात कि मैं एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित होकर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा श्रद्धाञ्जलि दिया। दयानन्द प्रसाद सिंह ने उनेड प्साथ बिताने परल को याद किया। प्रदेश अध्यक्ष ने अपना वक्तव्य दिया। उक्त अवसर पर फिलमोन टोप्पो, दयानन्द प्र० सिंह, सुजय पाण्डे उदयभानु सिंह जय प्रकाशा बाई, मो० मौखिन हतारी, मोहतरमा सारा खातुन, राजेश पाण्डेय, सुद्धा साहा कि एवं काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डीएवी शिक्षा दीप स्कूल में शोकसभा



**संवाददाता रांचीः** डीएवी शिक्षा दीप स्कूल जयप्रकाशनगर में प्रिंसिपल आलोक कुमार,वाइस प्रिंसिपल सुनीता मिश्रा एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाएं कुमारी मेघा दास,रवित कुमारी,गिन्नी टेहरी, दिव्या साव,पुनम वर्मा, सीमा मिश्रा,सीमा सिंह,ललिता कुमारी, रीता सिंह एवं विद्यार्थीगण ने झारखंड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु आदरणीय शिबू सोरेन एवं प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र आजाद सिपाही के प्रधान संपादक सह संस्थापक हरिनारायण सिंह जी के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

विद्यालय के निदेशक शिवनंदन पाठक ने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा हरिनारायण सिंह पत्रकार जगत के एक स्तंभ थे साथ ही सामाजिक एवं धार्मिक व्यक्ति थे वहीं छात्र क्लब बुद्धिजीवी मंच (यूनिट,छात्र क्लब ग्रुप) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने दिशोम गुरु पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के जीवन इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा दोनों के व्यक्तित्व को हमेशा याद किया जाएगा हम उन्हें कभी नहीं भूल सकते।प्राचार्य आलोक कुमार ने कहा सामाजिक कार्यक्रम कर हमेशा उन महान विभूतियों को याद किया जाएगा।

## अखिल भारतीय हाड़ी संघर्ष मोर्चा ने दिया राजभवन के समक्ष एक दिवसीय हाड़ी अधिकार महाधरना




**संवाददाता रांचीः** रांची के राजभवन के समक्ष एक दिवसीय हाड़ी अधिकार महाधरणा का आयोजन अखिल भारतीय हाड़ी संघर्ष मोर्चा ने दिया। कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि आजादी के इतने वर्षों के बाद हाड़ी समाज अपने हक सरकार के लिए घर से बाहर निकल रहे है। आजादी के बाद से ही हाड़ी समाज के लोग शिक्षा, रोजगार आर्थिक और अपनी पहचान के लिए संघर्ष कर रहे है। 21 अनुसूचित जाति समाज में से सबसे अधिक शोषित और वंचित हाड़ी समाज के लोग है।

उन्होंने कहा कि पहले हाड़ी समाज के लोगों को सफाई कर्मचारी के रूप में सरकार नौकरी मिल जाती थी लेकिन अब सफाई के लिए आउटसोर्स कंपनी को टेंडर दे दिया जा रहा है। ऐसे में समाज के युवा बेरोजगारी का दंश भी झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज समाज एकजुट हो कर अपने 13 सूत्री मांगों के साथ सरकार तक अपनी आवाज़ पहुंचा रहे है। इस संघर्ष में वे पूरे हाड़ी समाज के साथ हैं।

मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ध्रुव हरि ने कहा कि भारत देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। इस लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत देश में रहने वाले सभी समुदाय को राजनीतिक समानता, आर्थिक समानता, सामाजिक समानता, शैक्षणिक समानता का अधिकार प्राप्त है। हमे आजाद हुए 78 वर्ष बीत चुके लेकिन हमारा हाडी समाज आज भी आजाद भारत में गुलाम नागरिक के रूप में जिंदगी गुजर-बसर कर रहे हैं और अपने संवैधानिक हक अधिकार से बेखबर असभ्य सक बत्तर जीवन जी रहे है।

## अरगोड़ा न्यू बायपास चौक पर परिचालन करने वाले ऑटो चालक मालिकों की बैठक



**संवाददाता रांचीः** अरगोड़ा न्यू बायपास चौक पर परिचालन करने वाले ऑटो चालक मालिकों की बैठक अरगोड़ा मैदान में संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने किया । बैठक में उपस्थित ऑटो चालक मालिकों ई रिक्शा चालक का कहना था की चौक चौराहा से 50 मीटर दूरी हटकर भी हम लोग ऑटो ई रिक्शा का परिचालन करते हैं फिर भी हम लोगों को यातायात प्रशासन बेवजह परेशान करता है और रांची नगर निगम द्वारा अरगोड़ा चौक से गुजरने वाले सभी ऑटो चालक मालिकों से नगर निगम का टोल टैक्स लिया जाता है परंतु नगर निगम द्वारा ऑटो चालक ई रिक्शा चालकों को कहीं भी पार्किंग के नाम पर रांची नगर निगम द्वारा जगह नहीं दिया गया है जिसके चलते चारों तरफ से आने जाने वाले ऑटो चालक को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है और पैसा नहीं देने पर ठेकेदार के आदमी गाली गलौज भी कभी-कभी मारपीट भी करता है यह सब चालक का कहना था जिस पर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने चालकों को बताया कि यातायात प्रशासन द्वारा रांची शहर में परिचालन करने वाले ऑटो चालक मालिकों ई रिक्शा चालक मालिकों के लिए कुछ निर्देश जारी किया गया है परंतु बहुत सारे ऐसे ऑटो चालक ई रिक्शा चालक मालिक है जो कि जिला प्रशासन के आदेशों को अनदेखी करते हुए अपना ऑटो ई-रिक्शा का परिचालन कर रहा है नहीं किसी चालक का पहचान आई कार्ड भी नहीं है ना ही नेम प्लेट है और बहुत सारे ऑटो चालक मालिक जो वर्दी में अपना ऑटो का परिचालन नहीं कर रहे हैं उन सब को जिला प्रशासन का आदेश को मानते हुए चौक चौराहों से 50 मीटर दूरी हटकर एक लाइन से चौक चौराहा जाम मुक्त बनाते हुए अपना ऑटो और ई-रिक्शा का परिचालन कर सकते हैं और दिनेश सोनी ने यह भी बताया कि 11 अगस्त 2025 को एक लिखित आवेदन सभी यातायात थाना में दी जाएगी और रांची नगर निगम के आयुक्त से भी मुलाकात कर चौक चौराहों पर टेंडर के नाम पर मनमानी पैसा वसूली कर रहे हैं उसकी लिखित शिकायत महासंघ के प्रतिनिधिमंडल नगर आयुक्त को दी जाएगी बैठक में अरगोड़ा मार्ग से परिचालन करने वाले ऑटो चालक के लिए एक कमेटी बनाया गया है जो इस प्रकार से है- अरगोड़ा मार्ग का संरक्षक नीलांबर प्रसाद, अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव, सचिन रामराज साहू और कोषाध्यक्ष बुधराम उरांव को मनोनीत किया गया है ताकि उसे मार्ग का कोई भी समस्या हो उसका निदान हेतु बात विचार कर सके। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी, प्रदेश संगठन मंत्री आनंद वर्मा, भोला सिंह महासंघ के कार्यकारी सदस्य एवं रांची महानगर अध्यक्ष, सुधीर प्रसाद अशरफुल अंसारी सुधीर उरांव धर्मेंद्र महतो करण कुमार सलमान अंसारी रामेश्वर नाथ नूर तेज अंसारी सूरज लोहार नसीम अंसारी सूरज मंडल गुजराति उरांव सुनील मुंडा अजय साहू मुमताज अंसारी पर्शिक बाइक राजेश दुबे नवल दास मोहम्मद अल्फाज सुनील उरांव पुरुषोत्तम गोसाई संजीत राम व अन्य ऑटो चालक मालिक उपस्थित थे।

## लायंस क्लब की नई कार्यकारिणी टीम का स्वागत



**रांचीः** लायंस क्लब समर्पण, रांची का 7वाँ इंस्टॉलेशन समारोह आज बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में Alpine Astor Green में सम्पन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर क्लब की नई कार्यकारिणी टीम का औपचारिक रूप से स्वागत किया गया, जो सेवा, नेतृत्व और समर्पण की भावना के साथ समाज के उत्थान हेतु कार्य करेगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था हम सेवा करते हैं की मूल भावना को और अधिक सशक्त करना। कार्यक्रम में अतिथि व सदस्यगण की गरिमामयी उपस्थिति ने इस समारोह को विशेष बना दिया।

Ministry of Culture
Government of India
सत्यमेव जयते

**Notice Inviting Tender**

Request for Proposal for Selection of a specialist Consultant for Content Development for the **Yuge Yugeen Bharat Museum**, New Delhi has been floated on 05 August 2025 by Ministry of Culture, Government of India.

Interested bidders may see details on **eprocure.gov.in** and **indiaculture.gov.in. Last date for bid submission is 26 August 2025.**

cbc 09101/11/0014/2526

## संक्षिप्त खबरें...

### ठाकुरगांव में क्रिकेट एकेडमी का भव्य उद्घाटन



बुढ़मू: बुढ़मू ठाकुरगांव में युवाओं के खेल कौशल को निखारने के उद्देश्य से क्रिकेट एकेडमी का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में ठाकुरगांव थाना प्रभारी सिद्धांत कुमार, विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी, इंडिया अंडर-19 के पूर्व खिलाड़ी पंकज यादव, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जाकिर हुसैन एवं सर जे.सी. एकेडमी के संयोजक एवं पूर्व क्रिकेटर अखिलेश चतुर्वेदी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एकेडमी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को उभारने की दिशा में इस प्रकार की पहल को सराहनीय बताया। विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी ने खिलाड़ियों के लिए अकादमी में किट्स एवं मैट देने की घोषणा करते हुए स्थानीय खेल प्रतिभा को निखारने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करने की बात कही। वहीं पूर्व क्रिकेटर अखिलेश चतुर्वेदी ने बताया कि एकेडमी में युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण, फिटनेस और नैतिक मूल्यों के साथ तैयार किया जाएगा। स्थानीय लोगों में इस पहल को लेकर उत्साह देखा गया और बड़ी संख्या में छात्र-युवाओं की उपस्थिति से आयोजन विशेष बन गया।

### चतरा जिला के सभी सरकारी विद्यालयों में राज्य स्तरीय "रेल परीक्षा" का हुआ सफल आयोजन



कोयलांचल संवाद संवाददाता

चतराः जिले में गुरुवार को चतरा जिला अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा संचालित 1568 सरकारी विद्यालयों में एक साथ राज्य स्तरीय "रेल परीक्षा" (विद्यार्थियों में सीखने की प्रविधि का सतत मूल्यांकन) का सफल आयोजन किया गया। इस परीक्षा का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों की नियमित शैक्षणिक प्रगति का आकलन करना तथा समयबद्ध ढंग से पाठ्यक्रम की पूर्ति सुनिश्चित करना है। कक्षा 1 से 12वीं तक के सभी विषयों की परीक्षा का आयोजन एक ही दिन में सुचारू रूप से संपन्न हुआ। परीक्षा के सफल संचालन हेतु जिला उपायुक्त, चतरा के निर्देशानुसार सभी प्रखंडों में नामित जिला स्तरीय पदाधिकारी, शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, बीआरपी, सीआरपी, एडीपीओ एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों द्वारा परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया, तथा परीक्षा प्रक्रिया की निगरानी सुनिश्चित की गई। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के कुशल समन्वय तथा शिक्षकों एवं छात्रों के सहयोग से यह परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

### पोटका मुखिया संघ ने शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि



जादूगोड़ा : पोटका मुखिया संघ की अध्यक्षा पानो सरदार की अगुवाई में जादूगोड़ा से सटे सोहदा पंचायत भवन में दिवंगत जननायक शिबू सोरेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गईं. दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई. इस मौके पर गुरु जी शिबू सोरेन के निधन को लेकर सभी की आंखें नम हो गई. मुखिया संघ की अध्यक्षा पानो सरदार ने कहा कि गुरु जी शिबू सोरेन नहीं होते तो झारखंड अलग राज्य नहीं प्राप्त होता. उनके बलिदान व संघर्ष के बल पर आदिवासियों-मूलवासियों को उनका हक झारखंड अलग राज्य के रूप में मिला. उन्होंने आगे कहा कि राज्य की जनता उनके दिखाए रास्ते पर चलेगी. उन्होंने आशा व्यक्त की कि जाने से पूर्व गुरु जी ने अपने पुत्र सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जो जिम्मेदारी सौंपी है. वह एक-एक जनता के हित में काम करेंगे. इस मौके पर मुखिया संघ की ओर से संघ की अध्यक्ष पानो सरदार, उपाध्यक्ष बाघराय सोरेन सचिव अभिषेक सरदार असित सरदार, विदेन सरदार, संगीता सरदार, सिमती सरदार, पानो सरदार, अमृत माझी, जितेश भक्त समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे.

### डीसी ने जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की समीक्षा की




लातेहार : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई ने विभिन्न विकास योजनाओं के लिए वनाधिकार अधिनियम के तहत अनापत्ति प्रमाण पत्र के प्रस्ताव तथा सामुदायिक वन पट्टा के प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया. अनुमण्डल स्तरीय वनाधिकार समिति, महुआडांड़ के द्वारा ग्राम कोरगी (बटुआटोली) पंचायत नेतरहाट के एक अनुशासित सामुदायिक वन पट्टा संबंधित प्रस्ताव पर समिति द्वारा विचार-विमर्श के उपरांत सहमति दी गई. बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन के अलावा आईटीडीए कार्यालय कर्मी उपस्थित थे.

### असामाजिक तत्वों ने फाड़ा सुवर्णवणिक समाज का बैनर, आक्रोश

रामगढ़ : सावन की अंतिम सोमवारी को लेकर सुवर्णवणिक समाज, चितरपुर शाखा द्वारा कांवर यात्रा के अवसर पर रजरप्पा मोड़ और काली मंदिर के समीप सेवा स्टॉल एवं बधाई संदेश से जुड़े बैनर लगाये गये थे. इन बैनरों में भगवान भोलेनाथ, रजरप्पा मंदिर की तस्वीरें और 'हर हर महादेव' व 'बोल बम' जैसे धार्मिक जयकारे अंकित थे. समाज के सदस्यों के अनुसार, दिनांक तीन अगस्त की देर रात लगभग दो बजे के बाद कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा काली मंदिर के समीप लगे बैनर को फाड़कर फेंक दिया गया. इस घटना से समाज के लोगों में गहरा आक्रोश है. उनका कहना है कि इससे न केवल धार्मिक भावना को ठेस पहुंची है, बल्कि सामाजिक सौहार्द भी प्रभावित हुआ है. सुवर्णवणिक समाज के अध्यक्ष गौतम चंद्र पोदार, सचिव अमित पोद्दार एवं कोषाध्यक्ष श्रीकांत पोद्दार ने गुरुवार को रजरप्पा थाना में आवेदन देकर दोषियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की मांग की है. इस संदर्भ में थाना प्रभारी कृष्णा कुमार ने उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया. आवेदन में मिहिर पोद्दार, प्रकाश दत्ता, संजय पोद्दार, ज्ञान चंद्र पोद्दार, संतोष पाल, शिवम, गोपी पोद्दार, शंकर पोद्दार, दिलीप कुमार साव, असित दत्ता, कमल साव, संतोष पोद्दार, जयंत चंद्र पोद्दार, विकास पोद्दार, गौतम पोद्दार, भरत पोद्दार, अनुज पोद्दार, गणेश पोद्दार, तापस कुमार पोद्दार सहित कई के हस्ताक्षर है.

# चतरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई अफीम माफियाओं की तोड़ी कमर

## चतरा पुलिस ने लूट के तीन आरोपियों को और अवैध अफीम के साथ तीन तस्करों को किया गिरफ्तार

कोयलांचल संवाद संवाददाता




चतराः पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने गुरुवार को अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दो अलग-अलग मामलों की जानकारी दी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, चतरा संदीप कुमार के नेतृत्व में छापेमारी दल ने वशिष्ठनगर थाना अंतर्गत पाखा नाला के पास एक बाइक के साथ तीन लोगों को पकड़ा और उनके पास से 1.076 किलोग्राम अवैध अफीम जब्त की गई। वहीं एक अन्य मारपीट एंव लूट के मामले में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सिमरिया शुभम खंडेलवाल के नेतृत्व में छापेमारी दल ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 21000/- रुपये नकद, 7 मोबाइल, एक मोटरसाइकिल और एक चाकू बरामद किया गया। एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि वशिष्ठनगर थाना कांड संख्या-50/25 दिनांक-06/08/25 धारा-17(बी)/18(सी)/28/26 एनडीपीएस एक्ट दर्ज किया गया। अभियुक्त महेंद्र कुमार यादव ग्राम कुरसाले, थाना बशिष्ठ नगर जिला चतरा, 2. दिनेश कुमार यादव ग्राम राजगुरुआ, टोला देकीकुटा, थाना सदर जिला चतरा और 3. सत्येंद्र कुमार यादव ग्राम राजगुरुआ, टोला देकीकुटा, थाना सदर, जिला चतरा को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। दूसरा मामला सदर थाना कांड संख्या-261/25, दिनांक 05.08.2025, धारा-3009(6) बी०एन० एस०के तहत दर्ज मामलों में अभियुक्त जय कुमार उर्फ जय कुमार तिवारी ग्राम देवरिया थाना सदर, जिला चतरा, 2. अमित कुमार ग्राम देवरिया थाना सदर, जिला चतरा और 3. रंजन कुमार ग्राम देवरिया थाना सदर, जिला चतरा को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों पर मारपीट करने, पैसे और मोबाइल फोन लूटने का आरोप है। वादी अर्जुन साव द्वारा 5 अगस्त को लावालौंग थाना में मारपीट और लूट से सम्बंधित चार अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया था।

## "सेल्फ स्टडी विद्यार्थी जीवन में रचनात्मक विचारों को बढ़ावा देता है" - डॉ॰ दिपाली पराशर प्राचार्या




मांडरः गुरुवार को बी॰एड॰ द्वितीय वर्ष सत्र 2023-25 के छात्र-छात्राओं को महाविद्याल के पाठ्यसहगामी क्रियाओं के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रम ''टैगोर्स थॉट'' पर सेल्फ स्टडी कोर्स के सार्टिफिकेट का वितरण महाविद्यालय की प्राचार्या द्वारा किया गया क्रार्यक्रम में प्राचार्या द्वारा छात्र-छात्राओं को संबोधित किया गया। इसके सफल संचालन हेतु महत्वपूर्ण भूमिका रिर्सोस पर्सन श्री राकेश कुमार राय की रही है जिन्होंने इस कोर्स के संचालन हेतु विद्यार्थियों कि हर संभव सहायता की तथा कोर्स में रूचि बनाए रखने के लिए उन्हें उत्साहित किए रखा। छात्र-छात्राएँ सार्टिफिकेट प्राप्त करके काफी खुश दिखें। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के आई॰क्यू॰ए॰सी॰ समन्यवक श्री मनोज कुमार गुप्ता एवं महाविद्यालय की संस्कृतिक निर्देशिका श्रीमति रिभा कुमारी एन॰एस॰एस॰ समन्यवक श्री विवेक कुमार जायसवाल सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहें।

## चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने केंद्रीय रेल मंत्री से मिल कर संसदीय क्षेत्र की रेल समस्याओं को रखा

कोयलांचल संवाद संवाददाता



चतराः चतरा लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद कालीचरण सिंह ने गुरुवार को नई दिल्ली में भारत सरकार के केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने लातेहार, चंदवा (टोरी) और रिचुगुटा रेलवे स्टेशन से जुड़ी कई महत्वपूर्ण समस्याओं को उनके समक्ष रखा। सांसद श्री सिंह ने कहा कि लातेहार, चंदवा और रिचुगुटा जैसे स्टेशन इस क्षेत्र के मुख्य और व्यस्त स्टेशन हैं, लेकिन अफसोस की बात है कि आज भी कई अहम ट्रेनों का यहां ठहराव नहीं होता। इससे गांव-घर के गरीब, किसान, मजदूर, बुजुर्ग और स्कूली-कॉलेज के छात्र-छात्राओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। राजधानी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग सांसद ने खास तौर पर 12453/54 एवं 20407/08 रांची राजधानी एक्सप्रेस का लातेहार और चंदवा (टोरी) स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि लातेहार एक महत्वपूर्ण जिला है, जहां से प्रतिदिन हजारों यात्री सफर करते हैं, लेकिन राजधानी जैसी प्रमुख ट्रेन का ठहराव न होने से लोगों को 100-150 किलोमीटर दूर जाकर ट्रेन पकड़नी पड़ती है। रिचुगुटा स्टेशन पर इन ट्रेनों के ठहराव की मांग सांसद श्री सिंह ने रिचुगुटा स्टेशन पर भी कई ट्रेनों के ठहराव की मांग की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता की सुविधा के लिए निम्नलिखित ट्रेनों का ठहराव रिचुगुटा पर अत्यंत आवश्यक है:

18635/36 रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस
18613/14 एवं 18631/32 रांची-चोपन एक्सप्रेस
13347/48 पलामू एक्सप्रेस
11447/48 शक्तिपुंज एक्सप्रेस

जनता की भावनाओं का रखा ध्यान - सांसद ने कहा कि यह सभी ट्रेनें इस इलाके से होकर गुजरती हैं, लेकिन रुकती नहीं हैं। इससे स्थानीय जनता को बहुत दिक्कत होती है। उन्होंने रेल मंत्री से अपील की कि क्षेत्र की जनभावनाओं और ज़मीनी हकीकत को समझते हुए इन ट्रेनों का ठहराव जल्द से जल्द सुनिश्चित कराया जाए, ताकि आम लोग भी सरल, सुलभ और सुरक्षित रेल यात्रा का लाभ उठा सकें।

### विकास इंस्टीच्यूट ऑफ नर्सिंग में विश्व स्तनपान सप्ताह का किया गया आयोजन

## माँ का दूध शिशुओं का सर्वोत्तम एवं सम्पूर्ण आहार हैं जो बच्चों को कुपोषण से बचाता है- राधचरण सिँह




ओरमांझी(मोहसीन): विकास ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूटशंस नेवरी विकास के अधीन विकास इंस्टीच्यूट ऑफ नर्सिंग विकास में 1अगस्त से 7अगस्त 2025 तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया। इस दौरान विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर स्तनपान के महत्व को रेखांकित किया गया।समापन कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसमें मुख्य अतिथि विकास सेवा निकेतन के अध्यक्ष राम लखन मेहता, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह,वरिष्ठ सदस्य सतेन्द्र सिंह,संस्थान के निदेशक राधा चरण सिंह,डॉ.एस.पी.सिंह,डॉ. मुकेश कुमार,नर्सिंग प्रिंसिपल अनुपा खलखो और एस.के.तिवारी मौजूद रहे।

समापन समारोह में छात्रों ने सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर बांधा समा,इस अवसर पर संस्थान के निदेशक राधा चरण सिंह ने कहा कि स्तनपान सप्ताह का उद्देश्य नवजातों को कुपोषण से बचाना और शारीरिक व मानसिक विकास को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा "स्तनपान सिर्फ पोषण का प्राकृतिक साधन नहीं,बल्कि मां और बच्चे के स्वास्थ्य का मजबूत आधार है। इस वर्ष स्तनपान सप्ताह की थीम रही "स्तनपान को प्राथमिकता दें,स्थायी सहायता प्रणालियाँ बनाएं" जो इस बात को रेखांकित करती है कि स्तनपान स्वास्थ्यपूर्ण भविष्य की नींव है।भारत सरकार की ओर से चलाए जा रहे एमएए कार्यक्रम और प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का उल्लेख करते हुए बताया गया कि सरकार भी संतुलित आहार और स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है। इस दौरान छात्रों ने रचनात्मक गतिविधियों के ज़रिए समाज को स्तनपान के प्रति जागरूक किया। गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार लेने के लिए प्रेरित किया गया और बच्चों के संपूर्ण विकास में स्तनपान की भूमिका को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. ए. पी.सिंह, डॉ.शिव प्रसाद सिंह,एस. के. तिवारी, मो.इरशाद, मोनिका कुमारी, अनुराधा कुमारी,श्रेया झा,नीता कुमारी, आलिया कुमारी सहित संस्थान के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने सड़क पर धान रोपाई करके वन विभाग के प्रति जताया कड़ा विरोध

कोयलांचल संवाद संवाददाता



लावालौंग(चतरा) प्रखंड मुख्यालय के मैंने चौक से शुरू होने वाले लावालौंग पांकी मुख्य सड़क वन विभाग की लापरवाही के कारण और भी बद से बदतर हो गई है।उक्त विषय से आक्रोशित ग्रामीणों एवं राहगीरों ने मुख्य सड़क पर ही धान की रोपाई कर दी। वहीं कब्रिस्तान के समीप कीचड़ में तब्दील सड़क पर ही सैकड़ो ग्रामीणों ने धरना दे दिया।उक्त विषय को लेकर आक्रोशित ग्रामीण जागेश्वर महतो एवं समाजसेवी सुबोध कुमार ने कहा कि वन विभाग एवं इसके वरीय पदाधिकारियों के रवैये के कारण लावालौंग में सैकड़ो विकास कार्य बाधित हैं। अगर वन विभाग के पदाधिकारियों को लगता है कि लावालौंग के जंगल में जंगली जीव जन्तु बचे हैं तो उनका वे सर्वे कराएँ और पूर्ण रूप से लावालौंग को पर्यटन के रूप में तब्दील करें।

और अगर कहीं जंगली जीवों का नामो निशान तक नहीं है तो फिर विकास कार्यों में बाधक बनना बंद करें।इधर रिमी पंचायत मुखिया के पुत्र सह समाजसेवी विकास कुमार ने भी मोरम की जगह मिट्टी डालकर सड़क की स्थिति और भी जर्जर बनाने को लेकर वन विभाग के रेंजर को खरी खोटी सुनाई। ग्रामीणों ने कहा कि हम जंगली पशु नहीं बल्कि इंसान है हमें भी मूलभूत सुविधाएँ चाहिए। धरना की सूचना पाकर बीडीओ विपिन कुमार भारती ने स्थल पर पहुंचकर पहले तो वन विभाग के कार्यशैली पर कड़ा रोष प्रकट किया। फिर लोगों को आश्वासन दिया कि कल इस कीचड़ में क्रशर चूर्ण या डस्ट भरवाया जाएगा। ताकि लोगों को परेशानी ना हो। उन्होंने बताया की 15 दिनों पूर्व ही हमने पथरीला मोरम भरवाने के लिए प्रतिनिधियों के साथ बैठक किया था। जैसे ही वर्षा थमता भराई का काम शुरू होना था। लेकिन वन विभाग के द्वारा बिना कोई सूचना के मिट्टी भरकर सड़क को बर्बाद कर दिया गया। ग्रामीणों ने कहा कि आज तक नेता मंत्री सिर्फ हमें ठगने का कार्य करते आए हैं।उनके बड़े-बड़े वादे लावालौंग के लिए आज तक खोखले ही साबित हुए हैं।

## भारथी ग्रुप ऑफ इस्टीट्यूशन में मनाया गया ब्रेस्ट फीडिग वीक का जागरूकता अभियान



मांडरः गुरुवार को माण्डर स्थित भारथी गुरप ऑफ इस्टीट्यूशन के अंतर्गत सतीश कुमार सिन्हा मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं भारथी कॉलेज ऑफ नर्सिंग कन्दरी माण्डर रॉची में विश्व स्तनपान सप्ताह (1 अगस्त से 7 अगस्त ) तक मनाया गया। विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर माण्डर ब्लॉक के करकरा गॉव में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रमका आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप श्रीमति छवि सिन्हा कॉलेज के सचिव श्री नितिन परासर और एजुकेसनल सेक्रेटरी डॉ० दिपाली परासर साथ ही नर्सिंग की प्राचार्या श्रीमती निहारिका श्रीवास्तवा उप-प्रचार्या अंजेला गाड़ी और अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे। इस अभियान के दौरान कॉलेज की शिक्षिकाओ और नर्सिंग की छात्र/छात्राओ का टीम गॉव का दौरा कर माताओं और परिवारो को स्तनपान के महत्व आदि के बारे में जानकारी दी। इस अभियान में छात्र/छात्राओ ने स्वास्थ्य शिक्षा पोस्टर प्रदर्शन के माध्यम से स्तनपान से संबंधित जानकारी साझा की गई। इस कार्यक्रम की सफलता में नर्सिंग की प्रचार्या निहारिका श्रीवास्तव,व्याख्यता अंजेला गाड़ी, गोपाल तिर्की, प्रतिमा कुजूर, सुषमा कुमारी,पूनम मिन्ज, चिरंजीव कुमार|दीपा कॉडियार ,बिधिशा देवनाथ , स्मृति रॉय ,संगीता कुमारी, मनीषा कुमारी, पंकज कुमार,तपन कुमार,भावना कोस्मा, इमरोज अंसारी,तुलसी दास का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## कोलहान छात्रों की समस्या गंभीर, जल्द हो निवारण - पूर्व मंत्री रामचन्द्र सहिस



जमशेदपुर । आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कोल्हान विश्वविद्यालय के छात्रों से मिल उनकी समस्याओ क़ो समझा और कोल्हान विश्वविधालय के कुलपति से मिल समस्याओं का समाधान करने के लिए कहा की विश्वविद्यालय प्रशासन को तत्काल कदम उठाने चाहिए। छात्रों की मांगें वाजिब हैं और विश्वविद्यालय को उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाने चाहिए ³:

- परीक्षा शुल्क वसूली रोकना : विश्वविद्यालय को छात्रों से अतिरिक्त परीक्षा शुल्क वसूलने की प्रक्रिया को तुरंत रोकना चाहिए।
- मार्कशीट की समस्या का समाधान : विश्वविद्यालय को पुराने मार्कशीट के साथ नया मार्कशीट देने की प्रक्रिया को स्पष्ट करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि छात्रों को दो मार्कशीट दिखाने की आवश्यकता नहीं है।

विश्वविद्यालय प्रशासन से छात्रों की समस्याओं का समाधान करने का आग्रह करते हुए एक ज्ञापन प्रस्तुत किया गया है। छात्रों की मुख्य मांगें निम्नलिखित हैं :

1. पुराने मार्कशीट को लेकर नया अपडेटेड मार्कशीट देना : छात्रों का कहना है कि पुराने मार्कशीट को वापस कर नया अपडेटेड मार्कशीट दिया जाना चाहिए। यह प्रक्रिया सरल और पारदर्शी होनी चाहिए।
2. नया मार्कशीट निशुल्क : छात्रों का कहना है कि नया मार्कशीट निशुल्क दिया जाना चाहिए और पुरानी मार्कशीट जमा कराकर प्रदान किया जाना चाहिए।
3. एक ही मार्कशीट : छात्रों का कहना है कि उन्हें एक ही मार्कशीट दी जानी चाहिए, न कि दो-दो मार्कशीट।
4. परीक्षा शुल्क वसूली रोकना : छात्रों का कहना है कि परीक्षा शुल्क वसूली की प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से रोकी जानी चाहिए और जिन छात्रों ने शुल्क दे दिया है, उन्हें वापस किया जाना चाहिए या अगली प्रक्रिया में समायोजित किया जाना चाहिए।
5. छात्रों के लिए हेल्पलाइन : छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन को एक हेल्पलाइन या विशेष सेल गठित करना चाहिए जो छात्रों से संवाद करे और उनकी समस्याओं का समाधान करे।

छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन को उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए और छात्रों के साथ संवाद करने के लिए एक पारदर्शी और सरल व्यवस्था बनानी चाहिए।

- छात्रों के लिए हेल्पलाइन : विश्वविद्यालय को एक हेल्पलाइन या विशेष सेल गठित करना चाहिए जो छात्रों की समस्याओं का समाधान करे और उन्हें आवश्यक जानकारी प्रदान करे।।उम्मीद है, विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों की समस्याओं का समाधान करने के लिए तत्काल कदम उठाएगा । अगर ऐसा नहीं करता हैं आजसू पार्टी इस गंभीर विषय के साथ जोरदार आंदोलन करेंगी और बच्चो के भविष्य से खिलवाड नहीं होने देगी ।

कुलपति से मिलने पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस के साथ कोलहान छात्र आजसू के प्रतिनिधिमंडल जिसमे मुख्य रूप से लक्षमन महतो, राजीव, अशोक महतो, प्रदीप महतो, अजय सिंहदेव, सतीश महाराना,संजय महाली,शेखर सहिस समेत अन्य मौजुद रहे ।

**बिहार सरकार**

**न्यायालय, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, नवादा सदर**

—: अति आवश्यक सूचना :—

प्रेस विज्ञप्ति

बिहार मघ निषेघ एवं उत्पाद अधिनितय — 2016 की धारा 56 के प्रावधानों के तहत् देशी/विदेशी शराब से जप्त वाहन मालिकों /हितबद्ध व्यक्तियों के बजरिये न्यायालय नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्पाद थाना कांडों में जप्त वाहनों का अधिहरण /प्रस्ताव पुलिस अधीक्षक, नवादा/अधीक्षक, मघ निषेघ, नवादा के माध्यम से प्राप्त होनें के फलस्वरूप उत्पाद अधिग्रहणवाद प्रारंभ किया जाता है।

नव संशोधित नियमावली 2022 के नियम 12(क)(2) में निहित उपबंधों के आधार पर नवीनतम् बीमाकृत शास्ति (penanlty) की राशि जमा कर वाहन मुक्त कराना चाहतें हो तो प्रथम प्रथम सुनवाई की तिथि अथवा द्वितीय सुनवाई की तिथि को प्रपत्र ***IV*** में अपना आवेदन पत्र अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में समर्पित करें अन्यथा निर्धारित समय सीमा के उपरान्त वाहनों को राजसात की कार्रवाई हेतु आदेशित कर दिया जायेगा।

| क्र | वाद संख्या | उत्पाद थाना काण्ड सं0 | वाहन का प्रकार | रजिस्ट्रेशन संख्या | इंजन संख्या | वाहन मालिक का नाम एवं पता | प्रथम सुनवाई की तिथि | द्वितीय सुनवाई की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 324/25 | 231/25 | Hero Glamour Motorcycle | JH12F/7460 | JA06EJFGK32 768 | अफसर खान, पे०—एमडी सेराज खान, सा०—पुर्वी जयनगर, था०—झारखंड, जि०—कोडरमा, झारखंड | 20.02.25 | 05.03.25 |
| 2. | 331/25 | 109/25 | Splendor Plus Motorcycle | JH10BP/3168 | HA10AGJHFG 8133 | ग्रिरीश चन्द्रा दुवे, पे०—सुरज प्रसाद दुवे, सा०—सेवाबान्ध मन्डरामो, जि०—गिरिडीह, झारखंड | | |
| 3. | 344/25 | 192/25 | Hero Passion Pro Motorcycle | JH10AS/6306 | HA10ENEHG6 2153 | हिरा लाल हरी, पे०—काली पादो हरी, सा०—गोपी नाथ डीह वस्ती प्रधान बलियापुर, था०+जि०—धनबाद, झारखंड | | |
| 4. | 349/25 | 214/25 | Splendor Plus Motorcycle | JH05N/5344 | 05M15M014 86 | एमडी उस्मान अली, पे0—लाल मोहम्मद, सा०—मकान सं0—21 रोड़ सं०—5 आजाद नगर, था०—मानगो, जि०—जमशेदपुर, झारखंड | | |

अतः वाद में अंकित वाहन स्वामी अथवा अन्य किसी व्यक्ति जिसका कोई हित निहित हो निर्धारित समाय—सीमा के अन्दर स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से भरूमि सुधार उप समाहर्त्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर अपने वाहन के मालिकाना हक से संबंधित दावा/पक्ष वो आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करें। अनुपस्थित होने पर यह समझा जायेगा कि उक्त वाहन से आपको कोई सारोकार नही है। तत्पश्चात् उक्त जप्त वाहन को सुनवाई के उपरान्त बिहार मघ निषेघ एवं उत्पाद अधि0 2016 की धारा 58(2) के अन्तर्गत राजहित में अधिहरण कर लिया जायेगा।

इसे सख्त ताकिद जाने।

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

PR. No.010890 (District) 2025-26

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता
नवादा सदर

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

## संक्षिप्त खबरें...

### बिहार में 6 आईपीएस, 26 बीपीएस का ट्रांसफर; कई अनुमंडलों में नए एसडीपीओ तैनात, देखें लिस्ट

पटना. बिहार पुलिस में एक बार फिर बड़े स्तर पर तबादला हुआ। गृह विभाग ने 6 भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईपीएस) और 26 बिहार पुलिस सेवा (बीपीएस) अफसरों का ट्रांसफर कर दिया है। कई अनुमंडलों में नए एसडीपीओ की तैनाती की गई है। गृह विभाग ने गुरुवार को इस संबंध में दो अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी कीं। कुल 32 पुलिस अफसरों का तबादला हुआ है। इनकी पोस्टिंग विभिन्न जिलों में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य पदों पर हुई है। 2021 बैच के आईपीएस अधिकारी मोहिबुल्लाह अंसारी को पटना में कानून व्यवस्था के एसडीपीओ-2 के पद पर पोस्टिंग दी गई है, वे पटना नगर में ही एसडीपीओ-1 पर तैनात थे। वहीं, 2022 बैच की आईपीएस शैलजा को वैशाली में एडिशनल एसपी पद से ट्रांसफर कर नालंदा जिले के हिलसा में एसडीपीओ-1 तैनात किया गया है। सारण के एडिशनल एसपी संकेत कुमार को रोहतास जिले के बिक्रमगंज में एसडीपीओ लगाया गया है। 2022 बैच की ही आईपीएस गरिमा को मुजफ्फरपुर में एएसपी पद से ट्रांसफर कर सरैया का एसडीपीओ बना दिया गया है। आईपीएस साक्षी कुमारी का बेगूसराय में एएसपी पद से बलिया में एसडीपीओ के रूप में तबादला किया गया है। 2023 बैच की आईपीएस कोमल मीणा को दरभंगा एएसपी से पटना के मसौढ़ी में एसडीपीओ-1 लगाया गया है।

### गर्भवती महिला के सिर में मारी गोली, शव बरामद

बिहटा. पटना जिले के पालीगंज थानाक्षेत्र के उदयपुर गांव के सोन नहर से पुलिस ने बीते मंगलवार को एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया था। शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना AIIMS भेजा गया। इधर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है कि महिला के सिर में दो गोलियां मारी गई थीं। साथ ही महिला तीन महीने की गर्भवती भी थी। महिला के चेहरे पर कई कट और चोट के निशान भी है। पुलिस का मानना है कि अपराधियों ने हत्या के बाद शव को सोन नहर में फेंक दिया होगा।

### 'तेजस्वी के खिलाफ मुझे उतारें, जमानत जब्त करा दूंगा': अनंत सिंह बोले- नीतीश की पार्टी से चुनाव लड़ूंगा

बाढ़. मोकामा के पूर्व विधायक बाहुबली अनंत सिंह ने जेल से बाहर आते ही चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। अब तेजस्वी के खिलाफ बड़ा बयान देते हुए कहा, नीतीश जी की पार्टी जदयू अगर तेजस्वी के खिलाफ मुझे उतारती है तो मैं नेता प्रतिपक्ष की जमानत जब्त करा दूंगा। वहीं तेजस्वी के सरकार बनाने के दावों को लेकर कहा, तेजस्वी की पार्टी 15 सीटों पर सिमट जाएगी और नीतीश कुमार फिर से बिहार के मुख्यमंत्री बनेंगे। न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में उन्होंने दावा किया, 'नीतीश कुमार नहीं होते तो बिहार नहीं होता। पहले बिहार की बुरी स्थिति थी। जिसके 4 बेटे दिल्ली में नौकरी करते थे उसका बाप भी बिहार में किडनैप हो जाता था।' चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा, 'नीलम देवी चुनाव नहीं लड़ेंगी, हम लड़ेंगे। नीलम देवी ने बढ़िया काम नहीं किया है। एक बेटे को राजनीति में लाऊंगा। बेटा चुनाव लड़ेगा। मैं अनपढ़ आदमी हूं, मुझे मंत्री पद की जरूरत नहीं है। जेल जाने से मुझे कोई नुकसान नहीं हुआ।'

### इसुआपुर में विवाहिता की हत्या का खुलासा

सारण. सारण के इसुआपुर बाजार में 26 जुलाई को एक विवाहिता का शव मिला था। मृतका की पहचान शामपुर निवासी जानकी देवी उर्फ बसंती देवी, विद्या भगत की दूसरी पत्नी के रूप में हुई थी। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने एसआईटी का गठन किया था। पुलिस ने 10 दिन के बाद हत्या का खुलासा किया है। पुलिस ने हत्या की वजह प्रेम-प्रसंग बताया है। पुलिस ने बताया कि महिला के प्रेमी ने उसको फोन करके इसुआपुर बाजार बुलाया था। प्रेमी के साथ उसका एक अन्य साथी भी उसके साथ था। जिससे वह शारीरिक संबंध बनाने के लिए जोर दे रहा था। महिला के इनकार करने के बाद दोनों ने मिलकर लोहे की रॉड से हमला किया और उसके बाद गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लोहे की रॉड भी बरामद कर ली है। दोनों को न्यायिक हिरासत में छपरा भेज दिया है।

### विदेशी लड़की से बस में दो दिन तक रेप

पटना. "मेरी सौतेली मां, चाचा-चाची सब मिलकर मुझे प्रताड़ित कर रहे थे। घर सौतेली मां मुझे घर में रहने नहीं देती थी। कहती थी -विदेश जाओ और पैसा कमाकर भेजो, नहीं तो मारूंगी।'' ''मैं जब घर से निकली तो उन लोगों ने मुझे भाड़ा तक नहीं दिया। फिर मैं इंडिया आई। मैं पटना ट्रेन से आई थी। ड्राइवर ने काम दिलाने के नाम पर बस में बैठा दिया।'' ये कहना है नेपाल की उस लड़की (28) का, जिसके साथ पटना में 2 दिनों तक रेप किया गया। लड़की का कहना है कि ड्राइवर ने उसे नौकरी दिलाने का झांसा दिया और उसके साथ बस की पिछली सीट पर गंदा काम करता रहा। रेप के वक्त वो कहता था कि तुम्हारी नौकरी पक्की है। उसने रेप के बाद आश्वासन दिया कि दो दिन के बाद मालिक आएंगे। फिर वो उसे काम पर लगवा देगा। आरोपी ड्राइवर का नाम कार्तिक है। वो मुजफ्फरपुर का रहने वाला है। बताया जाता है कि उसे नेपाली भाषा भी बोलने आती है। इसी का फायदा उठाकर उसने लड़की को अपने जाल में फंसा लिया। लड़की ने बताया, 'वो नेपाल से सिलिगुड़ी आई थी। वहां से वो पटना पहुंची। स्टेशन से बाहर निकलने के बाद वो बैठी थी। तभी एक ड्राइवर ड्राइवर मेरे पास आया और बात करने लगा।' 'उसने मुझे भरोसे में लिया। इसके बाद मैंने उसे बताया कि मैं इंडिया नौकरी की तलाश में आई हूं। इस बात पर उस ड्राइवर ने कहा- 'चलो मैं तुम्हें नौकरी दिला दूंगा।'

### समस्तीपुर में नदी पार करते समय डूबा युवक; मौत

समस्तीपुर. समस्तीपुर में गंगा नदी की सहायक नदी में एक युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान जलालपुर वार्ड-9 निवासी वशिष्ठ पासवान के 18 साल के बेटे किशन पासवान के रूप में हुई है। किशन मोहनपुर थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव की है। किशन अपने दो भाई और एक बहन में सबसे बड़ा था। उसके पिता वशिष्ठ पासवान मुंबई में मजदूरी करते हैं। मृतक के चाचा भूषण पासवान ने बताया कि किशन का बथान छोटी नदी के उस पार था। गंगा में आई बाढ़ के कारण छोटी नदी का जलस्तर बढ़ गया था। इससे बथान में रखे सभी सामान डूब गए थे। किशन नदी तैरकर बथान से सामान लाने जा रहा था। इसी दौरान वह नदी में डूब गया। आसपास के लोगों ने शोर मचाया और किशन के शव को नदी से निकाला। घटना की सूचना मोहनपुर थाने की पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है।

### जिसने दो वोटर आईडी जारी किए, वही सवाल कर रहा; चुनाव आयोग के नोटिस पर तेजस्वी यादव



पटना. बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने दो वोटर आईडी मामले में चुनाव आयोग द्वारा मिले नोटिस पर प्रतिक्रिया दी है। तेजस्वी ने कहा कि जिसने दो वोटर आईडी जारी किए, वही हमसे सवाल कर रहा है। उन्होंने कहा कि आयोग की ओर से उन्हें कोई नोटिस नहीं मिला है। बल्कि अनुमंडल पदाधिकारी के स्तर से नोटिस दिया गया है। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता ने कहा कि वह इस नोटिस का अच्छा जवाब देंगे। पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव गुरुवार को इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होने के लिए दिल्ली रवाना होने से पहले पटना में मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने चुनाव आयोग के नोटिस के सवाल पर कहा, "दो ईपीआईसी नंबर जारी किया गया तो गलती किसकी है। मतलब गलती खुद करें और स्पष्टीकरण हमसे मांगे, यह आजतक हुआ है क्या?" तेजस्वी ने कहा कि वह हमेशा से एक ही जगह पर वोट देते आए हैं। दरअसल, बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले हो रहे वोटर लिस्ट रिवीजन के तहत 1 अगस्त को चुनाव आयोग ने मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित किया था। इसी दिन पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान तेजस्वी यादव ने ईपीआईसी नंबर डालकर अपना नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में खोजा। नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कि उनका नाम ड्राफ्ट में नहीं मिला और चुनाव आयोग पर उनका नाम काटे जाने का आरोप लगाया।

## टीचर कैंडिडेट्स पर लाठीचार्ज, सिर-नाक फूटे:शिक्षक भर्ती से पहले एसटेट की मांग;शिक्षा मंत्री बोले-अभी नहीं; टीआरई आरई-5 से पहले ही होगा एक्जाम

पटना. पटना में एसटेट की मांग को लेकर कैंडिडेट्स ने पटना की सड़कों पर 5 घंटे तक प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज किया। अभ्यर्थी सीएम हाउस का घेराव करने निकले थे। कैंडिडेट्स डाकबंगला चौराहा होते हुए सीएम हाउस जाना चाह रहे थे। पुलिस ने सभी को जेपी गोलंबर पर बैरिकेडिंग कर रोका। करीब 1 घंटे यहां प्रदर्शन के बाद कैंडिडेट्स बैरिकेडिंग तोड़कर आगे निकले लगे। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। इसमें कुछ को चोटें भी आई हैं। यहां लाठीचार्ज के बाद भी कैंडिडेट्स डाकबंगला चौराहे पर जुट गए। पुलिस ने यहां भी बैरिकेडिंग लगाकर सभी को रोका। वाटर कैनन की गाड़ी बुलाई गई। कैंडिडेट्स और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की होने लगी। प्रदर्शन में 5000 से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल हुए। जेपी गोलंबर पर प्रदर्शन के बीच मुख्य सचिव ने 5 कैंडिडेट्स को मिलने के लिए बुलाया था। इससे पहले कुछ अधिकारी उनसे बात करने पहुंचे। अभ्यर्थियों का प्रदर्शन पटना कॉलेज से शुरू हुआ। कैंडिडेट्स



डाकबंगला चौराहा होते हुए सीएम हाउस घेराव करने निकले थे। अभ्यर्थियों के हाथ में बिहार मांगे एसटेट और एसटेट नहीं तो वोट नहीं के पोस्टर थे। हालांकि, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि, अभी 4 लाख से अधिक अभ्यर्थी ऑलरेडी एसटेट क्वालिफाइड है। जब टीआरई 5 होगी तब उससे पहले एसटेट की परीक्षा ली जायेगी। अभी परीक्षा लेते हैं, तो टीआरई 4 में काफी लेट होगा। हमलोग जल्द ही टीआरई 4 के लिए रिक्त पदों की संख्या बीपीएससी को भेज देंगे।

### नीतीश के ऐलान के बाद कैंडिडेट्स में गुस्सा

दरअसल, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 4 अगस्त को एक्स पर लिखा था कि, टीआरई-4 की परीक्षा साल 2025 में और टीआरई-5 साल 2026 में ली जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि एसटेट का आयोजन टीआरई-5 से पहले कराया जाएगा। यानी अब एसटेट परीक्षा 2026 में होगी। इस घोषणा से उन हजारों युवाओं को गहरा झटका लगा है जो टीआरई-4 से पहले एसटेट आयोजित कराए



जाने की उम्मीद लगाए बैठे थे। इसके बाद से ही एसटेट कैंडिडेट्स में गुस्सा है।

### शिक्षक बनने का नहीं मिल सकेगा मौका

अभ्यर्थियों का कहना है कि 'अगर एसटेट परीक्षा टीआरई-4 से पहले नहीं होती, तो सत्र 2022-2024 और 2023-2025 के बीएड और बीटीसी प्रशिक्षु छात्रों को इस भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने का मौका नहीं मिल सकेगा।' 'छात्रों के पास शिक्षक बनने के लिए आवश्यक पात्रता ही नहीं होगी, क्योंकि एसटेट के बिना वे टीआरई-4 में आवेदन करने के अयोग्य माने जाएंगे।' एक अभ्यर्थी ने सोशल मीडिया पर लिखा, "एसटेट हर हाल में टीआरई-4 से पहले होना चाहिए। जब बोर्ड ने साल में दो बार परीक्षा कराने की बात कही थी, तो अब इतना लंबा गैप क्यों दिया जा रहा है।' एक अन्य छात्र ने कहा, 'हमारी पूरी तैयारी इस उम्मीद पर थी कि एसटेट होगा और हम टीआरई-4 के लिए आवेदन कर पाएंगे, लेकिन सरकार ने अचानक दिशा बदल दी।'

### एसटेट क्या होता है और यह क्यों जरूरी है

एसटेट (राज्य शिक्षक पात्रता परीक्षा)। यह परीक्षा बिहार में माध्यमिक (9वीं-10वीं) और उच्च माध्यमिक (11वीं-12वीं) स्तर के सरकारी स्कूलों में शिक्षक बनने के लिए आवश्यक पात्रता परीक्षा है। इसका आयोजन बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) द्वारा किया जाता है।

## भागलपुर में बाढ़ की स्थिति गंभीर, स्कूल-घर सब जलमग्न; मुंगेर में गंगा खतरे के निशान से ऊपर

भागलपुर. बिहार के भागलपुर में बाढ़ की स्थिति गंभीर होती जा रही है। गंगा नदी का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। गंगा का पानी अकबरनगर, नाथनगर, सबौर के निचले हिस्से में कई घरों में प्रवेश कर गया है। जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है। पानी का दबाव सबौर में इंग्लिश ब्रह्मस्थान के पास एनएच 80 के डायवर्जन पर बरकरार है। गाड़ियां धीमी रफ्तार में गुजर रही है। बाढ़ का पानी कुरपट, परघड़ी, लैलख, बैजलपुर, शिवायडीह, अमदाड़ आदि जगहों में फैल रहा है। अकबरनगर के किसनपुर गांव में सड़कों पर पानी है। गांव जलमग्न हो गया है। रिंगबांध के ऊपर से पानी निकल रहा है। मध्य विद्यालय श्रीरामपुर, खुटाहा मिडिल स्कूल में बाढ़ का पानी घुस गया है। भागलपुर के शहरी क्षेत्र में भी पानी बढ़ रहा है।



तिलका मांझी भागलपुर यूनिवर्सिटी के प्रशासनिक भवन समेत कई अधिकारियों के फ्लैट तक पानी आ गया है। आदमपुर मोहल्ले के निचले भाग में भी पानी भर रहा है। सीएमएस स्कूल का प्रांगण भी डूब गया है।

जिले में गुरुवार सुबह गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया। डेंजर लेवल 39.33 मीटर से गंगा 3 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। निचले इलाकों में लोगों के बीच त्राहिमाम की स्थिति बन गई है। जान माल की सुरक्षा को लेकर प्रभावित लोग आश्रय स्थल के साथ ही अपने सगे संबंधियों के यहां पहुंचना शुरू कर दिया है। उच्च विद्यालय नौवागढ़ी में कई परिवार अपने बच्चों संग शरण ले लिए हैं। अन्य आश्रय स्थलों पर भी प्रभावित लोगों का पहुंचना शुरू हो चुका है। सुबह 10 बजे तक प्रशासनिक स्तर पर प्रभावित लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था नहीं की गई थी। मुंगेर जिले के 6 प्रखंडों की लगभग 25000 आबादी बाढ़ से प्रभावित हुई है। सदर प्रखंड तथा बरियारपुर के लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। हालांकि जिला प्रशासन की ओर से लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचने के लिए नाव की व्यवस्था की गई है।

## पटना में सड़क हादसे में छात्र की मौतः कोचिंग से लौट रहे स्टूडेंट को ट्रक ने रौंदा, ड्राइवर गिरफ्तार

बिहटा. पटना में ट्रक ने साइकिल सवार स्कूली छात्र को रौंद दिया। हादसे में छात्र की मौत हो गई। पूरा मामला पालीगंज अनुमंडल के बिक्रम-पालीगंज मार्ग का है। मृतक की पहचान बिक्रम थानाक्षेत्र के मसौढा तेलपा गांव निवासी अविनाश कुमार के रूप में हुई है। वह आठवीं कक्षा का छात्र था। अविनाश रोज की तरह अपनी साइकिल से गांव से बिक्रम बाजार स्थित एक प्राइवेट कोचिंग में पढ़ने जाता था। आज कोचिंग से घर लौटते समय असपूरा लख से पहले बिक्रम बाजार के HDFC बैंक के पास पीछे से आ रहे ट्रक ने उसे कुचल दिया। घटना के बाद भाग रहे ट्रक को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया, वहीं चालक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। हादसे से आक्रोशित लोगों ने कुछ देर के लिए सड़क जाम कर दिया। सूचना मिलने पर स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिक्रम बाजार के दोनों तरफ सड़क पर अतिक्रमण है, जिसके कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। उनका आरोप है कि स्थानीय प्रशासन अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई नहीं करता, जिससे सड़क संकरी हो गई है और लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इधर, घटना को लेकर बिक्रम थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया की बिक्रम बाजार के एचडीएफसी बैंक के पास एक स्कूली छात्र को ट्रक ने कुचल दिया था। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पहुंची, जहां भाग रहे ट्रक को पकड़ लिया गया है और उसे जब्त किया गया है। इधर, घटना के बाद चालक फरार है जिसकी तलाशी में पुलिस की टीम लगी हुई है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेजा जा रहा है और लोगों को समझाया जा रहा है।

## बुखार झाड़ देंगे, कांग्रेस एमएलए प्रतिमा दास ने दारोगा को धमकाया;

### भाजपा बोली- राजद के सोहबत का असर



पटना. बिहार पुलिस के दो दारोगा को धमकी देने वाला एक वीडियो वायरल हो रहा है। धमकी देने वाली कोई और नहीं बल्कि कांग्रेस विधायक प्रतिमा कुमारी(प्रतिमा दास) हैं। वीडियो वायरल होने के बाद बीजेपी ने इसे कांग्रेस पर राजद की सोहबत का असर बताया है तो प्रतिमा दास ने सोशल मीडिया पर यह वीडियो शेयर कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिकायत की है।

बताया जा रहा है कि राजापाकड़ की विधायक प्रतिमा कुमारी अपने क्षेत्र से पटना आ रही थीं। अगमकुआं के पास गश्त में तैनात दो दारोगा ने जांच के लिए उनकी गाड़ी को रोक दिया। वायरल वीडियो के मुताबिक कांग्रेस विधायक पुलिस वालों पर गर्म हो गईं। उन्होंने कहा कि बुखार झाड़ देंगे बढ़िया से, सारा दिमाग तुम्हारा ठीक कर देंगे, समझ गया। क्यों बोला झंडा फंडा। कांग्रेस विधायक को रोक रहे हो। जब मेरी गाड़ी आती है तो रोकते हो। सब गाड़ियां जा रही हैं और मुझे रोक दिया। दारोगा कहता रहा कि सबको रोकते हैं लेकिन विधायक कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थीं। प्रतिमा दास ने यहां तक कहा कि 24 घंटे में दिमाग ठिकाने पर ला देंगे। चुप। तुमको कांग्रेस का लोगो नहीं दिखा। इस मामले में राजनीति तेज हो गई है।बीजेपी ने कहा है कि यह गंभीर मामला है। इसपर संज्ञान लेकर कानून को अपना काम करना चाहिए। कांग्रेस विधायक की धमकी पर राजनीति तेज हो गई है।

बीजेपी प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस राजद सोहबत में कांग्रेस का संस्कार बिगड़ गया है। शासन और सत्ता से दूरी के कारण कांग्रेस के लोग बौखला गए हैं। सरकार इस मामले का संज्ञान लेगी और कानून अपना काम करेगा। पुलिस ऑफिसर को बेवजह धमकाने का मामला अत्यंत निंदनीय है। सरकार इस पर कार्रवाई करेगी। कोई कितना भी रसूखदार क्यों ना हो, कानून का सम्मान तो करना ही पड़ेगा। सरेआम दारोगा को धमकाना ठक नहीं है। इधर प्रतिमा दास ने यह वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए नीतीश कुमार से गुहार लगाई है। कहा है कि अगमकुआं से जब भी गुजरती हूं, पुलिस वाले बेवजह रोक कर टॉर्चर करते हैं।

## डिप्टी मेयर को 25 गोलियों से छलनी करनेवाले का एनकाउंटर

पटना. उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बुधवार रात झारखंड-बिहार के कुख्यात गैंगस्टर छोटू धनबादिया उर्फ आशीष रंजन को यूपी एसटीएफ ने ढेर कर दिया है। ये मुठभेड़ शंकरगढ़ क्षेत्र में हुई। पुलिस ने छोटू धनबादिया को घेरा तो उसने एके-47 से फायरिंग की। एसटीएफ की जवाबी कार्रवाई में उसे गोली लगी। वह मारा गया। मौके से एसटीएफ को एके-47, पिस्टल और भारी मात्रा में 9 एमएम कारतूस मिले हैं। आशीष पर 2017 में धनबाद के डिप्टी मेयर नीरज सिंह को गोलियों से छलनी करने, गैंगस्टर अमन सिंह समेत कई लोगों की हत्या के केस हैं। बिहार-झारखंड और यूपी में वो एक्टिव था।

## बाईपास लूट कांड में हथियार सप्लायर गिरफ्तार:पटना में मोहम्मद दानिश के घर से कट्टा और गोली बरामद

पटना. पटना में 4 अगस्त को बाईपास क्षेत्र में साढ़े छह लाख रुपए की लूट हुई थी। पुलिस ने 48 घंटे के अंदर लूट के पैसे बरामद कर लिए थे और सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। घटना में इस्तेमाल किया गया पिस्टल भी बरामद हुआ था। पूछताछ में पता चला कि पिस्टल मोहम्मद दानिश ने सप्लाई किया था। इसके बदले उसे 25 हजार रुपए मिले थे। छापेमारी के दौरान मोहम्मद दानिश को नून का चौराहा थाना खाजे कों स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

### दानिश के घर से कट्टा और गोली मिली

दानिश के घर से एक कट्टा और एक गोली भी बरामद हुई है। जांच में पता चला है कि वह इस क्षेत्र में



हथियार सप्लाई करने वाले गिरोह का सदस्य है। इस मामले में कई अन्य नाम भी सामने आए हैं। इनकी सत्यापन प्रक्रिया जारी है। पूछताछ में दानिश ने बताया कि वह अवैध हथियारों का खरीद-बिक्री करता है। बाईपास थाना क्षेत्र में हुए लूट कांड में शामिल अपराधी छोटू कुमार को भी उसी ने अवैध हथियार उपलब्ध कराया था। दानिश ने यह भी बताया कि वह मुंगेर से कट्टा और पिस्टल मंगवाता था। दानिश एक पिस्टल 25 से 30 हजार रुपए में बेचता था। एक कट्टा 5 से 8 हजार रुपए में बेचता था। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एटीएम मशीन उखाड़ ले गए चोर

मुजफ्फरपुर. बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में बेखौफ चोर एटीएम मशीन काट कर ले गए। जिले के तुर्की थाना क्षेत्र अंतर्गत कुढ़नी ब्लॉक गेट के सामने स्थित इंडिया वन बैंक के एटीएम को उखाड़ कर चोर ले गए। एटीएम में 3.3 लाख कैश होने की चर्चा है, हालांकि कितनी कैश की चोरी हुई है इसकी आधिकारिक सूचना जारी नहीं की गई है। बुधवार देर रात की घटना की सूचना पुलिस को तब मिली जब स्थानीय दुकानदारों ने मार्केट में अपनी दुकान खोलने पहुंचे। जिसके बाद तुर्की थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। डॉग स्काउड और एफएसएल की टीम सुराग ढूंढ़ रही है।

ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बदमाश काले रंग की स्कॉर्पियो से आए थे और गैस कटर जैसे किसी औजार से एटीएम काटकर ले गए। बैंक से यह पता लगाया जा रहा है कि एटीएम में कितनी राशि मौजूद थी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं, ताकि बदमाशों की पहचान की जा सके। ग्रामीण एसपी ने बताया है कि संदेह है कि संगठित गिरोह दने घटना को अंजाम दिया है। छानबीन में एसआईटी जुटी हुई है।

## इंजीनियर के घर 50 लाख की चोरी

फुलवारीशरीफ. पटना में जल संसाधन विभाग के इंजीनियर चंदन कुमार के घर 50 लाख की चोरी हुई है।इस घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें एक चोर लोहे की रॉड से छत के रास्ते में बनी खिड़की तोड़ते दिख रहा है। घटना अगमकुआं थाना इलाके के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित वृंदावन कॉलोनी की है। बताया जा रहा है कि चंदन पूरे परिवार के साथ मोकामा गए थे। गुरुवार की सुबह लौटे तो घर का सामान बिखरा पड़ा था। फिर पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि एक सीसीटीवी फुटेज मिला है, जिसके आधार पर बदमाश की पहचान की जा रही है। इंजीनियर के भाई कृष्ण सिंह ने बताया कि चंदर पूरे परिवार के साथ एक कार्यक्रम में शामिल होने मोकामा गए थे। बुधवार की रात चोरों ने उनके घर से करीब 50 लाख रुपए के सोने-चांदी के ज्वेलरी चोरी कर फरार हो गए। गुरुवार की सुबह चंदन घर लौटे तो दोनों कमरे में सामान बिखरा और अलमीरा टूटा दिखा। घटना की सूचना अगमकुआं थाने की पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस को बताया कि घर के हालात देख दंग रह गए। दोनों कमरे का दरवाजा टूटा था और कमरे के अंदर गोदरेज से सोने-चांदी के जेवरात गायब थे।

## रक्सौल नगर परिषद की सभापति को पद से हटाया:7-8 करोड़ रुपए की बेहिसाब खरीदारी करने का आरोप

रक्सौल. रक्सौल नगर परिषद की सभापति धुरपति देवी को नगर विकास और आवास विभाग, बिहार सरकार ने प्रशासनिक अनियमितताओं के आरोप में तत्काल प्रभाव से पद से मुक्त कर दिया है। इस कार्रवाई से नगर परिषद क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। नगर परिषद से जुड़े कई जनप्रतिनिधि और विशेषज्ञ हैरान हैं कि इस मामले में केवल सभापति पर ही कार्रवाई क्यों की गई। जबकि सभी निर्णय स्टैंडिंग कमिटी की सामूहिक सहमति से लिए गए थे। जिन कार्यों को लेकर धुरपति देवी पर कार्रवाई हुई है, वे नगर परिषद की स्थायी




समिति की बैठक में पारित किए गए थे। इन कार्यों में ग और घ के पदों पर अवैध रूप से नियुक्ति करना शामिल है। साथ ही बोर्ड की संपुष्टि के बिना करीब 7 से 8 करोड़ रुपए की अनियमित खरीदारी करना भी आरोपों में है। बीते 8 महीनों में नगरपरिषद बोर्ड की एक भी बैठक न बुलाने का भी आरोप लगा था। उस बैठक में सभापति धुरपति देवी के अलावा उपसभापति पुष्पा देवी, तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव और स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य सोनू कुमार गुप्ता के हस्ताक्षर भी मौजूद हैं। हालांकि दो सदस्य पार्षद अनुराग्नी देवी और पार्षद अंतिमा देवी उपस्थित नहीं थीं। परिषद से जुड़े सूत्रों का कहना है कि ऐसे निर्णयों की जानकारी सभी को होती है। नगर परिषद के वरिष्ठ समाजसेवी निरुल्लाह खान ने इस कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यदि नियमों के खिलाफ कोई कार्य हुआ है, तो केवल सभापति ही नहीं, स्टैंडिंग कमिटी के अन्य हस्ताक्षरकर्ता सदस्य और नगर परिषद के तत्कालीन ईओ भी जिम्मेदार हैं। 4 करोड़ की जमीन का सौदा 12 करोड़ में आरोप है कि रक्सौल नगर परिषद के मुख्य पार्षद उषा देवी, नप के कार्यपालक पदाधिकारी गौतम आनंद और रक्सौल के अवर निबंधन पदाधिकारी ने आपसी मेल-मिलाप से बूचड़खाना के लिए चयनित आवासीय भूखंड को व्यवसायिक बताकर करोड़ों रुपए का बंदरबांट कर लिया। इन लोगों ने लगभग 4 करोड़ की जमीन का सौदा 12 करोड़ 93 लाख 60 हजार में करते हुए एग्रीमेंट कर लिया। साथ ही जमीन की रजिस्ट्री कराये बिना केवल महदानामा पर 5 करोड़ 91 लाख 36 हजार 154 रुपये का भुगतान भी कर दिया।

## भारत में मोदी से बड़े ब्रांड बने ट्रंप

भारत में राजनीति और कारोबार के गलियारे अक्सर आपस में हित टकराते हैं। अमेरिकी के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का रियल एस्टेट मॉडल भारत में एक ऐसा उदाहरण है। जो ना तो राजनीति में प्रत्यक्ष रूप में है, नाही व्यापार में प्रत्यक्ष रूप से शामिल है। फिर भी ट्रंप का भारत से मुनाफा सभी के लिये अकल्पनीय है। ट्रंप ऑर्गनाइजेशन ने पिछले दशक में भारत से लगभग 175 करोड़ रुपये की कमाई की है। ट्रम्प की कंपनी ने एक रुपये का भी सीधा निवेश भारत में नहीं किया है। यह किसी जादू से कम नहीं है। ट्रंप की ब्रांडिंग, एक ऐसी रणनीति है। जो ब्रांड वैल्यू के दम पर भारत से करोड़ों रुपए प्रतिवर्ष कमाती है। भारत सरकार को 1 रूपये का भी टैक्स भी नहीं देती है। डोनाल्ड ट्रंप भारत में केवल अपना नाम देते हैं। ट्रंप की कंपनी निर्माण क्षेत्र में भारत में कोई काम नहीं करती है। कोई रोजगार नहीं देती है। 1रूपये की पूंजी भी नहीं लगाती है। ट्रंप के लिए भारत के रियल एस्टेट के कारोबारी उसके ब्रांड का नाम लेकर रॉयल्टी के रूप में करोड़ों रुपए दे रहे हैं। भारतीय रियल एस्टेट के डेवलपर्स जैसे लोढ़ा, एम3एम, ट्रिबेका, कंपनियां ट्रंप ब्रांड का इस्तेमाल करती हैं। ट्रंप टावर के नाम से रियल एस्टेट में जो कारोबार भारत में किया जाता है। ट्रंप नाम के रियल एस्टेट के कारोबार में बिक्री से भारतीय कंपनियां मुनाफा कमाती हैं। जिसमें ट्रंप को 3-5% की रॉयल्टी अमेरिका में बैठे बिठाये ट्रम्प को मिलती है। ट्रंप भारत से इसी मॉडल के तहत मुंबई, गुरुग्राम, पुणे, हैदराबाद से लेकर कोलकाता मे करीब 13 रियल स्टेट के प्रोजेक्ट्स से भारी कमाई कर रहे हैं। केवल गुरुग्राम प्रोजेक्ट के लॉन्च मे पहले दिन ही 3,250 करोड़ की बिक्री हो गई। बड़े-बड़े पूंजीपतियों के बीच में ट्रंप का नाम मोदी से बड़ा है। ट्रंप को सारी दुनिया में विलासिता और नए-नए शौक का प्रतीक माना जाता है। मोदी सरकार की किसी भी योजना से ज्यादा ट्रंप टावर के नाम पर बने रियल स्टेट से भारत के कारोबारियों को भारी मुनाफा होता है। हैरानी की बात यह है, डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को "डेड इकोनॉमी" कहकर भारत को अपमानित किया है। इसके बावजूद भारत में उनका ट्रम्प ब्रांड, रियल एस्टेट के क्षेत्र में मोदी से बड़ा चेहरा बना हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी "मेक इन इंडिया", "स्टार्टअप इंडिया" जैसे अभियानों के जरिए भारत में विदेशी निवेश को आकर्षित करने में लगे हैं। वहीं ट्रंप बिना निवेश किए भारत से अरबों रुपये कमा कर अमेरिका ले जा रहे हैं। इसका एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है, ट्रंप की व्यापार नीति भारत के खिलाफ है। उन्होंने टैरिफ बढ़ाकर भारतीय निर्यातकों की रीढ़ की हड्डी को कमजोर किया है। इसी बीच उनका कारोबार भारत में बढ़ता ही जा रहा है। उनके निजी कारोबार को भारत में कोई नुकसान नहीं हुआ। यह बताता है, व्यक्तिगत लाभ और अमेरिका की राष्ट्रीय नीति और भारत को लेकर ट्रंप की सोच में कितना अंतर है। इस पूरे मॉडल से एक सवाल खड़ा होता है। क्या भारत में ट्रम्प का ब्रांड इतना प्रभावी हो चुका है। वह सरकार और मोदी जी से भी बड़ा बन जाए? ट्रंप ने भारत को एक बाजार भर नही समझा। ट्रंप अपने नाम पर भारत से अपने निजी हित के लिए गुंडे जैसी वसूली कर रहे हैं। मोदी कार्यकाल ने उन्हें भारत का एक ब्रांड बना दिया है। जो अब भारत के हितों को भी प्रभावित कर रहा है। असली चिंता इस बात की है। कहीं हम ईस्ट इंडिया कंपनी और ब्रिटिश क्राउन की तरह ट्रंप ब्रांड के गुलाम तो नहीं बनने जा रहे हैं? अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने व्यक्तिगत हितों के लिए टेरिफ के जरिये दुनिया के देशों को परेशान करते हैं। निजी हितों को पूरा करने के लिये अमेरिकी हितों के साथ खिलवाड़ करने वाले अमेरिका के पहले राष्ट्रपति बन गए हैं।

## सवाल जांच एजेंसियों की विश्वसनीयता का?

पिछले कुछ दिनों के भीतर विभिन्न न्यायालयों द्वारा कई बहुचर्चित व हाई प्रोफ़ाईल मामलों से संबंधित कई ऐसे फ़ैसले सुनाये गये जिससे एक बार फिर जांच एजेंसियों की कारगुज़ारियों पर सवाल उठने लगे हैं। सवाल भी दो तरह के। एक तो यह कि यदि सम्बद्ध मामले में अदालत के अनुसार आरोपी बेगुनाह थे तो आख़िर अपराध करने वाले कौन थे? उन्हें सामने लाने की ज़िम्मेदारी आख़िर किस एजेंसी की है? और दूसरा बड़ा सवाल यह कि लंबे समय तक जेल में रहने,कथित रूप से प्रताड़ना सहने, पूरे समाज में अपनी व अपने परिवार की बदनामी उठाने,इतने वर्षों तक अपने काम काज से मुक्त होकर जांच व जेल का सामने करने गोया आरोपियों का पूरा जीवन बर्बाद होने की भरपाई कैसे हो और कौन करेगा इसकी भरपाई? गत 21 जुलाई को बॉम्बे हाई कोर्ट की जस्टिस अनिल किलोर और जस्टिस श्याम चांडक की विशेष पीठ ने 2006 के मुंबई ट्रेन ब्लास्ट मामले से संबंधित मामले में 19 साल बाद,ऐतिहासिक फ़ैसला सुनाया। इस फ़ैसले में 12 में से 11 आरोपियों को सभी आरोपों से मुक्त कर दिया। जबकि कमाल अहमद अंसारी नाम के एक आरोपी की 2021 में कोरोना के चलते जेल में ही मृत्यु हो चुकी थी। ग़ौर तलब है कि 11 जुलाई 2006 को मुंबई की लोकल ट्रेनों में केवल 11 मिनट के भीतर सात स्थानों पर सिलसिलेवार बम धमाके हुए थे। इन धमाकों में 189 बेगुनाह लोग मारे गए थे तथा 800 से अधिक घायल हुए थे। यह बम धमाका मुंबई की उन लोकल ट्रेन्स को लक्षित करके किया गया था, जिसमें रोज़ाना लाखों यात्री सफ़र करते हैं।

इसी तरह का दूसरा फ़ैसला गत 31 जुलाई 2025 को मुंबई की विशेष राष्ट्रीय जांच एजेंसी एन आई ए की अदालत ने सुनाया। यह मामला 29 सितंबर 2008 को महाराष्ट्र के नासिक ज़िले के मालेगांव में हुए बम धमाके से संबंधित था। मालेगांव बम विस्फ़ोट मामले में 17 साल बाद सुनाये गये इस फ़ैसले में भी अदालत ने सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया। मुस्लिम बहुल इलाक़े में हुये इस मोटरसाइकिल बम विस्फ़ोट में फ़रहीन उर्फ़ शगुफ्ता शेख़ लियाक़त, शेख़ मुश्ताक़ यूसुफ़, शेख़ रफ़ीक़ मुस्तफ़ा, इरफ़ान ज़ियाउल्लाह ख़ान, सैयद अज़हर सैयद निसार, और हारून शाह मोहम्मद शाह जैसे 6 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 100 से अधिक लोग घायल हुए थे। 29 सितंबर 2008 को रमज़ान के पवित्र महीने और नवरात्रि से ठीक पहले, मालेगांव के भीकू चौक पर एक मोटरसाइकिल में बम विस्फ़ोट कर इस घटना को अंजाम दिया गया था। । इस घटना के बाद देश में व्यापक विवाद व सांप्रदायिक तनाव पैदा हो गया था। यही वह घटना थी जिसमें प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ़्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित, रिटायर्ड मेजर रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी, और समीर कुलकर्णी जैसे लोगों पर ग़ैर क़ानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, भारतीय दंड संहिता, और विस्फ़ोटक पदार्थ अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए थे। अभियोजन पक्ष ने यह दावा किया था कि जिस मोटरसाइकिल में विस्फ़ोटक लगाकर उड़ाया गया था वह प्रज्ञा ठाकुर के नाम पर थी जबकि कर्नल पुरोहित ने विस्फ़ोटक सामग्री यानी आर डी एक्स उपलब्ध कराई थी। उस समय एटीएस ने यह दावा भी किया था कि यह हमला दक्षिणपंथी संगठन अभिनव भारत की साज़िश के तहत किया गया था।

इसी तरह एक और बहुचर्चित मामला दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र जैन से जुड़ा है। गत 4 अगस्त 2025 को दिल्ली की राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने सत्येंद्र जैन के ख़िलाफ़ एक मामले में सी बी आई की क्लोज़र रिपोर्ट स्वीकार कर ली। इस मामले में सत्येंद्र जैन पर लोक निर्माण विभाग में अनियमित नियुक्तियों का आरोप था। परन्तु अदालत ने पिछले दिनों इसी मामले में अपना फ़ैसला सुनाते हुये कहा कि सी बी आई को लंबी जांच के बाद भी जैन के ख़िलाफ़ कोई आपराधिक सबूत नहीं मिले । अब आरोप लग रहा है कि ई डी ने जैन के विरुद्ध बिना ठोस सबूतों के कार्रवाई की। क्योंकि ED ने जैन के घर से नक़द या सोना बरामद होने का जो दावा किया था अदालत ने उन दावों को ही झूठा माना और ई डी को फटकार भी लगाई। इन आरोपों में अपनी संलिप्तता से पूर्व दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य, बिजली, गृह, और पी डब्लू डी जैसे महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री जैसे गरिमामयी पद पर थे। उदाहरणार्थ उपरोक्त तीनों मामलों का ज़िक्र यहाँ इसीलिये किया जा रहा है क्योंकि यह मामले न केवल है प्रोफ़ाइल थे बल्कि इन मामलों का गहरा सम्बन्ध देश की राजनीति से भी था। मीडिया में इन सभी मामलों ने भरपूर सुर्ख़ियां बटोरी थीं और पक्षपाती मीडिया ने भी इन मामलों में अपने तरीक़े से मिडिया ट्रायल भी चलाया था। अन्यथा निश्चित रूप से ऐसे और भी फ़ैसले आये दिन होते होंगे जिनमें वर्षों तक जेल भुगतने के बाद या जेल में मौत हो जाने के बाद आरोपियों को सुबूतों,साक्ष्यों व गवाहों के अभाव के चलते बरी कर दिया जाता हो। इन परिस्थितियों में कुछ महत्वपूर्ण सवाल उठने लाज़िमी हैं। अदालतें यदि किसी भी आरोपी को साक्ष्यों व गवाहों के अभाव के कारण बरी करती हैं तो वह निश्चित रूप से स्वागत योग्य है। क्योंकि हमारे देश की न्याय व्यवस्था का यह कथन है कि भले ही सौ गुनहगार रिहा हो जाएँ परन्तु किसी एक भी बेगुनाह को सज़ा नहीं होनी चाहिये। ज़ाहिर है इस कथन के तहत जांच एजेंसियों की रिपोट्र्स का अति सूक्ष्म अध्यन व गवाहों से भरसक जिरह करना अदालत का दायित्व है।

## भारत में कृषि क्रांति तेज गति से जारी

शिवराज सिंह चौहान

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, निरंतर सुधारों और किसान-केंद्रित पहलों के कारण कृषि क्षेत्र में निरंतर प्रगति हुई है और देश ने धान, गेहूं, मक्का, मूंगफली और सोयाबीन का रिकॉर्ड उत्पादन किया है। कृषि वर्ष 2024-25 के लिए प्रमुख कृषि फसल उत्पादन के तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, वर्ष 2024-25 में कुल खाद्यान्न उत्पादन 353.96 मिलियन टन होने का अनुमान है, जो अब तक का सबसे अधिक खाद्यान्न उत्पादन होगा और वर्ष 2014-15 (252.02 मिलियन टन) की तुलना में यह 40 प्रतिशत अधिक रहेगा। 1960 के दशक से पहले की जड़ता और खाद्य असुरक्षा को पीछे छोड़ते हुए आज भारतीय कृषि खाद्य अधिशेष प्राप्त करने की स्थिति में आ गयी है, जिससे माल्थस की यह धारणा गलत साबित होती है कि जनसंख्या वृद्धि, खाद्य उत्पादन की तुलना में अधिक हो जाएगी। 1967 में, विलियम और पॉल पैडॉक ने भारत में अकाल की भविष्यवाणी की थी। उनका दावा था कि देश अपनी बढ़ती आबादी का पेट नहीं भर पाएगा। उन्होंने खाद्य सहायता के खिलाफ विवादास्पद तर्क दिया था, क्योंकि उन्हें डर था कि इससे भविष्य में भुखमरी और बढ़ेगी। उच्च उपज वाले चावल और गेहूं की किस्मों, कृषि रसायनों और सिंचाई से संचालित हरित क्रांति ने पैडॉक की भविष्यवाणी को गलत साबित कर दिया। भारत का खाद्यान्न उत्पादन 1966-67 के 74 मिलियन टन से बढ़ाकर 1979-80 तक 130 मिलियन टन हो गया। वार्षिक वृद्धि 8.1 मिलियन टन (2014-2025) के शिखर-बिंदु को छूते हुए 354 मिलियन टन तक पहुंच गई। बागवानी फसलें भी 1960 के दशक के 40 मिलियन टन से बढ़कर 2024-25 में 334 मिलियन टन हो गई, जिसमें हाल ही में 7.5 मिलियन टन की वार्षिक वृद्धि हुई है। विपरीत परिस्थितियों को सहन करने में सक्षम किस्मों और अनुकूल कृषि पद्धतियों में प्रगति के कारण फसल उत्पादन में भी अधिक स्थिरता आयी है। भारत के डेयरी, मुर्गीपालन और मत्स्य पालन क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 1970 के दशक में शुरू हुई श्वेत क्रांति ने दूध उत्पादन को 20 मिलियन टन से बढ़ाकर 2023-24 तक 239 मिलियन टन कर दिया, जो पूरे यूरोप के बराबर है। 1980 के दशक की नीली क्रांति ने मछली उत्पादन को 2.4 मिलियन टन से बढ़ाकर 2024-25 तक 19.5 मिलियन टन कर दिया, जिससे भारत दूसरा सबसे बड़ा समुद्री खाद्य उत्पादक और निर्यातक बन गया। मुर्गीपालन, घरेलू गतिविधि से आगे बढ़कर एक उद्योग के रूप में विकसित हुआ, जिसमें अंडों का उत्पादन 10 बिलियन से बढ़कर 143 बिलियन हो गया और इसी अवधि में मुर्गी के मांस का उत्पादन 113 हजार टन से बढ़कर 5,019 हजार टन हो गया। 2014-15 और 2023-24 के बीच, पशु-स्रोत से प्राप्त खाद्य के उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गईः दूध में सालाना 10.2 मिलियन टन, अंडों में 6.8 बिलियन इकाई, ब्रॉयलर मांस में 217 हजार टन और मछली (मुख्य रूप से जलीय कृषि) में 0.78 मिलियन टन की वृद्धि हुई। प्रजनन, संसाधन प्रबंधन और कुशल जनशक्ति में तकनीकी प्रगति ने इस तेज वृद्धि को गति दी है। फल, सब्ज़ियां और पशु उत्पाद जैसे उच्च-मूल्य वाले खाद्य पदार्थ अब खाद्यान्न वृद्धि से आगे निकल रहे हैं, जो कृषि विविधीकरण, बेहतर पोषण, किसानों की आय और जलवायु विषम परिस्थितियों के प्रति सहनीयता में प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। भारत की खाद्य उत्पादन सफलता पोषण, किसानों की आय, जलवायु की विषम परिस्थितियों के प्रति सहनीयता और निर्यात को बढ़ावा देने में प्रौद्योगिकी व नीति की परिवर्तनकारी भूमिका को दर्शाती है। आईसीएआर के शोध से पता चलता है कि कृषि में निवेश पर उच्च आय प्राप्त होती है- अनुसंधान और विस्तार पर खर्च किए गए प्रत्येक रुपये पर क्रमशः 13.85 रुपये और 7.40 रुपये। पीएमकेएसवाई (सिंचाई), पीएम-किसान (प्रत्यक्ष किसान सहायता), राष्ट्रीय पशुधन मिशन और नीली क्रांति जैसी हाल की सरकारी पहलों ने संसाधनों के उपयोग को बढ़ाकर, जोखिमों को कम करके और कृषि-खाद्य प्रणाली में प्रौद्योगिकी अपनाने को प्रोत्साहन देकर कृषि विकास को और मजबूती दी है। 2047 तक, भारत ने विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य निर्धारित किया है, इसलिए इसकी अर्थव्यवस्था को सालाना 7.8 प्रतिशत की दर से वृद्धि करनी होगी। अनुमान है कि 2047 तक देश की जनसंख्या 1.6 अरब हो जायेगी- जिसमें से आधी आबादी शहरी क्षेत्रों में निवास करेगी। इस बदलाव से खाद्यान्न की कुल मांग दोगुनी हो जाएगी, फलों, सब्जियों और पशु-आधारित खाद्य पदार्थों की मांग तिगुनी होने की उम्मीद है, जबकि अनाज की मांग स्थिर रहेगी, जिससे अधिशेष की स्थिति बनी रहेगी। हालांकि, बढ़ते शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण कृषि भूमि 180 मिलियन हेक्टेयर से घटकर 176 मिलियन हेक्टेयर और औसत भूमि जोत 1 से घटकर 0.6 हेक्टेयर रह जाएगी। इससे जल और कृषि रसायनों पर दबाव बढ़ेगा, जिससे संसाधनों का क्षरण होने का खतरा होगा। जलवायु परिवर्तन और भी बड़ा जोखिम है, जो स्थायी कृषि और ग्रामीण आजीविका को खतरे में डालता है। भारत की उभरती कृषि-खाद्य चुनौतियां, उत्पादन-रणनीतियों में बदलाव की मांग करती हैं। प्रतिवर्ष 20 मिलियन टन चावल, जिसकी खेती में अधिक मात्रा में जल की जरूरत होती है, के निर्यात के बावजूद, भूजल की सतत उपलब्धता खतरे में है। इस बीच, भारत खाद्य तेलों और दालों के आयात पर बहुत अधिक निर्भर है। खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने, किसानों के हितों की रक्षा करने और संसाधनों के संरक्षण के लिए, फसल नियोजन में स्थायी कृषि पद्धतियों के साथ-साथ तिलहन और दलहन जैसी जल-कुशल फसलों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

विभिन्न बाधाओं के कारण कृषि कार्य में उपयोग न की जाने वाली 12 मिलियन हेक्टेयर चावल-परती भूमि पर भारत दलहन और तिलहन की खेती का विस्तार कर सकता है। हालांकि, कम पैदावार- तिलहन में 18-40 प्रतिशत और दलहन में 31-37 प्रतिशत का अंतर - तकनीकी उन्नयन की आवश्यकता को रेखांकित करता है। विकसित कृषि संकल्प अभियान (वीकेएसए) 728 जिलों में 1.35 करोड़ किसानों तक पहुंचा, किसान-वैज्ञानिक प्रत्यक्ष बातचीत के माध्यम से बेहतर कार्यप्रणालियों को बढ़ावा मिला। उत्पादन को बढ़ावा देने और आयात को कम करने के लिए, सरकार ने मिशन-मोड में कई योजनाएं भी शुरू की हैं, जो तिलहन, दलहन और कपास के उच्च उपज वाले बीजों पर केंद्रित हैं। कृषि अनुसंधान में लागत कम करने और जोखिमों का प्रबंधन करते हुए उत्पादकता, सहनीयता और संसाधन दक्षता को बढ़ावा देने की अपार संभावनाएं हैं। समय पर जानकारी की बढ़ती मांग के साथ, एआई और डेटा विश्लेषण जैसे आधुनिक उपकरण वैश्विक कृषि अनुसंधान में बदलाव ला रहे हैं। भारत वर्तमान में अनुसंधान एवं विकास में सालाना 116 बिलियन रुपये (कृषि-जीडीपी का 0.5 प्रतिशत) का निवेश करता है, इसके साथ ही वित्त पोषण बढ़ाने और मांग-आधारित दृष्टिकोण अपनाने की योजनाएं भी तैयार की गयी हैं। कृषि विज्ञान केंद्रों, राज्य विस्तार प्रणालियों और केंद्र-राज्य समन्वय को मज़बूत करने से अनुसंधान, किसानों के साथ और भी गहराई से जुड़ सकेगा।


"विभिन्न बाधाओं के कारण कृषि कार्य में उपयोग न की जाने वाली 12 मिलियन हेक्टेयर चावल-परती भूमि पर भारत दलहन और तिलहन की खेती का विस्तार कर सकता है। हालांकि, कम पैदावार- तिलहन में 18-40 प्रतिशत और दलहन में 31-37 प्रतिशत का अंतर - तकनीकी उन्नयन की आवश्यकता को रेखांकित करता है। विकसित कृषि संकल्प अभियान (वीकेएसए) 728 जिलों में 1.35 करोड़ किसानों तक पहुंचा, किसान-वैज्ञानिक प्रत्यक्ष बातचीत के माध्यम से बेहतर कार्यप्रणालियों को बढ़ावा मिला। उत्पादन को बढ़ावा देने और आयात को कम करने के लिए, सरकार ने मिशन-मोड में कई योजनाएं भी शुरू की हैं, जो तिलहन, दलहन और कपास के उच्च उपज वाले बीजों पर केंद्रित हैं।"


## धराली में तबाही का जिम्मेदार कौन!

राधा रमण

उत्तराखंड का धराली बाजार बादल फटने से एक बार फिर तबाह हो गया। इससे पहले तीन बार 1864, 2013 और 2014 में भी यहां बादल फटे थे और तबाही आई थी। हालांकि समय के साथ धराली बार-बार उठ खड़ा हुआ है। हो सकता है फिर से उठ खड़ा हो जाए। गंगोत्री धाम से करीब 18 किलोमीटर पहले बसा उत्तरकाशी जिले का धराली पहले गांव था, फिर कस्बा बना और अब बाजार बनकर गुलजार हो रहा था। वहां 25 से ज्यादा होटल और होम स्टे बन गए थे। कई सारे रेस्टोरेंट और दुकानें खुल गई थीं। गंगोत्री धाम जानेवाले पर्यटक यहां ठहरते और रात्रि विश्राम किया करते थे। गंगोत्री धाम जानेवालों के लिए धराली आखिरी पड़ाव होता है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले साल गंगोत्री धाम में 6 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किये थे। इस साल का आंकड़ा अभी सामने नहीं आया है। धराली की आबादी करीब एक हजार थी। मंगलवार दोपहर तक धराली के बाजार में चहल-पहल थी। बारिश के बावजूद मौसम सुहावना था। इस बीच, दोपहर करीब 1.15 बजे धराली के ऊपरी इलाके में बादल फटने से पहाड़ का मलबा महज 34 सेकेंड में धराली के बीचोंबीच बहनेवाली खीर नदी के रास्ते सब कुछ समेट ले गया। लगभग पूरा बाजार, 22 घर, कई होटल और होम स्टे जमींदोज हो गए। धराली में जो इक्का-दुक्का घर बचे भी हैं, उसमें करीब 8 फीट मलबा भरा हुआ है। जानमाल के नुकसान का पूरा ब्यौरा रिपोर्ट लिखे जाने तक नहीं मिल सका है। हादसे के दूसरे दिन शाम तक बचाव दल ने 400 से ज्यादा लोगों के रेस्क्यू करने का दावा किया है। उधर, प्रशासन ने 5 लोगों के मरने की पुष्टि की है, जिनमें एक का शव बरामद किया गया है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी और सेना के जवान राहत और बचाव कार्य में हादसे के बाद से ही जुटे हुए हैं। हालांकि उत्तराखंड में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश बचाव दल का रास्ता रोक रही है।

इधर, केरल के 28 सदस्यीय टूरिस्टों का दस्ता धराली हादसे के बाद से लापता बताया जाता है। उनके पारिवारिक सदस्यों ने मीडिया को बताया कि सभी लोग मंगलवार की सुबह धराली में थे और गंगोत्री धाम जाने की तैयारी कर रहे थे। अब हादसे के बाद उनसे कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। धराली स्थित प्राचीन कल्प केदार मंदिर भी मलबे में दफन हो गया है। बताया जाता है कि कल्प केदार मंदिर 1500 साल से ज्यादा पुराना है।

उत्तरकाशी के लिए मंगलवार का दिन कुछ ज्यादा ही मनहूस रहा। वहां महज ढाई घंटे के भीतर धराली के अलावा हर्षिल और सुक्खी टॉप के पास भी बादल फटने की घटनाएं हुईं। हर्षिल में भारतीय सेना का बेस कैंप है। एनडीआरएफ के डीआईजी के मुताबिक हादसे के बाद सेना के 11 जवान भी लापता हैं। उन्हें ढूंढने का अभियान जारी है। प्रशासन ने अभी तक सिर्फ धराली और हर्षिल हादसे का आधा-अधूरा ब्यौरा दिया है। सुक्खी टॉप में बर्बादी की जानकारी दूसरे दिन तक नहीं मिल पायी है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बात की है। उन्होंने हर संभव मदद का भरोसा दिया है। हादसे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया है। वह राज्य के आपदा प्रबंधन के लोगों और सरकारी अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में हैं। लेकिन प्रकृति जब कोप में होती है तो आदमी बेबस हो जाता है।

वरिष्ठ भू वैज्ञानिक प्रो. एसपी सती कहते हैं कि 'धराली ट्रांस हिमालय में मौजूद मेन सेंट्रल थर्स्ट में है। यह एक दरार होती है जो मुख्य हिमालय को ट्रांस हिमालय से जोड़ती है। यह इलाका भूकंप का अति संवेदनशील जोन भी है। जिस पहाड़ से खीर गंगा नदी आती है, वह 6 हजार मीटर ऊंचा है। जब भी वहां से सैलाब आता है, धराली को तहस-नहस कर देता है।'

उत्तराखंड के आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ पीयूष रौतेला की मानें तो 2014 की आपदा के बाद भू वैज्ञानिकों ने सरकार से धराली को कहीं और बसाने को कहा था। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में लिखा था कि धराली टाइम बम पर बैठा है। यही नहीं, उत्तराखंड में सैकड़ों गांव नदियों के कछार में बसे हुए हैं। हर साल बरसात में उन गांवों का संपर्क कट जाता है। भू वैज्ञानिकों की रिपोर्ट सरकारी फाइलों में धूल फांकती रहती है और सरकार सब कुछ जानते हुए भी अनजान बनी रहती है। सरकार का पूरा जोर पर्यटकों से कमाई पर केंद्रित रहता है।

इसके अलावा समूचे उत्तराखंड में सड़क निर्माण, सुरंग और हाइड्रो प्रोजेक्ट के नाम पर काम सालों साल चलता रहता है। जंगल काटे जा रहे हैं। डायनामाईट से पहाड़ तोड़े जा रहे हैं। इससे पहाड़ों की मजबूती कम होती जा रही है। विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन का अभाव होते जा रहा है। पहाड़ों के बीच कई स्थानों पर झील बने हुए हैं। अगर, सरकार भू वैज्ञानिकों की सलाह को नजरअंदाज करती रहेगी तो आनेवाले दिनों में मानव और वन्यजीवों के लिए खतरा बड़ा होता जाएगा। बेशक, विकास जरूरी है लेकिन जान-माल की हानि की कीमत पर होने वाले विकास को कत्तई उचित नहीं कहा जा सकता है।


"उत्तरकाशी के लिए मंगलवार का दिन कुछ ज्यादा ही मनहूस रहा। वहां महज ढाई घंटे के भीतर धराली के अलावा हर्षिल और सुक्खी टॉप के पास भी बादल फटने की घटनाएं हुईं। हर्षिल में भारतीय सेना का बेस कैंप है। एनडीआरएफ के डीआईजी के मुताबिक हादसे के बाद सेना के 11 जवान भी लापता हैं। उन्हें ढूंढने का अभियान जारी है। प्रशासन ने अभी तक सिर्फ धराली और हर्षिल हादसे का आधा-अधूरा ब्यौरा दिया है। सुक्खी टॉप में बर्बादी की जानकारी दूसरे दिन तक नहीं मिल पायी है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बात की है। उन्होंने हर संभव मदद का भरोसा दिया है। हादसे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया है।"


## ग्लेशियर डिपॉजिट टूटने से धराली में हुई प्रलय!

डॉ. श्रीगोपाल नारसन

उत्तरकाशी के हरी शिला पर्वत पर सात ताल इलाके से खीर गंगा आती है, जहां यह बादल फटा है।दाहिने तरफ़ धराली इलाका है, बाएं तरफ़ हर्षिल का तेल गाट में आर्मी कैम्प है। धराली हादसे के समय धराली में 200 से ज्यादा लोग मौजूद थे। 5 अगस्त की दोपहर करीब 01:45 बजे, हरसिल के भारतीय सेना के कैंप से करीब 4 किलोमीटर दूर, धराली गांव में बादल फटने से तबाही मची। बादल फटने की घटना के बाद आई भीषण बाढ़ में करीब एक दर्जन लोगों की मौत हो गई और 50 से ज़्यादा लोग लापता हैं।धराली हादसे में सेना के 10 जवान और एक जेसीओ लापता बताए जा रहे हैं।इस आपदा से सेना का कैंप भी प्रभावित हुआ है। सेना की 14 राजरिफ यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर और जवान राहत और बचाव कार्य में लगे हुए हैं।हर्षिल में नदी के किनारे बना हेलीपैड भी बह गया है। भारी बारिश की वजह से हेलीकॉप्टर से राहत और बचाव का काम नहीं हो पा रहा है। हर्षिल इलाके में खीरगढ़ नाले के उफान पर होने से तबाही और बढ़ गई, जिसके चलते उत्तरकाशी पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, सेना और अन्य बचाव दल सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में राहत कार्य करने में जुटे हुए है। जिस जगह पर भूस्खलन हुआ, उसके पास तैनात भारतीय सेना ने सबसे पहले मदद की, उन्होंने करीब 15 लोगों को बचाया।धराली में खीर गंगा नदी में आई विनाशकारी बाढ़ में 5 होटल पूरी तरह बहकर तबाह गए हैं। बाढ़ आने से 10 से 12 मजदूरों के भी दबे होने की आशंका है। जियोलॉजिस्ट इमरान खान ने बताया धराली गांव से लगभग 7 किमी ऊपर की ओर, समुद्र तल से लगभग 6,700 मीटर की ऊंचाई पर स्थित, ग्लेशियर डिपाजिट डेबरी का एक बड़ा हिस्सा टूटने से मलबा तेजी से नीचे घाटी की ओर आया। सैटेलाइट चित्र के अनुसार ग्लेशियर मलबे की मोटाई 300 मीटर और क्षेत्रीय विस्तार तकरीबन 1.12 वर्ग किलोमीटर का बताया गया है। जिसके कारण निचले इलाकों में तबाही मची है।भारतीय जियोलॉजिस्ट इमरान खान भूटान में चल रहे PHPA-1 में सेवारत हैं।धराली गांव से लगभग 7 किमी ऊपर की ओर, समुद्र तल से लगभग 6,700 मीटर की ऊंचाई पर स्थित, हिमनदों से बने मोटे तलहटी निक्षेपों का एक महत्वपूर्ण समूह पाया गया है। इन निक्षेप अनुमानित ऊर्ध्वाधर की मोटाई 300 मीटर है। इसका क्षेत्रीय विस्तार 1.12 वर्ग किमी है।इसकी संरचना अनुमानित हिमोढ़ और हिमनद-नदी पदार्थ की है।यह एक लटकते हिमनद गर्त के भीतर स्थित असंगठित पिंड है।5 अगस्त को हुई उच्च-तीव्रता वाली बारिश (बादल फटने) के दौरान अत्यधिक सतही अपवाह और अंतःस्त्राव ने संभवतः इस हिमनद निक्षेप की प्रतिगामी विफलता या अचानक ढलान वियोजन को प्रेरित किया।मध्यवर्ती नाला चैनल की तीव्र स्थलाकृतिक ढाल - जो लगभग 7 किमी के खड़ी, सीमित भूभाग को कवर करती है, ने मलबे के वेग को बढ़ा देने से यह प्रलय आई है। अनुमान है मलबा प्रवाह न्यूनतम क्षीणन के साथ एक मिनट से भी कम समय में धराली गांव तक पहुंच गया।ग्लेशियर डिपोजिट ग्लेशियरों द्वारा जमा सामग्री होती है,इसमें बर्फ के बड़े बड़े टुकड़े होते हैं।ये टुकड़े गुरुत्वाकर्षण के कारण धीरे-धीरे नीचे की ओर खिसकते रहते हैं।ये रास्ते में चट्टानों, बजरी, रेत और मिट्टी जैसा मलबा भी अपने साथ समेट लेते हैं तथा उन्हें लेकर आगे बढ़ते हैं।जब ग्लेशियर पिघलता है, तो यह अपने साथ लाए गए मलबे को पीछे छोड़ देता है, जिसे ग्लेशियल डिपोजिट कहते हैं। उत्तरकाशी के डीएम प्रशांत आर्य ने बताया कि जिस जगह बदल फटा है वहां पर काफी होटल और रेस्टोरेंट हैं। कुछ टूरिस्ट भी वहां फंसे हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तरकाशी के धराली में हुई इस त्रासदी से प्रभावित लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी जी से बात कर उन्होंने हालात की जानकारी भी ली । राज्य सरकार की निगरानी में राहत और बचाव की टीमें मौके पर जुटी हुई हैं,लेकिन मौसम प्रतिकूल होने के कारण राहत कार्यों में कठिनाई आ रही है।

# पीपल के पत्ते के 14 फायदे, उपयोग और नुकसान



**पीपल का पेड़ अपने विशाल आकार और घनी छाया के लिए जाना जाता है। हवा चलने पर इसकी पत्तियों से तालियों के बजने जैसी आवाज आती है, लेकिन इन्हीं पीपल की पत्तियों के स्वास्थ्य संबंधी कई ऐसे फायदे हैं, जो आपको स्वस्थ रहने में मदद कर सकते हैं। पीपल का वैज्ञानिक नाम फिकस रेलिगिओसा होता है।**

## पीपल के पत्ते के फायदे

**पीपल के पत्ते के फायदे कुछ इस प्रकार स्वास्थ्य लाभ पहुंचा सकते हैं।**

### 1. अस्थमा में

यह सांस की समस्या से जुड़ी परेशानी होती है, जिसमें फेफड़ों के रास्ते में सूजन और कसाव उत्पन्न हो जाता है। इससे गले में घरघराहट, सांस लेने में तकलीफ, सीने में जकड़न और खांसी होती है। अस्थमा की समस्या में पीपल के पत्ते के फायदे देखे जा सकते हैं। एक वैज्ञानिक अध्ययन के अनुसार यह देखा गया कि पीपल के पत्ते के अर्क में ऐसे विशेष गुण पाए जाते हैं, जो ब्रोंकोस्पास्म पर प्रभावी असर दिखा सकता है।

एक अन्य वैज्ञानिक अध्ययन के अनुसार यह देखा गया है कि पीपल के पत्ते और फल में औषधीय गुण पाए जाते हैं, जो अस्थमा को ठीक करने में मददगार साबित हो सकते हैं। अस्थमा के इलाज के लिए पीपल के पत्ते का जूस और इसके फल का चूर्ण लेने की सलाह दी जाती है।

### 2. पेट दर्द में

आपने अपने पेट में दर्द का अनुभव कभी न कभी जरूर किया होगा, लेकिन अगर आपके आसपास पीपल का पेड़ है, तो अगली बार आप इस समस्या से नहीं जूझेंगे। एक वैज्ञानिक अध्ययन में यह देखा गया है कि पीपल के पत्ते में एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एनाल्जेसिक गुण पाए जाते हैं, जो विभिन्न प्रकार के दर्द और सूजन की समस्या को ठीक कर सकते हैं।

एक अन्य वैज्ञानिक में यह देखा गया है कि पीपल का उपयोग आयुर्वेदिक दवाओं में पेट दर्द की दवा बनाने के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है।

### 3. फटी हुई एड़ियों के लिए

आपने कभी न कभी अपने किसी करीबी या परिवार के सदस्यों में फटी हुई एड़ियों की समस्या जरूर देखी होगी। इस समस्या में पीपल का फायदा देखा जा सकता है। फटी एड़ियों के लिए आप पीपल की छाल का इस्तेमाल कर सकते हैं। दरअसल, पीपल की छाल में एंटीमाइक्रोबियल गुण पाए जाते हैं, जिस कारण इसे फूट क्रीम (पैरों के लिए) को तैयार करने में भी इस्तेमाल किया जाता है।

### 4. डायरिया की समस्या में

डायरिया की स्थिति में इंसान बहुत थका हुआ महसूस करने लगता है, क्योंकि डायरिया में पतले दस्त होने लगते हैं। दिनभर में तीन या अधिक बार दस्त होना डायरिया के लक्षण माने जाते हैं। इस समस्या से उबरने के लिए आप पीपल की छाल का उपयोग कर सकते हैं, क्योंकि पीपल की छाल में एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। अगर इसकी छाल से निकलने वाले अर्क का सेवन किया जाए, तो यह डायरिया की समस्या को प्रभावी रूप से ठीक कर सकता है।

### 5. दांतों के लिए

पीपल के लाभ दांतों के लिए भी उपयोग में लाए जा सकते हैं। पीपल के पत्तों से बने हुए तेल में स्टेरॉयड, फ्लेवोनोइड्स, और एल्कलॉइड्स बायोएक्टिव यौगिक पाए जाते हैं। एक वैज्ञानिक शोध में देखा गया है कि बायोएक्टिव यौगिक न केवल दांतों को सफेद करने का गुण रखते हैं, बल्कि यह मुंह की दुर्गंध व मसूड़ों की एलर्जी को भी सुधारने का काम कर सकते हैं।

### 6. हृदय स्वास्थ्य के लिए

हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए भी पीपल के लाभ प्रयोग किए जा सकते हैं। एक वैज्ञानिक अध्ययन के अनुसार, अगर पीपल का पत्ता रात भर भिगोकर रखा जाए और अगले दिन अर्क का सेवन तीन बार किया जाए, तो हृदय से जुड़ी समस्याओं को कम किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त पीपल ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस और सूजन को भी कम करता है साथ ही इसमें कार्डियोप्रोटेक्टिव गुण (हृदय रोगों से सुरक्षा प्रदान करने का गुण) भी पाया जाता है।

### 7. लीवर के लिए

कुछ दवाओं के सेवन से कभी-कभी लीवर को हानि पहुंच सकती है। ऐसे में लीवर के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए पीपल पर भरोसा किया जा सकता है। एक वैज्ञानिक अध्ययन के अनुसार यह देखा गया कि पीपल में हेपोप्रोटेक्टिव क्रिया (लीवर को डैमेज होने से बचाने वाली एक क्रिया) पाई जाती है। एक अन्य वैज्ञानिक रिपोर्ट में भी बताया गया है कि अर्क का उपयोग करने से लीवर को खराब होने से बचाया जा सकता है।

### 8. रक्त को शुद्ध करने में

रक्त शुद्धीकरण करने के लिए पीपल के लाभ आपकी मदद कर सकते हैं। आयुर्वेद में पीपल की पत्तियों को रक्त की अशुद्धता को दूर करके, त्वचा रोग को ठीक करने के लिए लिए इस्तेमाल किया जाता है। पीपल की पत्तियों में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-वायरल गुण पाए जाते हैं और एक वैज्ञानिक शोध के आधार पर यह भी बताया गया कि पीपल की पत्तियों के अर्क को पीने से रक्त शुद्ध हो सकता है।

### 9. इनफर्टिलिटी और इम्पोटेंस

इनफर्टिलिटी एक ऐसी समस्या है, जब कोई महिला कई प्रयासों के बाद भी गर्भधारण नहीं कर पाती है। वहीं, पीपल में इम्यूनोमॉड्यूलेटरी गुण होता है। एक वैज्ञानिक अध्ययन के आधार पर यह बताया गया है कि इम्यूनोथेरेपी के जरिए प्रजनन क्षमता को बढ़ाया जा सकता है।

### 10. पीलिया

आंखों और त्वचा पर पीलेपन को पीलिया का लक्षण माना जाता है। पीपल का औषधीय गुण पीलिया जैसी बीमारी को भी खत्म कर सकता है। विशेषज्ञों के द्वारा जारी किए गए एक शोध के अनुसार, पीपल की पत्तियों में फ्लेवोनॉइड, स्टेरोल्स जैसे बायोएक्टिव यौगिक पाए जाते हैं। अगर पीपल की दो से तीन पत्तियों को दिन में दो बार पानी और चीनी के साथ सेवन किया जाए, तो पीलिया की समस्या में लाभ हो सकता है।

### 11. कफ की समस्या से छुटकारा दिलाने में

अगर आप कफ की समस्या से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो इस स्थिति से उबरने के लिए पीपल का पत्ता प्रभावी रूप से कार्य कर सकता है। दरअसल, पीपल की पत्ती में थेरेपेटिक गुण पाए जाते हैं, जिसका उपयोग करने से कफ में आराम मिल सकता है। एक अन्य वैज्ञानिक रिसर्च में बताया गया है कि पीपल के पत्ते को जूस के रूप में इस्तेमाल करने से कफ की समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

### 12. घाव भरने में सहायक

घाव भरने के लिए भी पीपल के पत्ते के औषधीय गुण देखे जा सकते हैं। जी हां, वैज्ञानिक शोध के आधार पर यह कहा गया है कि टैनिन पोस्सेस में कोलेजन की मात्रा बढ़ाने का गुण पाया जाता है, जो घाव भरने के लिए जरूरी क्रिया में से एक है। अध्ययन के दौरान यह देखा गया कि पीपल की पत्ती के रस इसमें प्रभावी असर दिखा सकते हैं।

### 13. डायबिटीज की समस्या में

अगर आप डायबिटीज की समस्या से परेशान हैं, तो पीपल के पत्ते का इस्तेमाल कर सकते हैं। विशेषज्ञों के द्वारा जारी किए गए एक वैज्ञानिक शोध में देखा गया है कि पीपल में ऐसे गुण पाए जाते हैं, जो ब्लड ग्लूकोज के स्तर को काफी हद तक कम कर सकते हैं और सीरम इंसुलिन की मात्रा भी बढ़ा सकते हैं। इस कारण से डायबिटीज के जोखिमों को कम किया जा सकता है।



### 14. त्वचा को स्वस्थ रखने में

पीपल के पत्ते के औषधीय गुण आपको त्वचा संबंधी कई समस्याओं से राहत पहुंचा सकते हैं। पीपल के पत्ते में ऐसे विशेष गुण होते हैं, जिसका प्रयोग करके त्वचा संबंधी कई समस्याओं से बचा सकता है। इसके अलावा पीपल के पत्ते में प्रोटीन भी पाया जाता है, जो हमारी त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद कर सकता है, क्योंकि प्रोटीन हमारे शरीर के द्वारा नहीं बनाया जाता है और इसकी पूर्ति हमें खाद्य पदार्थ के जरिए ही करनी पड़ती है ।

## पीपल के पत्ते का उपयोग

- पीपल के पत्ते को निम्न प्रकार से इस्तेमाल किया जा सकता है।
- पीपल के पत्ते का जूस बनाकर पीने में उपयोग किया जा सकता है।
- पीपल के पत्ते का अर्क कई समस्याओं के इलाज के तौर पर उपयोग किया जा सकता है।
- पीपल के पत्ते को पीसकर दांतों के लिए पेस्ट के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।
- त्वचा पर पीपल के पत्तों का पेस्ट बनाकर रखा जा सकता है।
- पीपल की पत्तियों को नीम की पत्तियों की तरह कच्चा भी चबाया जा सकता है।

## कब करें इस्तेमाल

पीपल की पत्तियों को ज्यादातर सुबह इस्तेमाल में लिया जा सकता है। इसके सेवन से जुड़ी अधिक जानकारी के लिए एक बार डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

## कितना करें इस्तेमाल

कच्चा चबाने के लिए पीपल की केवल 2-3 पत्तियां ही लें और जूस के रूप में इसे केवल एक छोटे गिलास की मात्रा में ही पिएं। एक हफ्ते में इसके सेवन को दोहराने से पहले डॉक्टर से परामर्श जरूर लें।

## पीपल के पत्ते के नुकसान

- पीपल के पत्ते के नुकसान निम्न प्रकार से हो सकते हैं।
- पीपल पत्ते के अधिक सेवन करने से इसका कड़वा स्वाद आपको उल्टी करवा सकता है।
- पीपल के पत्ते में कैल्शियम होता है। इसका अधिक सेवन करने से प्रोस्टेट कैंसर और हृदय रोग का खतरा बढ़ा सकता है,।
- पीपल की पत्ती में फाइबर की मात्रा पाई जाती है और अनिश्चिचित मात्रा में किया गया उपयोग पेट में गैस, दर्द और मरोड़ की समस्या उत्पन्न कर सकता है।

# मोतियाबिंद से रहें सावधान

**कभी-कभी इस लेंस पर कुछ धुंधलापन आ जाता है , जिसकी वजह से इससे गुजरने वाला प्रकाश का रास्ता बंद हो जाता है। इसका नतीजा यह होता है कि पूरी लाइट पास होने पर जो ऑब्जेक्ट इंसान को बिल्कुल साफ दिखाई देता है,अब कम लाइट पास होने की वजह से वही ऑब्जेक्ट धुंधला नजर आने लगता है। लेंस पर होनेवाले इसी धुंधलेपन की स्थिति को मोतियाबिंद कहा जाता है। यह क्लाउडिंग धीरे - धीरे बढ़ती जाती है और मरीज की नजर पहले से ज्यादा धुंधली होती जाती है। मोतियाबिंद के कारण हो सकती हैं ये बीमारियां।**

मोतियाबिंद की समस्या पहले सिर्फ बुजुर्गों में ही पायी जाती थी लेकिन आजकल ये युवाओं ओर बच्चों को भी अपना शिकार बना रही है। अगर आप किसी बीमारी से ग्रस्त हैं तो उसका असर भी आपके आंखों की रोशनी पर होता है जिससे मोतियाबिंद की समस्या होती है। आंखिर क्या है मोतियाबिंद हमारी आंख की पुतली के पीछे एक लेंस होता है। पुतली पर पड़ने वाली लाइट को यह लेंस फोकस करता है और रेटिना पर ऑब्जेक्ट की साफ इमेज बनाता है। रेटिना से यह इमेज नर्व्स तक और वहां से दिमाग तक पहुंचती है। आंख की पुतली के पीछे मौजूद यह लेंस पूरी तरह से साफ होता है , ताकि इससे लाइट आसानी से पास हो सके।

कभी-कभी इस लेंस पर कुछ धुंधलापन आ जाता है , जिसकी वजह से इससे गुजरने वाला प्रकाश का रास्ता बंद हो जाता है। इसका नतीजा यह होता है कि पूरी लाइट पास होने पर जो ऑब्जेक्ट इंसान को बिल्कुल साफ दिखाई देता है,अब कम लाइट पास होने की वजह से वही ऑब्जेक्ट धुंधला नजर आने लगता है। लेंस पर होनेवाले इसी धुंधलेपन की स्थिति को मोतियाबिंद कहा जाता है। यह क्लाउडिंग धीरे - धीरे बढ़ती जाती है और मरीज की नजर पहले से ज्यादा धुंधली होती जाती है। मोतियाबिंद के कारण हो सकती हैं ये बीमारियां।

### मधुमेह

मधुमेह शरीर के दूसरे अंगों जैसे गुर्दे और हृदय की ही अनेक बीमारियों का कारण ही नहीं है बल्कि आंखों पर भी कई प्रकार से इसका दुष्प्रभाव पड़ता है। मधुमेह के लगभग 80 प्रतिशत रोगियों को जीवन में आंखों की किसी न किसी समस्या का सामना अवश्य करना पड़ता है। आंखों की इन समस्याओं में प्रमुख हैं– डायबेटिक रेटिनोपैथी, मोतियाबिंद तथा काला मोतिया। मधुमेह के कारण होने वाली इन



बीमारियों से बचने के लिए जरूरी है कि मधुमेह के रोगी समय-समय अपनी आंखों की जांच कराते रहें और कोई भी दिक्कत सामने आते ही उसका इलाज करवाना शुरू कर दें। कुछ मरीजों में लैंस में धुंधलापन आ जाता है, उसकी पारदर्शिता खत्म हो जाती है इसे डायबिटिक कैटरैक्ट कहते हैं।

### यूवाइटिस

यूवाइटिस एक प्रकार की सूजन है जो यूवेइआ में होते हैं। इसके कई कारण हो सकते हैं जिनमें ट्रामा या संक्रमण भी एक हैं। इस बीमारी के कोई भी ज्ञात कारण नहीं है। मोतियाबिंद की समस्या उन लोगों में ज्यादा होती है जो जो यूवाइटिस से ग्रस्त होते हैं। यूवाइटिस अमेरिका, यूरोप और अन्य विकसित देशों में तेजी से फैल रही है। भारत में भी इस बीमारी के मरीजों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है। दुनिया में यूवाइटिस को कैंसर से भी खतरनाक माना जा रहा है।

मायोपिया में मोतियाबिंद का खतरा अधिक

जो लोग उच्च निकट दृष्टि दोष (मायोपिया) से प्रभावित होते हैं उनमें मोतियाबिंद का खतरा कहीं अधिक होता है। डॉक्टर के मुताबिक बचपन में देखने की क्षमता का विकास होता और किशोरावस्था में आंख की लंबाई बढ़ती है लेकिन निकट दृष्टि दोष होने की वजह से यह कुछ ज्यादा ही बढ़ जाती है। ऐसी स्थिति में आंख में जानेवाला प्रकाश रेटिना पर केंद्रित नहीं होता। इसी वजह से तस्वीर धुंधली दिखाई देती है। इस दोष को कॉंटैक्ट लेंस या सर्जरी से ठीक कराया जा सकता है।



# कॉलेस्ट्रॉल कम कर कंट्रोल करता है धनिया

*धनिया पत्ती और उसके बीज हमें सेहमंद बनाये रखते हैं। खाने में भले ही मिर्च-मसाला न हो लेकिन अगर धनिया पत्ती से डाल दी जाये तो स्वाद बढ़ जाता है। क्या आप जानते हैं धनिया सिर्फ खाने की खूबसूरती और स्वाद ही नहीं बढ़ाता बल्कि इसका पानी आपके स्वास्थ्य के लिए बेहद गुणकारी है। धनिया के पानी में पोटैशयिम, कैल्श्यिम, विटामिन सी और मैगनीजियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है और ये सभी तत्व बीमारियों को कोसों दूर रखते हैं। धनिये का पानी पीने के ढेरों फायदे हैं जिनमें से कुछ के बारे में हम आपको यहां पर जानकारी दे रहे हैं।*



### वजन कम करता है

अगर आप वजन कम करना चाहते हैं तो धनिये के बीज का इस्तेमाल करने से फायदा होगा। इसके लिए आप तीन बड़े चम्मच धनिये के बीज एक गिलास पानी में उबालें। जब पानी आधे से कम हो जाए तो इसे छान लीजिए। इस पानी को रोजाना दो बार पीने से वजन घटने लगेगा।

### कॉलेस्ट्रोल से छुटकारा

धनिया में ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो शरीर से कॉलेस्ट्रॉल कम कर उसे कंट्रोल में रखते हैं। रिसर्च के अनुसार अगर किसी को हाई कॉलेस्ट्रॉल की शकियत है तो उसे धनिया के बीज उबालकर उस पानी को पीना चाहिए।

### भगाए पेट की बीमारियां

अगर आपको पेट से संबंधित कोई समस्या है तो दो कप पानी में धनिये के बीज, जीरा, चाय पत्ती और शक्कर डालकर अच्छे से मिला ले। इस पानी को पीने से एसिडिटी में आराम मिलता है! पेट में दर्द होने पर आधा गिलास पानी में दो चम्मच धनिया के बीज डालकर पीने से पेट दर्द से राहत मिलती है।

### बढ़ाए डाइजेशन

हरा धनिया पेट की समस्याओं को दूर कर पाचनशक्ति बढ़ाता है। धनिए के ताजे पत्तों को छाछ में मिलाकर पीने से बदहजमी, मतली, पेचिश और कोलाइटिस में आराम मिलता है।

### नकसीर की दवा

हरे ताजे धनिया की लगभग 20 ग्राम पत्तियों के साथ चुटकी भर कपूर मिला कर पीस लें और रस छान लें। इस रस की दो बूंदें नाक के छेदों में दोनों तरफ टपकाने से और रस को माथे पर लगा कर हल्का-हल्का मलने से नाक से निकलने वाला खून बंद हो जाता है।

### आंखों के लिए फायदेमंद

धनिया के बीज आंखों के लिए भी फायदेमंद हैं। धनिया के थोड़े से बीज कूट कर पानी में उबालें। इस पानी को ठंडा करके मोटे कपड़े से छान लें और इसकी दो बूंदे आंखों में टपकाने से जलन, दर्द और पानी गिरना जैसी समस्याएं दूर होती हैं।

### पीरियड्स की प्रॉब्लम

धनिया महिलाओं में पीरियड्स संबंधी समस्याओं को दूर करता है। अगर पीरियड्स साधारण से ज्यादा हो तो आधा लीटर पानी में लगभग 6 ग्राम धनिए के बीज डालकर खौलाएं। इस पानी में चीनी डालकर पीने से फायदा होगा।

### मुहांसों में फायदेमंद

धनिया त्वचा के लिए भी फायदेमंद है। धनिए के जूस में हल्दी पाउडर मिलाकर चेहरे पर लगाएं और कुछ देर बाद धो लें। दिन में दो बार इस लेप का इस्तेमाल करने से बहुत जल्दी मुहांसों और दाग-धब्बों से छुटकारा मिलेगा और चेहरे की सुंदरता बढ़ेगी घमौरियां पर धनिया के पानी से नहाना चाहिए!



## दिल्ली में यमुना का जलस्तर चेतावनी के निशान से ऊपर पहुंचा

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर गुरुवार को 204.50 मीटर के चेतावनी स्तर को पार कर पुराने रेलवे पुल पर 204.88 मीटर तक पहुंच गया। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, संभावित बाढ़ जैसी स्थिति से निपटने के लिए एहतियाती कदम उठाने को लेकर सभी संबंधित एजेंसियों को सतर्क किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सुबह आठ बजे पुराने रेलवे पुल पर यमुना का जलस्तर 204.88 मीटर था। दिल्ली शहर के लिए चेतावनी चिह्न 204.5 मीटर है, जबकि खतरे का निशान 205.3 मीटर है और निकासी 206 मीटर पर दशुरू होती है। दिल्ली का पुराना रेलवे पुल नदी के प्रवाह और संभावित बाढ़ के खतरों पर नजर रखने के लिए एक प्रमुख अवलोकन बिंदु के रूप में कार्य करता है। केंद्रीय बाढ़ कक्ष के अधिकारी ने कहा, जल स्तर में वृद्धि का मुख्य कारण हथिनीकुंड बैराज से हर घंटे बड़ी मात्रा में पानी छोड़ा जाना है। मानसून में पहली बार, हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से 50,000 क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया और यह सुबह करीब छह बजे 61,000 क्यूसेक के शीर्ष स्तर पर पहुंच गया। अधिकारी ने बताया, तब से हथिनीकुंड बैराज से हर घंटे 50,000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।'' बैराज से छोड़े गए पानी को दिल्ली पहुंचने में आमतौर पर 48 से 50 घंटे लगते हैं।

## नोएडा में बड़े साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़

नई दिल्ली,(ईएमएस)। नोएडा पुलिस ने बड़े साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश हुआ है, जिसमें पाँच युवा आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये सभी 19 से 25 साल के हैं और जल्दी अमीर बनने की चाहत में अपराध की दुनिया में आ गए। पुलिस ने बताया कि ये लोग साइबर ठगों को बैंक खाते, डेबिट कार्ड और पहले से चालू किए गए सिम कार्ड मुहैया कराते थे। गिरोह का सरगना चनप्रीत सिंह (25) है, जो बीकॉम पास है। अन्य आरोपियों में रणवीर (22) जो बीबीए का छात्र है, नवीन जो बीए के पहले साल का छात्र है, जगमोहन धाकड़ (19) जिसने 12वीं पास की है, और आदित्य शर्मा (21) जिसने 10वीं पास हैं। यह गिरोह फर्जी गेमिंग और ट्रेडिंग ऐप्स के जरिए लोगों को धोखा देता था। ठगी गई रकम को बैंक खातों में भेजा जाता था और फिर उसे क्रिप्टो करेंसी या दूसरे खातों में ट्रांसफर कर दिया जाता था। गिरोह के सदस्य खाताधारकों को कमीशन का लालच देकर उनके बैंक खाते और सिम कार्ड लेते थे। हर बैंक खाते के लिए, उन्हें साइबर ठगों से 15,000 रुपये और 2 प्रतिशत कमीशन मिलता था। कमीशन का 1 प्रतिशत खाताधारक को दिया जाता था। पुलिस को 40 इसतरह के खातों का पता चला है, जिसमें करोड़ों रुपये की ठगी की रकम जमा हुई थी। पुलिस ने इन आरोपियों को तब पकड़ा जब वे ग्रेटर नोएडा में बुलंदशहर के एक फरार सदस्य को बैंक खाते और अन्य दस्तावेज देने आए थे। अब पुलिस उस फरार सदस्य की तलाश कर रही है।

## ट्रंप के टैरिफ पर खड़गे का पीएम मोदी पर तंज.......इसलिए कांग्रेस को भी दोष नहीं दे सकते

नई दिल्ली,(ईएमएस)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के लिए सीधे तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज़िम्मेदार माना है। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने तंज कसते हुए कहा कि आप इस विदेश नीति की दुर्दशा के लिए कांग्रेस के 70 सालों को भी दोष नहीं दे सकते। भारत के राष्ट्रीय हित को सर्वोच्च बताकर उन्होंने कहा कि जो भी देश भारत को उसकी रणनीतिक स्वायत्तता के लिए दंडित करता है, वह यह नहीं समझता कि भारत किस मजबूत ढांचे से बना है। खड़गे ने 1971 के बांग्लादेश युद्ध के दौरान सातवें बेड़े के ख़तरे और परमाणु परीक्षणों के बाद लगाए गए प्रतिबंधों का हवाला देकर कहा कि ये वे क्षण थे जब भारत ने अमेरिका के साथ आत्मसम्मान और गरिमा के साथ रिश्ते बनाए रखे। उन्होंने कहा कि अब भारत की ओर से कूटनीति विनाशकारी रूप से लड़खड़ा रही है। खड़गे ने कहा कि अगर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने पर भारतीय अर्थव्यवस्था पर 3.75 लाख करोड़ का बोझ पड़ेगा। उन्होंने विशेष रूप से छोटे उद्योगों, कृषि, फार्मा और कपड़ा उद्योग सहित अन्य क्षेत्रों के लिए चिंता जाहिर की। कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी को टैग कर केंद्र सरकार की पहले से कार्रवाई न करने की कथित विफलताओं के बारे में अपने तर्क को पुष्ट करने के लिए कुछ उदाहरण दिए। उन्होंने इस ओर इशारा किया कि जब ट्रंप ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम कराने का दावा किया था, तब प्रधानमंत्री मोदी कैसे चुप रहे थे। खड़गे के पोस्ट में कहा गया है, (ट्रंप) कम से कम 30 बार दावा कर चुके हैं और यह सिलसिला जारी है।

## राज्य में लखपति दीदी की संख्या 5 लाख के पार, गुजरात 10 लाख महिलाओं को बनाएगा आत्मनिर्भर

अहमदाबाद (ईएमएस)| प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुसार देश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2023 में 'लखपति दीदी' योजना शुरू की गई थी। 2027 तक 3 करोड़ महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाना इस योजना का उद्देश्य है। गुजरात की महिलाओं को इस योजना का बड़े पैमाने पर लाभ मिले; इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। परिणामस्वरूप; जुलाई 2025 तक राज्य में करीब 5 लाख 96 महिलाओं की आय एक लाख रुपए से अधिक तक पहुँची है और वे गर्व के साथ गुजरात की 'लखपति दीदी' बनी हैं। आगामी समय में गुजरात 10 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनने में सहायक होकर महिला सशक्तिकरण का अभूतपूर्व उदाहरण प्रस्थापित करने को प्रतिबद्ध है। राज्य के प्रशिक्षित कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन (सीआरपी) द्वारा हाल में ऐसी 10.74 लाख महिलाओं की पहचान की गई है, जो लखपति दीदी बन सकती हैं। पहचान की गईं संभावित लखपति दीदी की वर्तमान गतिविधियों तथा उनके पास उपलब्ध स्त्रोतों, हुए खर्च एवं आय के विवरण प्राप्त करने के लिए भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा डिजिटल आजीविका रजिस्टर तैयार किया गया है। इस रिजस्टर से प्राप्त जानकारी के आधार पर पहचानी गईं लखपति दीदी को उनकी आवश्यकता के अनुसार प्रशिक्षण, एसेट, आर्थिक सहायता एवं मार्केटिंग के लिए जरूरी सपोर्ट किया जा रहा है। यह योजना स्वयं-सहायता समूहों से जुड़ीं ग्रामीण महिलाओं को व्यवसाय शुरू करने में सहायक बनती है, जिससे उनकी वार्षिक आय एक लाख से अधिक हो सके। महिलाएँ कृषि, पशुपालन, हस्तकला तथा अन्य स्थानीय क्षेत्रों में व्यवसाय शुरू कर सकती हैं। इसके लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं द्वारा उन्हें प्रशिक्षण, आर्थिक सहायता एवं बाजार से जुड़ने की सुविधा दी जाती है, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके।

# राहुल का आरोप- ईसी ने बीजेपी के साथ चुनाव चुराया:स्क्रीन पर वोटर लिस्ट दिखाकर दावा- महाराष्ट्र में 40 लाख संदिग्ध नाम




**नई दिल्ली:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को वोटर लिस्ट में गड़बड़ पर 1 घंटे 11 मिनट तक 22 पेज का प्रजेंटेशन दिया। राहुल ने स्क्रीन पर कर्नाटक की वोटर लिस्ट दिखाते हुए कहा कि वोटर लिस्ट में संदिग्ध वोटर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के नतीजे देखने के बाद हमारा शक पुख्ता हुआ कि चुनाव में चोरी हुई है। मशीन रीडेबल वोटर लिस्ट नहीं देने से हमें भरोसा हुआ कि चुनाव आयोग ने भाजपा के साथ मिलकर महाराष्ट्र के चुनाव की चोरी की है। राहुल ने कहा कि हमने यहां वोट चोरी का एक मॉडल पेश किया, मुझे लगता है कि इसी मॉडल का प्रयोग देश की कई लोकसभाओं और विधानसभाओं में हुआ। राहुल के आरोपों पर कर्नाटक चुनाव आयोग ने शपथ पत्र मांगा है। कहा कि वे लिखित में शिकायत करें ताकि आगे की कार्यवाही की जा सके।

### शुरुआत कर्नाटक से की, महादेवपुरा सीट पर 1 लाख वोट चोरी

कर्नाटक की महादेवपुरा असेंबली सीट की वोटर लिस्ट स्क्रीन पर दिखाते हुए राहुल ने कहा कि यहां के 6.5 लाख वोट में से 1 लाख वोटों की चोरी हुई है। कांग्रेस के रिसर्च में यहां एक लाख के करीब गलत पता और एक ही पते पर बल्क वोटर और डुप्लीकेट वोटर्स का पता चला। कर्नाटक में हमें 16 सीटों पर जीत मिलती, लेकिन हम सिर्फ 9 सीटों पर जीते। हमने इन सात हारी हुई सीटों में से एक सीट पर जांच-पड़ताल की, वो सीट थी बेंगलुरु सेंट्रल। इस सीट पर कांग्रेस को 6,26,208 वोट मिले।

भाजपा को 6,58,915 वोट मिले। दोनों पार्टियों को मिले वोटों का अंतर सिर्फ 32,707 था। वहीं जब महादेवपुरा असेंबली सीट पर वोटिंग हुई तो दोनों पार्टियों के बीच वोट का अंतर 1,14,046 का रहा। राहुल ने कहा- इस हिसाब से देखें तो 1 लाख से ज्यादा वोटों की चोरी हुई। ये वोट चोरी पांच प्रकार से की गई थी।

### फिर महाराष्ट्र और हरियाणा का जिक्र

महाराष्ट्र में 40 लाख फर्जी नामः महाराष्ट्र में चंद महीने में लाखों मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े गए, जो काफी चिंताजनक है। 40 लाख वोटर रहस्यमयी हैं। यहां पांच महीने में कई वोटर जोड़े गए। वोटर लिस्ट को लेकर चुनाव आयोग को जवाब देना चाहिए। उन्हें बताना चाहिए कि क्या वोटर लिस्ट सही है या गलत। शाम पांच बजे के बाद वोटर टर्नआउट का बढ़ना भी हैरान करने वाला है। शाम पांच बजे के बाद वोटिंग क्यों बढ़ी? चुनाव आयोग इसका जवाब दे। कांग्रेस पार्टी ने वोटों की धांधली के मामले में चुनाव आयोग से सवाल पूछे हैं, लेकिन आयोग ने एक भी जवाब नहीं दिया। हमें वोटों की चोरी पकड़ने में छह महीने का वक्त लगा है।

हरियाणा में हार के लिए वोटर लिस्ट को जिम्मेदार बतायाः ये गड़बड़ियां इसलिए हैं क्योंकि चुनाव आयोग वोटर्स का डेटा उपलब्ध नहीं कराता। उन्होंने आरोप लगाया कि इस वजह से वोटों की चोरी हो रही है। हरियाणा में कांग्रेस की हार के लिए उन्होंने इन गड़बड़ियों को ही जिम्मेदार बताया।

### बताया- 6 महीने में 7 फीट तक ऊंचे पेपर्स खंगाले, सबूत जुटाए

राहुल ने बताया कि लाखों पेपर्स की मैनुअली चेकिंग के बाद हमने ये सबूत जुटाए हैं। अगर इन पेपर्स को एक गड्डी बनाकर रख दिया जाए तो यह 7 फीट ऊंचा हो जाएगा। सबूतों को जुटाने में करीब 6 महीने का वक्त लगा। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि चुनाव आयोग ने जानबूझकर हमें नॉन मशीन रीडेबल पेपर्स मुहैया कराए, ताकि इन्हें मशीन से स्कैन न किया जा सके।

### कर्नाटक चुनाव आयोग ने कहा- राहुल शपथ पत्र दें

कर्नाटक के मुख्य चुनाव अधिकारी ने राहुल गांधी को पत्र लिखा है। कहा कि निर्वाचन नियमों के तहत, अगर कोई व्यक्ति मतदाता सूची की वैधता पर सवाल उठाता है, तो उसे लिखित में विवरण देना होता है। वे नियम 20(3)(b) के तहत शपथपत्र पर हस्ताक्षर कर ऐसे मतदाताओं के नाम उपलब्ध कराएं, ताकि उनके दावों की जांच की जा सके। यदि आवश्यक हो तो कानूनी कार्रवाई भी शुरू की जा सके।

## एनडीए का फैसला- उपराष्ट्रपति केंडिडेट मोदी-नड्डा तय करेंगे: लोकसभा-राज्यसभा की कार्यवाही शुक्रवार तक स्थगित



**नई दिल्ली:** संसद के मानसून सत्र का आज 14वां दिन है। आज भी विपक्ष के प्रदर्शन के चलते लोकसभा और राज्यसभा में पूरे दिन की कार्यवाही नहीं हो सकी। बिहार एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष के हंगामे के बाद लोकसभा व राज्यसभा को शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इस बीच नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) के सदन में नेताओं की बैठक हुई। इसमें गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ ही संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू शामिल हुए। मीटिंग के बाद रिजिजू ने बताया कि मीटिंग में एनडीए ने प्रस्तावना पास करते हुए उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए केंडिडेट का नाम तय करने का अधिकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा को सौंपा है।

इधर, लोकसभा में आज नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) बिल, 2025 को संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने पर फैसला नहीं हो सका। विपक्ष ने दोनों बिल को जेपीसी के पास भेजने की मांग की है।

राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह को लेटर लिखकर बिहार एसआईआर पर चर्चा कराने की मांग की थी। हालांकि, एसआईआर पर चर्चा को लेकर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि लोकसभा का नियम है कि कोर्ट में लंबित मामलों पर सदन में चर्चा नहीं हो सकती।

इसके अलावा दिल्ली में इंडिया ब्लॉक के नेताओं की मीटिंग और डिनर होगा। इस दौरान विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार, बिहार में एसआईआर, अमेरिका का भारत पर टैरिफ जैसे मुद्दों पर चर्चा की संभावना जताई जा रही है।

21 जुलाई को शुरू हुए मानसून सत्र के बाद से संसदीय कार्यवाही करीब ठप रही है। बिहार में वोटरों के वेरिफिकेशन मामले पर विपक्षी पार्टियों ने हर दिन विरोध-प्रदर्शन किए। 13 दिनों के दौरान, सिर्फ 28 और 29 जुलाई को सदन में पूरे दिन की कार्यवाही चली। दोनों दिन, पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर दोनों सदनों में चर्चा हुई थी।

संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक यानी कुल 32 दिन चलेगा। इस दौरान 18 बैठकें होंगी, 15 से ज्यादा बिल पेश होंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह के कारण 13-14 अगस्त को संसद की कार्यवाही नहीं होगी। केंद्र सरकार मानसून सत्र में 8 नए बिल पेश करेगी, जबकि 7 लंबित बिलों पर चर्चा होगी। इनमें मणिपुर जीएसटी संशोधन बिल 2025, इनकम टैक्स बिल, नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल जैसे विधेयक शामिल हैं। पहले दिन नए इनकम टैक्स बिल पर बनी संसदीय कमेटी की रिपोर्ट लोकसभा में पेश होगी। कमेटी ने 285 सुझाव दिए हैं। 622 पन्नों वाला बिल 6 दशक पुराने इनकम टैक्स एक्ट 1961 को रिप्लेस करेगा।

## गुजरात की 53 हजार आंगनबाड़ियों की बहनों ने जवानों को भेजी राखियां

गांधीनगर (ईएमएस)| देश की सीमाओं की दिन-रात तत्परता से सुरक्षा करने वाले सेना के जवानों की रक्षा के लिए रक्षाबंधन के अवसर पर गुजरात की बहनों द्वारा रक्षा के प्रतीक के रूप में साढ़े तीन लाख राखियाँ तैयार की गई हैं और ये राखियाँ इन कर्तव्य परायण जवानों को भेजी गई हैं। राज्य की लगभग 53 हजार आँगनबाड़ियों की बहनों ने सरहद के संतरियों यानी सेना के जवानों की रक्षा के लिए ये राखियाँ भाई-बहन के पवित्र प्रेम के प्रतीक के रूप में तैयार की हैं। गुरुवार को गांधीनगर में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की प्रेरक उपस्थिति में यह रक्षासूत्र कलश सीमावर्ती बलों के जवानों को प्रतीक के रूप में सौंपा गया। गुजरात की इस पहल को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में स्थान मिला है। इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड के प्रतिनिधियों ने इससे संबंधित सर्टिफिकेट तथा मेडल मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किए। सीमा पर तैनात जो जवान अपने परिवार से दूर रहकर मातृभूमि की रक्षा के लिए समर्पित हैं, उनकी सदैव रक्षा की भावना के साथ महिला एवं बाल कल्याण मंत्री भानुबेन बाबरिया की प्रेरणा तथा मार्गदर्शन में आँगनबाड़ी बहनों ने श्रावण माह की पूर्णिमा-रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में ये राखियाँ तैयार की हैं। भानुबेन बाबरिया ने इस अवसर पर कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले और अपने घर-परिवार से दूर रहने वाले सेना के जवानों की रक्षा के लिए बहनों ने यह रक्षासूत्र बनाया है। उन्होंने कहा कि हमारी सेना ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर को सफल बनाकर देश की बहनों के सिंदूर की रक्षा की है। गुजरात की बहनों ने ऐसे वीर जवानों की रक्षा का कवच राखियों के जरिये प्रदान कर भाई-बहन के प्रेम के त्योहार को राष्ट्रभक्तिमय बनाया है। सेना (आर्मी), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) तथा राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के गांधीनगर स्थित जवानों ने इस रक्षासूत्र कलश को सहर्ष स्वीकार किया।

## कोलकाता चिड़ियाघर से सैकड़ों जानवर गायब? रिपोर्ट में गड़बड़ी के चलते डायरेक्टर का किया तबादला




कोलकाता,(ईएमएस)। पश्चिम बंगाल वन विभाग को कोलकाता चिड़ियाघर की एनुअल सूची में विसंगति की जांच रिपोर्ट मिली है और विभाग निष्कर्षों का विश्लेषण कर रहा है। सूची में पंजीकृत जानवरों की संख्या 672 की जगह 321 थी। इससे सवाल उठ रहा है कि बाकी के जानवर कहां गए? एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। मामला सामने आने के बाद अन्य घटनाक्रम में चिड़ियाघर निदेशक अरुण मुखर्जी का तबादला कर दिया गया है। हालांकि अधिकारियों ने दावा किया कि यह स्थानांतरण नियमित था।

बता दें वन विभाग ने पिछले महीने 2023-24 और 2024-25 के दौरान कोलकाता के 149 साल पुराने अलीपुर जूलॉजिकल गार्डन की जानवरों की सूची रिपोर्ट में एक बड़ी विसंगति के बारे में मीडिया रिपोर्टों की जांच का आदेश दिया था। मुख्य वन्यजीव वार्डन एस सुंदरियाल ने बताया कि हमें रिपोर्ट मिल गई है जिसका विश्लेषण किया जा रहा है। हम आपको उचित समय पर निष्कर्षों के बारे में सूचित करेंगे। यह एक आधिकारिक प्रक्रिया है। हम पारदर्शिता बनाए रखे हैं।

उन्होंने बताया कि अरुण मुखर्जी का तबादला 1 अगस्त को राज्य वन विभाग के आदेश के बाद कोलकाता से दार्जिलिंग किया गया था। यह तबादला उन खबरों के कुछ हफ्ते बाद हुआ है जिनमें बताया गया था कि कोलकाता चिड़ियाघर में 2023-24 के अंतिम स्टॉक में 672 जानवर थे, जबकि 2024-25 के शुरुआती स्टॉक में केवल 321 जानवर थे। इस प्रकार 321 जानवर रातोंरात गायब हो गए। इस घटना के बाद पिछले हफ्ते केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की एक टीम ने भी चिड़ियाघर का दौरा किया था। जब सुंदरियाल से पूछा गया कि क्या मुखर्जी का तबादला जानवरों की वार्षिक सूची में विसंगति से संबंधित है, तो उन्होंने कहा कि उनके अलावा, कई अन्य आईएफएस अधिकारियों का तबादला नियमित फेरबदल के तहत किया गया था। वरिष्ठ आईएफएस अधिकारी तृप्ति साह ने मुखर्जी की जगह अलीपुर चिड़ियाघर के नए पूर्णकालिक निदेशक का कार्यभार संभाल लिया है।

## कमजोर प्रधानमंत्री साबित हो रहे हैं मोदी: अशोक गहलोत

जयपुर (ईएमएस)। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है और उन्हें कमजोर प्रधानमंत्री बताया है। गहलोत का कहना है कि मोदी के शासन में भारत चौतरफा घिर रहा है। उन्होंने अपने एक्स (पहले ट्विटर) पर एक पोस्ट में लिखा कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार भारत के खिलाफ बयान दे रहे हैं और 30 बार भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने का दावा कर चुके हैं। गहलोत ने यह भी कहा कि ट्रंप अब भारत के व्यापारिक हितों के खिलाफ फैसले कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रधानमंत्री मोदी ने उनका नाम लेकर कोई बयान नहीं दिया। गहलोत के अनुसार, चीन और पाकिस्तान अब खुलकर भारत के खिलाफ हो गए हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि भारतीय सेना ने मजबूती से जवाब दिया है, लेकिन राजनीतिक और राजनयिक मोर्चे पर भारत अकेला पड़ गया है, जिसे उन्होंने मोदी की असफलता बताया है। इसके अलावा, गहलोत ने कहा कि मोदी संसद में भी स्पष्ट जवाब देने की बजाय बातें घुमाते हैं और उनकी सरकार देश हित से जुड़े मुद्दों पर बहस भी नहीं कर पा रही है। उन्होंने मोदी को रोजगार देने में पूरी तरह विफल बताया और कहा कि बेरोजगारी से युवाओं में हाहाकार मचा हुआ है। अंत में, गहलोत ने यह निष्कर्ष निकाला कि 56 इंच का सीना होने का दावा करने वाले नरेंद्र मोदी एक कमजोर प्रधानमंत्री साबित हो रहे हैं।

### जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग नहीं रुकेगा

## सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज की, कैश कांड में कार्रवाई को चुनौती दी थी



**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका को खारिज कर दिया। इस याचिका में जस्टिस वर्मा ने कैश कांड को लेकर उनके खिलाफ की गई कार्रवाई को चुनौती दी थी। दरअसल, इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस वर्मा ने उनके घर जले नकदी नोट मामले में इन-हाउस कमेटी की रिपोर्ट और महाभियोग की सिफारिश रद्द करने की अपील की थी। रिपोर्ट में जस्टिस वर्मा को दोषी ठहराया गया है।

### जस्टिस वर्मा की याचिका खारिज, आगे 2 संभावनाएं

**इस्तीफा सौंप दें:** अगर जस्टिस वर्मा अपने पद से इस्तीफा दे देते हैं तो वह महाभियोग का सामना करने से बच जाएंगे। साथ ही उन्हें रिटायर्ड जज के तौर पर पेंशन भी मिलेगी।

**महाभियोग का सामना करें:** जस्टिस वर्मा को अगर महाभियोग के जरिए पद से हटाया जाता है तो उन्हें पेंशन और अन्य लाभ नहीं मिल पाएंगे। हालांकि वे इस्तीफा देने से पहले ही इनकार कर चुके हैं।

जस्टिस वर्मा के खिलाफ संसद के दोनों सदनों में महाभियोग का नोटिस दिया जा चुका है। मानसून सत्र के दौरान लोकसभा के 152 सांसदों ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ लाए गए महाभियोग प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए। वहीं राज्यसभा में 54 सांसदों ने जज के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव का समर्थन किया। हालांकि अब तक किसी भी सदन में इस नोटिस को स्वीकार नहीं किया गया है।

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश के 60 पीड़ित परिवार जाएंगे यूएस कोर्ट: टॉप एविएशन वकील को किया हायर, कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर मांगा



**अहमदाबाद:** अहमदाबाद प्लेन क्रैश में जान गंवाने वाले मृतकों के 60 परिवारों ने बोइंग कंपनी के खिलाफ कोर्ट में जाने का फैसला किया है। इन परिवारों ने दुर्घटनाग्रस्त विमान की निर्माता कंपनी बोइंग के खिलाफ एक अमेरिकी कोर्ट में मुकदमा दायर करने की तैयारी कर ली है। इसके लिए उन्होंने अमेरिकी विशेषज्ञ वकील माइक एंड्रयूज को भी हायर कर लिया है। इन परिवारों ने दुर्घटना की जांच पर सवाल उठाए हैं। परिवार की मांग है कि उन्हें कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर का कच्चा डेटा दिया जाए, ताकि वे स्वतंत्र जांच करवा सकें।

अमेरिकी वकील माइक एंड्रयूज, गंभीर चोट और अप्राकृतिक मृत्यु के मामलों के विशेषज्ञ हैं। इससे पहले वे फोर्ड और वोक्सवैगन समेत कई विमान, ट्रक और कार बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ भी कई केस लड़ चुके हैं। 12 जून को दोपहर 1.38 बजे अहमदाबाद एयरपोर्ट से लंदन के लिए उड़ान भरने वाला एयर इंडिया का विमान 171 (बोइंग 787 ड्रीमलाइनर) मेघाणीनगर में आईजीपी कंपाउंड में क्रैश हो गया था। विमान में 12 क्रू मेंबर समेत 242 लोग सवार थे। 230 यात्रियों में 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत कुल 230 यात्री सवार थे।

हादसे में रमेश विश्वास नाम का एक व्यक्ति चमत्कारिक रूप से बच गया। जबकि 241 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा, डॉक्टर्स हॉस्टल अतुलयम, जहां विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था, के एक इंटर्न डॉक्टर, कर्मचारी और स्थानीय लोग मारे गए। इस तरह कुल मृतकों की संख्या 270 हो गई। हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का भी निधन हो गया है।

विमान हादसे में अहमदाबाद के सोनी परिवार के तीन सदस्यों की भी मौत हुई थी। परिवार की सदस्य तृप्ति सोनी ने दिव्य भास्कर से कहा कि पीड़ित परिवारों को भी जांच में शामिल किया जाना चाहिए। हम सबने मिलकर इस लॉ फर्म के साथ काम करने का फैसला किया है।

उन्होंने आगे कहा- ऐसा लग रहा है कि विमान दुर्घटना की जांच बहुत सुस्ती से चल रही है। अब तक जो रिपोर्ट जारी की गई है, वह सवालों के जवाब देने के बजाय और नए सवाल खड़े करती है। इसके अलावा बहुत ही चुनिंदा बातें ही जारी की गई हैं, जिससे जांच प्रभावित होने की ज्यादा संभावना लग रही है। एयर इंडिया और बोइंग कंपनी का इसमें बहुत बड़ा आर्थिक हित है। हमें डर है कि विमान दुर्घटना की निष्पक्ष जांच नहीं होगी।

### वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में पायलटों से सवाल किए गए थे

कुछ दिन पहले, अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल ने बताया था कि दोनों पायलटों के बीच हुई बातचीत की कॉकपिट रिकॉर्डिंग से यह बात सामने आई है। वॉइस रिकॉर्डिंग से पता चला है कि बोइंग विमान उड़ा रहे को-पायलट क्लाइव कुंदर ने कैप्टन सुमित सभरवाल से पूछा था- आपने फ्यूल स्विच को 'कटऑफ' पोजिशन में क्यों रखा? सह-पायलट सवाल पूछते हुए हैरान था। वह डरा हुआ था, जबकि कैप्टन सुमित शांत दिख रहे थे। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के बाद, विमानन विशेषज्ञ संजय लाजर ने जांच रिपोर्ट के लीक होने पर चिंता जताई। उन्होंने कहा- यह आश्चर्यजनक है कि अमेरिकी मीडिया के पास भारतीय संसद और नागरिक उड्डयन मंत्रालय से ज्यादा जानकारी है। यह रिपोर्ट भारत में पूर्ण पारदर्शिता पर सवाल उठाती है। प्रधानमंत्री को इस मामले की जांच किसी वर्तमान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से करवानी चाहिए।

# कंप्यूटर चिप्स और सेमीकंडक्टर आयात पर 100% टैरिफ लगाएगा अमेरिका

वॉशिंगटन(ईएमएस)। अमेरिका कंप्यूटर चिप्स और सेमीकंडक्टर के आयात पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की योजना बना रहा है। इस कदम से अमेरिका में इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, घरेलू उपकरणों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ने की संभावना है। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका में कंप्यूटर चिप्स बनाने वाली कंपनियों को इस टैक्स से छूट दी जाएगी। यानी उन्हें ये सामान आयात करने पर राहत मिलेगी।

ट्रंप ने ओवल ऑफिस में एप्पल के सीईओ टिम कुक से मुलाकात के दौरान कहा, हम कंप्यूटर चिप्स और सेमीकंडक्टर्स पर लगभग 100 फीसदी टैरिफ लगाएंगे लेकिन अगर आप ये सब अमेरिका के अंदर बना रहे हैं, तो कोई टैक्स नहीं देना होगा। ट्रंप द्वारा यह ऐलान रूसी तेल की खरीद के लिए भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने के बाद किया गया है। कल ही ट्रंप ने भारत पर रूसी तेल का आयात करने की वजह से 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया था। इससे भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है। ये टैरिफ 21 दिनों बाद लागू होंगे। इसका अर्थ है कि भारत और रूस दोनों के पास आयात करों पर ट्रंप प्रशासन के साथ बातचीत करने का समय है।

ट्रंप के नवीनतम 100 फीसदी टैरिफ के ऐलान का असर सीधे तौर पर अब अमेरिकी उपभोक्ताओं पर पड़ सकता है। अगर ट्रंप ने कंप्यूटर चिप्स और सेमीकंडक्टर्स पर 100 फीसदी का शुल्क लगाया तो इसकी वजह से मोबाइल फोन, कार, टीवी, फ्रिज और दूसरे डिजिटल उपकरण महंगे हो जाएंगे क्योंकि इन उपकरणों को बनाने वाली कंपनियों की लागत बढ़ेगी और मुनाफा घट जाएगा।व्यापार



आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका ने 2024 में लगभग 46.3 अरब डॉलर मूल्य के सेमीकंडक्टर आयात किए थे, जो देश के कुल 3.35 ट्रिलियन डॉलर के माल आयात का लगभग 1प्रतिशत है। ये आंकड़े इस बात पर जोर डालते हैं कि आयातित चिप्स अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए कितना अहम है। दरअसल, चिप्स आयात पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाकर ट्रंप विदेशी चिप्स, खासकर एशिया से आने वाली चिप्स पर अमेरिका की निर्भरता कम करना चाहते हैं। दुनिया के 70 प्रतिशत से ज़्यादा चिप्स फिलहाल ताइवान, दक्षिण कोरिया और चीन में बनते हैं। 100 फीसदी टैरिफ की चाल से ट्रंप अमेरिका को इस मामले में आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं, और लगे हाथ एशियाई देशों को झटका भी देना चाह रहे हैं। बता दें कि कोरोना काल में दुनियाभर में चिप्स की भारी कमी हो गई थी। इस वजह से उस समय गाड़ियों की कीमतें बहुत बढ़ गई थीं और महंगाई भी खूब बढ़ी थी। अब ट्रंप के इस नए फैसले से फिर वैसा ही माहौल बन सकता है। आज के दौर में चिप्स की मांग तेजी से बढ़ रही है क्योंकि स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक कार, घरेलू गैजेट्स और एआई जैसे सेक्टर इन पर पूरी तरह निर्भर हैं। विश्व सेमीकंडक्टर व्यापार सांख्यिकी संगठन के अनुसार, दुनिया भर में कंप्यूटर चिप्स की मांग बढ़ रही है।

## तेल खरीदी के बहाने भारत से निजी खुन्नस निकाल रहे ट्रंप

वॉशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाकर साफ कर दिया कि वे भारत से खफा हैं। इसकी वजह केवल रूस से तेल खरीदना नहीं है। सच ये है कि भारत पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर का श्रेय ट्रंप को नहीं लेने दिया, इसलिए वे तेल खरीदी के बहाने भारत पर गुस्सा निकालने का प्रयास कर रहे हैं। विल्सन सेंटर में साउथ एशिया इंस्टीट्यूट के निदेशक माइकल कुगलमैन ने कहा, कि चीन ने खुलकर सामने आकर राष्ट्रपति ट्रंप को सीजफायर में उनकी भूमिका का श्रेय लेने से इनकार नहीं किया। चीन की तरफ से किसी नेता ने ट्रंप के साथ फोन पर लंबी बात नहीं की और नहीं बताया कि क्या सही है और क्या गलत।

विल्सन सेंटर में साउथ एशिया इंस्टीट्यूट के निदेशक माइकल कुगलमैन ने कहा, कि दुर्भाग्य से बीते कुछ दिनों से जारी घटनाक्रमों को देखते हुए ये नई घोषणा बिल्कुल भी हैरान करने वाली नहीं है। राष्ट्रपति भी टैरिफ लागू करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध नजर आ रहे हैं। भारत और अमेरिका के रिश्तों को संभावित हानिकारक प्रभाव के बावजूद मेरे लिए यह हैरानी की बात नहीं है कि राष्ट्रपति ने अपनी धमकी पर अमल करने का फैसला किया। उन्होंने कहा, भारत के मामले में ऐसा हुआ है। तो मुझे लगता है कि शायद यही वजह है कि राष्ट्रपति ट्रंप अपनी नाराजगी व्यापार और और शुल्क के जरिए भारत और भारत सरकार पर निकालेंगे।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की थी। हालांकि, बाद में दोनों देशों ने संघर्ष विराम का ऐलान किया था। अब ट्रंप दावा करते रहे हैं कि सीजफायर उन्होंने कराया है। जबकि, भारत ने साफ किया है कि इसमें कोई तीसरा पक्ष शामिल नहीं है। ट्रंप की तरफ से आदेश जारी होने के कुछ ही देर बाद, भारत ने कहा कि वाशिंगटन ने रूस से उसके तेल आयात को निशाना बनाया है और वह राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई करेगा। विदेश मंत्रालय ने रूस के साथ भारत के ऊर्जा संबंधों का बचाव करते हुए कहा कि आयात बाजार कारकों पर आधारित है और देश के 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के समग्र उद्देश्य से किया जाता है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कई अन्य देश भी अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए ऐसी खरीद कर रहे हैं तथा इस मुद्दे पर उसे निशाना बनाए जाने पर निराशा व्यक्त की।

### रूस से कई देश खरीद रहे हैं तेल, फिर भारत पर क्यों निशाना साध रहे हैं ट्रंप

रूस से तेल खरीदने वाला केवल भारत नहीं है। और भी कई देश ऐसे हैं जो रूस से तेल खरीद रहे हैं लेकिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत पर आंखे तरेर रहे हैं। ट्रंप ने रूसी तेल खरीद के लिए केवल भारत को निशाना बनाने को लेकर अपना पक्ष रखा है। उन्होंने कहा कि अभी बहुत कुछ होना बाकी है, आने वाले समय में आप और भी ज्यादा सेकेंडरी टैरिफ देखेंगे। ट्रंप का यह जवाब उस सवाल के जवाब में आया, जिसमें उनसे पूछा गया था कि भारतीय अधिकारियों का कहना है कि रूस के साथ तो यूरोप अमेरिका समेत दुनिया के तमाम देशों का व्यापार जारी है, फिर अकेले भारत को ही निशाना क्यों बनाया जा रहा है। व्हाइट हाउस में मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए ट्रंप ने कहा, अभी केवल 8 घंटे हुए हैं। देखते हैं अभी क्या होता है। आप कुछ ही समय में बहुत कुछ देखेंगे। आप बहुत सारे सेकेंडरी सेंक्शन देखेंगे। इसके अलावा ट्रंप से जब पूछा गया कि अगर रूस और यूक्रेन के बीच शांति समझौता हो जाता है तो क्या वह भारत पर लगा टैरिफ हटा देंगे? इसका जवाब देते हुए ट्रंप ने कहा, तब का तब से देखेंगे... लेकिन फिलहाल भारत 50 फीसदी टैरिफ देगा।गौरतलब है कि ट्रंप द्वारा भारत के ऊपर घोषित किए गए टैरिफ को लेकर केवल नई दिल्ली में ही नहीं बल्कि वाशिंगटन में भी लोग हैरत में हैं। कई लोग इसका समर्थन कर रहे हैं तो वहीं कई लोग केवल भारत को निशाना न बनाने की सलाह दे रहे हैं। ट्रंप की पार्टी की नेता निक्की हेली ने भी बुधवार को ट्रंप के इस फैसले पर सवाल उठाए थे। उन्होंने भारत को एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार भी करार दिया था।

# एयरपोर्ट पर उतरा यूएई का विमान एयरफोर्स ने धमाका कर उड़ा दिया, 40 की मौत

पोर्ट सूडान(ईएमएस)। सूडान की वायुसेना ने दारफूर के न्याला हवाई अड्डे पर एक बड़ा हमला बोला, जिसमें संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का एक विमान पूरी तरह तबाह हो गया। सूडान के सरकारी मीडिया के मुताबिक, इस विमान में कोलंबिया के भाड़े के सैनिक सवार थे और इस हमले में कम से कम 40 लोग मारे गए। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि उनकी सरकार यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि हमले में कितने कोलंबियाई मारे गए। उन्होंने लिखा, 'हम देखेंगे कि क्या उनके शवों को वापस लाया जा सकता है।' पेट्रो ने भाड़े की सैन्य गतिविधियों पर बैन लगाने की बात भी कही और इसे 'इंसानों को मारने की वस्तु बनाने का व्यापार' बताया।

कोलंबियाई भाड़े के सैनिक, जो ज्यादातर पूर्व सैनिक या गुरिल्ला लड़ाके हैं, पहले भी यमन और खाड़ी देशों में यूएई के लिए लड़ चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने 2024 के अंत से दारफूर में कोलंबियाई लड़ाकों की मौजूदगी की पुष्टि की है।

यह हमला बुधवार को उस हवाई अड्डे पर हुआ, जो रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के कब्जे में है। सूडान की सेना और आरएसएफ के बीच अप्रैल 2023 से जंग चल रही है।एक सैन्य सूत्र ने बताया कि यूएई का यह विमान न्याला हवाई अड्डे पर उतरते ही बमबारी में पूरी तरह नष्ट हो गया। दावा किया कि विमान खाड़ी देश के किसी हवाई अड्डे से उड़ा था और इसमें दर्जनों विदेशी लड़ाके और आरएसएफ के लिए हथियार व उपकरण थे। आरएसएफ दारफूर के ज्यादातर हिस्सों पर कब्जा किए हुए है। सूडान की सेना, जिसका नेतृत्व जनरल अब्देल फतह अल-बुरहान कर रहे हैं, लंबे समय से यूएई पर आरोप लगाती रही है कि वह न्याला हवाई अड्डे के जरिए आरएसएफ को ड्रोन जैसे हथियार सप्लाई करता है। यूएई ने इन आरोपों को खारिज किया है, हालांकि संयुक्त राष्ट्र, अमेरिकी अधिकारी और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों की रिपोर्ट्स इसके उलट संकेत देती हैं।

न्याला हवाई अड्डा, जो दक्षिण दारफूर की राजधानी में है, पिछले साल आरएसएफ के कब्जे में आया था। सूडान की सेना का दावा है कि आरएसएफ इस हवाई अड्डे का इस्तेमाल विदेशी हथियार और सोना तस्करी के लिए करता है। येल यूनिवर्सिटी के ह्यूमैनिटेरियन रिसर्च लैब की सैटेलाइट तस्वीरों में वहां चीनी निर्मित लंबी दूरी के ड्रोन दिखे हैं। जून में भी तीन गवाहों ने बताया था कि न्याला हवाई अड्डे पर एक कार्गो विमान को बमबारी में निशाना बनाया गया था। इस हफ्ते, सेना समर्थक गठबंधन 'जॉइंट फोर्सेज' ने दावा किया कि दारफूर के अल-फाशर में आरएसएफ के साथ 80 से ज्यादा कोलंबियाई भाड़े के सैनिक लड़ रहे हैं। इनमें से कई ड्रोन और तोपखाने हमलों में मारे गए।

## आयरलैंड में भारतीयों पर बढ़े नस्लीय हमले, बाल खींचे, प्राइवेट पार्ट पर मारा

डबलिन,(ईएमएस)। आयरलैंड में भारतीयों पर नस्लीय हमले लगातार बढ़ रहे हैं। यहां एक दिल दहला देने वाली घटना में 6 साल की एक भारतीय मूल की बच्ची पर कुछ लड़कों के समूह ने बेरहमी से हमला कर दिया। यह घटना तब हुई जब बच्ची अपने घर के खेल रही थी और मां अंदर अपने 10 महीने के बेटे को दूध पिलाने गई थीं। कुछ ही मिनटों बाद बच्ची रोती हुई घर लौटी और वो इतनी डरी हुई थी कि अपनी मां को ये बता तक नहीं पाई कि उसके साथ क्या हुआ। हालांकि बच्ची के दोस्तों ने बताया कि कुछ लड़कों ने उसे चेहरे पर मुक्के मारे और उसके प्राइवेट पार्ट पर भी हमला किया। बच्ची की मां 8 साल से आयरलैंड में रह रही है और पेश से एक नर्स है। कुछ टीनएजर्स के ग्रुप ने घर के बाहर साइकिल चला रही बच्ची को पकड़ा और उसे मारा-पीटा। उन्होंने 'डर्टी इंडियन, वापस भारत जाओ' जैसे शब्द कहकर अपमानित भी किया। बच्ची की मां ने बताया कि यह हमला बिना किसी उकसावे के किया गया और अब उनका परिवार डरा हुआ है। उन्होंने कहा कि वे सोच भी नहीं सकती थीं कि उनकी बेटी वहां असुरक्षित होगी। उनका कहना है कि वे आयरलैंड को अपना घर मानती थीं लेकिन आज खुद को असहाय महसूस कर रही हैं। उनके मुताबिक लड़कों ने पहले बच्ची के बाल खींचे और उसके चेहरे पर मुक्के मारे। इसके बाद वो जिस साइकिल को चला रही थी, उसके पहिये से उसके प्राइवेट पार्ट पर भी मारा और बच्ची के गले पर भी हमला किया। लड़की की मां ने बताया कि जिस तरह हमला करने वाले लड़के उन्हें देखकर हंस रहे थे, वो सबसे डरावना था। घटना के बाद लड़की की मां ने पुलिस को रिपोर्ट दी है, लेकिन उन्होंने कहा कि वे चाहती हैं कि इन बच्चों को सजा देने की बजाय उनकी काउंसलिंग की जाए।

## घाना में सेना का हेलीकॉप्टर क्रैश, दो मंत्रियों समेत 8 की मौत

-सरकार ने दुर्घटना को राष्ट्रीय त्रासदी बताया, देश में झंडे आधे झुकाए

अकरा,(ईएमएस)। अफ्रीकी देश घाना में एक सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटना में देश के रक्षा और पर्यावरण मंत्री समेत आठ लोगों की मौत हो गई है। मीडिया रिपोर्ट में राष्ट्रपति कार्यालय ने इसकी जानकारी दी। वायु सेना का हेलीकॉप्टर देश के दक्षिणी हिस्से में एक जंगल में क्रैश हो गया। इसमें दो मंत्रियों के साथ दो शीर्ष अधिकारी भी शामिल थे। यह हादसा घाना में एक दशक से भी ज्यादा समय में हुई सबसे भीषण हवाई दुर्घटनाओं में से एक है। रिपोर्ट के मुताबिक घाना की सेना ने बताया कि हेलीकॉप्टर ने सुबह राजधानी अकरा से उड़ान भरी और उत्तर-पश्चिम दिशा में अशांति क्षेत्र के ओबुआसी स्थित सोने की खदान वाले इलाके की ओर जा रहा था, तभी रडार से गायब हो गया। बाद में इसका मलबा अशांति के अंदासी इलाके में मिला। हादसे की वजह का पता नहीं चल सका है। सेना ने कहा है कि मामले की जांच शुरु कर दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक हादसे में रक्षा मंत्री एडवर्ड ओमान बोआमाह और पर्यावरण मंत्री इब्राहिम मुर्तला मुहम्मद के साथ सत्तारूढ़ दल नेशनल डेमोक्रेटिक कांग्रेस के उपाध्यक्ष सैमुअल सरपोंग, शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मुनुरू मोहम्मद और चालक दल के चार सदस्यों की मौत हुई है। घाना सरकार ने इस दुर्घटना को राष्ट्रीय त्रासदी बताया है। वहीं, रक्षा मंत्री बोआमा के घर और पार्टी मुख्यालय पर शोक व्यक्त करने वाला का तांता लगा रहा। शोक में डूबे राष्ट्रपति महामा ने सभी सरकारी गतिविधियां तत्काल स्थगित कर दी हैं और देशभर में झंडे आधे झुका दिए गए हैं। शिक्षा मंत्री हरूना इदरीसू ने बताया कि राष्ट्रपति इस घटना से 'गहरे भावनात्मक सदमे' में हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दुर्घटनाग्रस्त विमान एक जेड-9 हेलीकॉप्टर था, जिसका इस्तेमाल परिवहन और चिकित्सा निकासी के लिए किया जाता है। दुर्घटनास्थल का एक मोबाइल फोन फुटेज सामने आया है, जिसमें घने जंगल वाले इलाके में सुलगता हुआ हेलीकॉप्टर का मलबा दिखाई दे रहा है। बता दें इसके पहले मई 2014 में घाना के तट पर एक सेवा हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ था, जिसमें कम से कम 3 लोग मारे गए थे। 2012 में राजधानी अकरा में एक मालवाहक विमान रनवे से फिसलकर यात्रियों से भरी बस से टकरा गया था, जिसमें कम से कम 10 लोग मारे गए थे।



फ्रांस में जंगल की आग से उठता हुआ धूआं, जिसपर नियंत्रण के लिए दमकलकर्मी प्रयास करते हुए। ये पिछले 80 सालों में जंगल में लगी सबसे बड़ी आग है।

# ट्रंप ने की पुतिन से बात, जल्द होगी वार्ता, यूक्रेन युद्ध का अंत होने की संभावना

वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि रूस के साथ जल्द ही शिखर वार्ता हो सकती है, जिससे यूक्रेन युद्ध का अंत होने की संभावना है। ट्रंप ने कहा कि हमने राष्ट्रपति पुतिन से बहुत अच्छी बातचीत की और लगता है कि अब इस लंबे युद्ध का अंत पास है। ट्रंप ने बुधवार को व्हाइट हाउस में कहा कि यह रास्ता लंबा रहा है, और अभी भी लंबा है, लेकिन जल्द बैठक हो सकती है।

यह बयान उस समय आया जब मॉस्को में राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के बीच तीन घंटे लंबी बातचीत हुई। यह बैठक ऐसे समय हुई जब रूस पर ट्रंप प्रशासन की तरफ से नए कड़े प्रतिबंध लगाए जाने की चेतावनी दी गई है। बैठक में क्या हुआ यह साफ नहीं है। ट्रंप ने कहा कि कोई 'ब्रेकथ्रू' फिलहाल नहीं हुआ है और उन्होंने यह भी माना कि वह पुतिन पर पूरी तरह भरोसा नहीं कर पा रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इससे पहले पुतिन-विटकोफ बैठक के बाद ट्रंप ने यूरोपीय नेताओं को टेलीफोन पर बताया कि वह जल्द ही संभवतः अगले सप्ताह की शुरुआत में। पुतिन से मिलना चाहते हैं, जिसके बाद रूसी नेता और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के साथ त्रिपक्षीय वार्ता होगी। रूस ने आखिरी कोशिश के तौर पर विटकॉफ को बुलाया ताकि अमेरिका की तरफ से घोषित किए जाने वाले नए प्रतिबंधों को रोका जा सके। अमेरिकी दूत के मॉस्को पहुंचने पर रूस के निवेश मामलों के दूत किरिल दिमित्रिएव ने उनका स्वागत किया। पुतिन की प्राथमिकताएं हैं- वह यूक्रेन के डोनेट्स्क, लुहांस्क, जापोरीझिया और खेरसोन इलाकों को कब्जे में लेना चाहते हैं और यूक्रेन की सेना को सीमित करना चाहते हैं। विटकॉफ की बैठक से ठीक पहले ट्रंप ने यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से फोन पर बातचीत की। इस बातचीत में रूस पर संभावित प्रतिबंधों के अलावा नाटो की तरफ से यूक्रेन को मिल रही सैन्य सहायता पर भी चर्चा हुई। जेलेंस्की ने कहा है ये प्रतिबंध 'रूस की अर्थव्यवस्था को हिला सकते हैं।

ट्रंप ने रूस को शुक्रवार तक की डेडलाइन दी है या तो शांति समझौता करो या फिर प्रतिबंध झेलने को तैयार रहे। अमेरिका ने चेतावनी दी है कि रूस की ऊर्जा खरीदने वाले देशों जिनमें चीन और भारत भी शामिल हैं पर भी 'सेकेंडरी टैरिफ' लगाए जा सकते हैं। इसके अलावा ट्रंप ने दो परमाणु पनडुब्बियों को फिर से 'पोजिशन' करने का आदेश भी दिया है। कुछ यूरोपीय अधिकारियों का मानना है कि यह सिर्फ दबाव बनाने की रणनीति हो सकती है।

### नासा के मिशनों को बंद करने का ट्रंप प्रशासन का फैसला

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन नासा के दो महत्वपूर्ण मिशनों को बंद करने की तैयारी कर रहा है। ये मिशन ग्रीनहाउस गैसों की निगरानी और पौधों के स्वास्थ्य से संबंधित डेटा इकट्ठा करते हैं। ये मिशन सटीक रूप से यह दिखाते थे कि कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ) का उत्सर्जन और अवशोषण कहाँ हो रहा है और फसलें कितनी अच्छी तरह से बढ़ रही हैं। वैज्ञानिकों और नीति-निर्माताओं ने इस फैसले पर चिंता व्यक्त की है। उनका मानना है कि इन मिशनों से प्राप्त डेटा एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय संपत्ति है और इस बचाया जाना चाहिए। नासा के एक सेवानिवृत्त वैज्ञानिक, डेविड क्रिस्प के अनुसार, इन मिशनों में इस्तेमाल की गई तकनीक दुनिया में किसी भी अन्य मौजूदा प्रणाली की तुलना में अधिक संवेदनशील और सटीक है। इन मिशनों की मदद से वैज्ञानिकों ने यह पता लगाया कि अमेज़न वर्षावन जितना सीओ अवशोषित करता है, उससे अधिक उत्सर्जित करता है, जबकि कनाडा और रूस के बोरियल वन अधिक अवशोषण करते हैं।

### इधर भारत पर टैरिफ उधर अमेरिकी चौखट पर पाक सेना प्रमुख मुनीर देंगे दस्तक

भारत और पाकिस्तान के बीच दुश्मनी को डोनाल्ड ट्रंप अपने फायदे के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। वह चीन की गोद में बैठे पाकिस्तान को निकाल कर अमेरिका के पक्ष में करना चाहते हैं। भारत पर वह लगातार टैरिफ ठोक रहे हैं। बुधवार को ट्रंप ने भारत पर 25 फीसदी अतिरिक्त प्रतिबंध लगाने की की घोषणा की। वहीं इससे पहले वह पाकिस्तान के साथ तेल डील का भी ऐलान कर चुके हैं। वहीं पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर को एक बार फिर अमेरिका ने हाजिर होने को कहा है। वहां वे यूएस सेंट्रल कमांड के कमांडर जनरल माइकल ई कुरिल्ला के विदाई समारोह में शामिल होंगे। यह समारोह फ्लोरिडा के टाम्पा में होगा, जहां सेंटकॉम का मुख्यालय है।

पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, यह जनरल मुनीर की पिछले दो महीनों में अमेरिका की दूसरी यात्रा होगी। मुनीर का यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब ट्रंप भारत पर टैरिफ पर टैरिफ लगाते जा रहे हैं और पाकिस्तान के साथ डील कर रहे हैं। जनरल मुनीर ने जून में भी अमेरिका का दौरा किया था। उस दौरान उन्होंने वाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ दो घंटे की लंच मीटिंग की थी। यह मुलाकात ऐतिहासिक थी, क्योंकि इसमें पाकिस्तान का कोई वरिष्ठ नागरिक अधिकारी मौजूद नहीं था। यह बैठक उस समय हुई थी, जब भारत ने पाकिस्तान और पाक-अधिकृत कश्मीर में आतंकी ढांचों को नष्ट किया था। यह कार्रवाई पाकिस्तान समर्थित पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई थी, जिससे दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर था।

सूत्रों के मुताबिक, ट्रम्प और मुनीर की मुलाकात में व्यापार, आर्थिक विकास और क्रिप्टोकरेंसी जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। लेकिन क्षेत्रीय सुरक्षा सबसे अहम थी। ट्रम्प ने जनरल मुनीर की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान तनाव को कम करने में बड़ी भूमिका निभाई। ट्रम्प ने हद तो तब कर दी जब उन्होंने कहा, 'मैंने उन्हें इसलिए बुलाया था ताकि मैं उन्हें युद्ध टालने और इसे खत्म करने के लिए धन्यवाद दूं।' वहीं, जनरल मुनीर ने ट्रम्प की तारीफ करते हुए कहा कि वे भारत और पाकिस्तान के बीच 'परमाणु युद्ध' टालने के लिए नोबेल शांति पुरस्कार के हकदार हैं।

## हॉलीवुड के मशहूर एक्टर ब्रैड पिट की मां का निधन, परिवार और फैंस शोक में डूबे

वाशिंगटन,(ईएमएस)। हॉलीवुड के मशहूर एक्टर ब्रैड पिट की 84 साल की मां जेन एटा पिट का निधन हो गया है। वह पिछले कुछ समय से बीमार ची रही थीं। उनके निधन से परिवार और फैंस दुखी हैं। उनकी पोती सिडनी पिट ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी दादी को श्रद्धांजलि देते हुए एक भावुक पोस्ट की है, जिसमें उन्होंने जेन एटा पिट के जीवन और उनके प्यार की गहराई का जिक्र किया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ब्रैड पिट की भतीजी सिडनी ने इंस्टाग्राम पर अपनी दादी के साथ कई तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा- मेरी प्यारी दादी, हम अभी आपके जाने को लेकर तैयार नहीं थे। हालांकि ये सोचकर खुद को ढांढस दे रहे हैं कि अब आप फिर से गाने, नाचने और पेंटिंग करने के लिए आजाद होंगी। उन्होंने बताया कि जेन एटा पिट अपने 14 पोते-पोतियों के साथ बेहद घुल-मिल जाती थीं और उनका प्यार किसी भी सीमा में नहीं बंधा था।

उन्होंने लिखा- दादी का दिल बहुत बड़ा था। वह सभी लोगों की परवाह करती थीं। उन्होंने मुझे पेंटिंग सिखाई, मजबूत और दयावान बनना, ईसा-मसीह से प्रेम करना और छोटी-छोटी चीजों में खुशी ढूंढना सिखाया। हम खुशकिस्मत थे कि हमें उनका प्यार मिला और वह हम सब के अंदर हमेशा जिंदा रहेंगी। जेन एटा पिट रिटायर्ड स्कूल काउंसलर थीं और अपने पति विलियम पिट के साथ मिसौरी के स्प्रिंगफील्ड में रहती थीं। दोनों ने मिलकर अपने तीन बच्चों ब्रैड, डग और जूली का पालन-पोषण किया। उनके पति एक ट्रकिंग कंपनी के मालिक थे। हालांकि परिवार लाइमलाइट से दूर रहा लेकिन कई बार जेन और विलियम को ब्रैड पिट के साथ कुछ सार्वजनिक आयोजनों में देखा गया। 2012 के ऑस्कर अवॉर्ड्स और 2014 में फिल्म अनब्रोकन का प्रीमियर शामिल है। ब्रैड पिट के फैंस सोशल मीडिया पर उनकी मां के निधन पर संवेदनाएं व्यक्त कर रहे हैं।

## म्यांमार के कार्यवाहक राष्ट्रपति मिंट स्वे का निधन

रंगून,(ईएमएस)। म्यांमार के कार्यवाहक राष्ट्रपति मिंट स्वे का गुरुवार को निधन हो गया। वे 74 साल के थे और पिछले कुछ समय से बीमार थे। उन्होंने देश के सैन्य अस्पताल नंबर-2 में अंतिम सांस ली। उनके निधन की आधिकारिक जानकारी नेशनल डिफेंस एंड सिक्योरिटी काउंसिल ने दी। मिंट स्वे म्यांमार के अनुभवी सैन्य अधिकारी और नेता थे। उन्होंने लंबे समय तक देश की सेवा की और हाल के वर्षों में उन्हें कार्यवाहक राष्ट्रपति की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उन्हें सत्तारूढ़ सैन्य सरकार का भरोसेमंद चेहरा माना जाता था। मिंट पिछले कुछ समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे। उनके स्वास्थ्य को लेकर सरकार की ओर से ज्यादा जानकारी नहीं दी गई। उनके निधन की खबर सामने आते ही म्यांमार में शोक की लहर फैल गई। देश के रक्षा और सुरक्षा महकमे समेत सरकार के अन्य विभागों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। सोशल मीडिया और टीवी चैनलों पर लोग उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। मिंट स्वे को म्यांमार की राजनीति में सैन्य प्रतिनिधित्व का चेहरा माना जाता था। वह कई अहम प्रशासनिक निर्णयों और देश की नीतियों में सक्रिय रूप से शामिल रहे। उनका योगदान सुरक्षा और आंतरिक मामलों में देखा गया। बता दें म्यांमार पहले से ही राजनीतिक अस्थिरता और सैन्य शासन के खिलाफ संघर्ष के दौर से गुजर रहा है। ऐसे समय में कार्यवाहक राष्ट्रपति का निधन देश की सत्ता और प्रशासन के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

## अमेरिका की धरती पर भी सुरक्षित नहीं ट्रंप की सेना, अंधाधुंध फायरिंग में 5 सैनिक घायल

जॉर्जिया,(ईएमएस)। जॉर्जिया के दक्षिण-पूर्व में स्थित फोर्ट स्टीवर्ट सैन्य अड्डे पर गोलीबारी की घटना में पांच सैनिक घायल हो गए हैं। बेस में सुबह 11:04 बजे (स्थानीय समय) लॉकडाउन लगाया गया और दोपहर में इसे पूरी तरह हटा लिया गया। फोर्ट ने बताया कि घायल सैनिकों का मौके पर इलाज किया गया और फिर विन आर्मी कम्युनिटी हॉस्पिटल ले जाया गया। अधिकारियों ने कहा कि दोपहर तक सभी पीड़ितों की हालत स्थिर है और उनके ठीक होने की उम्मीद है। फोर्ट स्टीवर्ट, जो सवाना शहर से लगभग 64 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में है, मिसिसिपी नदी के पूर्व में सबसे बड़ा सेना बेस है। यह जानकारी अड्डे के आधिकारिक सोशल मीडिया पोस्ट से मिली है। फोर्ट के एक आधिकारिक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी गई। तीसरे इन्फैंट्री डिवीजन के कमांडिंग जनरल जॉन लुबास के अनुसार, संदिग्ध की पहचान क्वॉर्नेलियस रैडफोर्ड है के रुप में हुई, जो एक ऑटोमैटिक लॉजिस्टिक्स सार्जेंट है। रैडफोर्ड ने अपनी निजी बंदूक से अपने साथी सैनिकों पर हमला किया। लुबास ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मैं पुष्टि कर सकता हूं कि यह कोई सैन्य हथियार नहीं था। हमारा मानना है कि यह एक निजी पिस्तौल थी।' उन्होंने आगे कहा, 'हमें अभी तक मकसद के बारे में पूरी तरह से पता नहीं है, लेकिन सेना के जांचकर्ताओं ने उससे पूछताछ की है और हमें लगता है कि जल्द ही हमें और जानकारी मिलेगी।' शूटर को पहले स्थानीय स्तर पर नशे में गाड़ी चलाने के लिए गिरफ्तार किया जा चुका है। एफबीआई अटलांटा ने सोशल मीडिया पर कहा कि उसका सवाना कार्यालय सेना की आपराधिक जांच शाखा के साथ मिलकर काम कर रहा है। घटना की जांच अभी जारी है।इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में सैन्यकर्मियों को घटनास्थल से निकाला जाता दिखा। रिपोर्ट के मुताबिक बेस पर मौजूद बर्गर किंग रेस्टोरेंट की मैनेजर ने बताया कि लॉकडाउन के बाद उन्होंने तुरंत अपने स्टाफ को सुरक्षित कमरे में छिपा लिया। यह सीलबंद कमरा ऐसी ही स्थितियों के लिए बनाया गया है, ताकि बाहरी दुनिया से पूरी तरह अलग-थलग होया जा सके।

## फोर्ट स्टीवर्ट सेना बेस में गोलीबारी, पांच सैनिक घायल, हमलावर गिरफ्तार

वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिका के जॉर्जिया स्थित फोर्ट स्टीवर्ट सेना बेस में बुधवार सुबह एक सक्रिय शूटर द्वारा की गई गोलीबारी में पांच सैनिक घायल हो गए। यह घटना सुबह सेकेंड आर्म्ड कॉमवेट टीम क्षेत्र में हुई। बेस अधिकारियों ने जानकारी दी कि हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया और अब समुदाय के लिए कोई सक्रिय खतरा नहीं है। घायल सैनिकों को प्राथमिक उपचार के लिए सेवन्नाह स्थित मेमोरियल हेल्थ यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर ले जाया गया है। अस्पताल के अनुसार सभी की हालत स्थिर है और वे विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में हैं। फोर्ट स्टीवर्ट अमेरिका की थर्ड इंफेटरी डिवीजन का मुख्यालय है और यहां 10,000 से अधिक सैनिक, उनके परिवार और नागरिक कर्मचारी निवास करते हैं। यह बेस सेवन्नाह से लगभग 40 मील दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। बेस अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और पूरे परिसर को सुरक्षित करने की कार्रवाई की। सुरक्षा बल और आपातकालीन टीमें अभी भी सक्रिय हैं और हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलाइन लीविट ने बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को घटना की पूरी जानकारी दे दी गई है और वे स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। अधिकारियों ने बेस में मौजूद सभी लोगों से शांत रहने और सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की अपील की है। फिलहाल हमलावर की पहचान और गोलीबारी के पीछे की वजह की जांच की जा रही है।

## जेम्स बॉन्ड की भूमिका निभाने को लेकर उत्साहित हूं: टॉम हॉलैंड

लॉस एंजिल्स (ईएमएस)। 'स्पाइडरमैन' जैसे सुपरहिट किरदार निभा चुके हॉलीवुड एक्टर टॉम हॉलैंड ने हाल ही में खुलासा किया कि वे जेम्स बॉन्ड की आइकॉनिक भूमिका निभाने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। एक चैनल पर बातचीत के दौरान हॉलैंड ने कहा कि अभी तक इस पर सिर्फ कयास ही लगाए जा रहे हैं और कोई आधिकारिक बात सामने नहीं आई है, लेकिन वह दिन जरूर आएगा जब वे इस पर खुलकर चर्चा करेंगे। बातचीत के दौरान रामसे ने जब इस भूमिका के असर और जिम्मेदारियों को लेकर सवाल किया तो हॉलैंड ने जवाब में कहा कि हर युवा ब्रिटिश एक्टर के लिए जेम्स बॉन्ड बनना सबसे बड़ी उपलब्धि होती है। उन्होंने खुद को इस इंडस्ट्री में अब तक की मिली कामयाबी को लेकर भाग्यशाली बताया और कहा कि करियर में इस मुकाम तक पहुंचना किसी भी कलाकार का सपना होता है।

टॉम का यह बयान तब आया जब 'रॉकेटमैन' फेम एक्टर टैरोन एगर्टन ने खुद को जेम्स बॉन्ड की भूमिका के लिए अनुपयुक्त बताया। एगर्टन ने एक इंटरव्यू में कहा कि उन्हें नहीं लगता कि वे इस किरदार में फिट बैठते हैं और वह इसके बजाय दूसरे प्रोजेक्ट्स पर ध्यान देना चाहेंगे।

# मुझे नहीं रुट को दिया जाना था प्लेयर ऑफ द सीरीज अवार्ड : हैरी ब्रूक



लंदन (ईएमएस)। इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक को भारतीय टीम के खिलाफ सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवार्ड मिला है पर वह इससे खुश नहीं हैं। हैरी का मानना है कि ये पुरस्कार उन्हें नहीं दिया जाना चाहिये था। इस क्रिकेटर के अनुसार सीरीज में बेहतर बल्लेबाजी के लिए ये सम्मान अनुभवी बल्लेबाज जो रुट दिया जाना चाहिये था। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज सीरीज 2-2 से बराबरी पर समाप्त होने के बाद प्रत्येक टीम के कोच ने विरोधी टीम से प्लेयर ऑफ द सीरीज पुरस्कार के लिए एक खिलाड़ी चुना। इसमें भारत से शुभमन गिल जबकि इंग्लैंड से हैरी ब्रूक को अवार्ड मिला। इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने जहां भारतीय कप्तान शुभमन गिल को चुना, वहीं भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने ब्रूक को इंग्लैंड का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला खिलाड़ी माना। ब्रूक ने अंतिम टेस्ट के चौथे दिन 98 गेंदों पर 111 रनों की आक्रामक पारी खेली पर वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये। ब्रूक ने कहा, मैंने रुट जितने रन नहीं बनाए, इसलिए मुझे लगता है कि उन्हें ये अवार्ड मिलना ब्रूक ने पांच मैचों की सीरीज में 53.44 की औसत से 481 रन बनाए जबकि रूट ने 67.12 की औसत से 537 रन बनाए हैं। हैरी ने कहा कि जिस प्रकार से सीरीज 2-2 से रोमांचक रही। उससे वह अपनी टीम के प्रदर्शन से संतुष्ट हैं।

### बल्लेबाजी के नहीं उतरने के बारे में कभी नहीं सोचा : वोक्स

ओवल टेस्ट में कंधे की हड्डी खिसकने के बाद भी बल्लेबाजी करने वाले इंग्लैंड के ऑलराउंडर क्रिस वोक्स ने कहा है कि उन्होंने बल्लेबाजी नहीं करने के बारे में कभी नहीं सोचा था। वोक्स के अनुसार वह केवल इस कारण परेशान थे कि कहीं इस चोट से उनका करियर खतरे में न पड़ जाये। वोक्स पांचवें टेस्ट मैच में अंतिम दिन बल्लेबाजी के लिए उतरे तो उनका बायां हाथ पट्टे से बंधा हुआ था और उन्होंने इसे स्वेटर के अंदर डाला हुआ था। वोक्स ने कहा कि उन्हें लगा कि मैच में उतरना उनका कर्तव्य है और उन्हें अब भी इस बात का दुख है कि वह टीम को जीत नहीं दिला पाये। साथ ही कहा कि वह अभी अपने स्कैन के परिणामों का इंतजार कर रहे हैं। वोक्स ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि यह क्या है। आप बस इतना जानते हैं कि आप किसी बड़ी चीज का हिस्सा हैं। आप केवल अपने लिए ही नहीं खेल रहे हैं। उन्होंने कहा, 'यह आपकी टीम और आपके साथियों की मेहनत और उनके द्वारा किए गए त्याग, घर पर और मैदान पर देखने वाले लोगों की मेहनत है। आप बस सबके लिए ऐसा करना अपना कर्तव्य समझते हैं। वोक्स ने कहा, 'मैं अब भी बहुत निराश हूं क्योंकि हम जीत नहीं पाये। मैंने कभी मैदान पर नहीं जाने के बारे में नहीं सोचा, चाहे जीत के लिए 100 रन ही क्यों ना होते। वोक्स ने कहा कि दर्शकों के खड़े होकर तालियों की गड़गड़ाहट के बीच मैदान पर उतरना अच्छा लगा पर वह अपने इस साहसिक कार्य को अधिक अधिक महत्व नहीं देते। उन्होंने कहा, 'तालियां बजना अच्छा लगा और कुछ भारतीय खिलाड़ी अपना सम्मान दिखाने आए पर मेरी जगह कोई अन्य खिलाड़ी भी ऐसा ही करता क्योंकि आप नौ विकेट गिरने के बाद मैच समाप्त नहीं कर सकते थे। वोक्स ने खुलासा किया कि उन्होंने चौथे दिन से इंग्लैंड के सहायक कोच मार्कस ट्रेस्कोथिक के साथ एक हाथ से बल्लेबाजी का अभ्यास शुरू कर दिया था। वोक्स ने कहा, 'मैंने देखा कि ऋषभ पंत सोशल मीडिया में सैल्यूट इमोजी के साथ मेरी एक तस्वीर डाली थी तो मैंने उन्हें धन्यवाद देते हुए जवाब दिया कि 'प्यार के लिए शुक्रिया और उम्मीद है कि पैर ठीक होगा। उन्होंने आगे कहा, 'फिर उन्होंने मुझे एक वॉइस नोट भेजा जिसमें कहा था 'उम्मीद है सब ठीक हो, उबरने के लिए शुभकामनाएं और उम्मीद है कि हम किसी दिन फिर से मैदान पर मिलेंगे। मैंने टूटे हुए पैर के लिए माफी मांगी। वोक्स की गेंद पर ही ऋषभ के पैर का अंगूठा फ्रेक्चर हुआ था जिस कारण वह अंतिम टेस्ट से बाहर हो गये थे।

### वोक्स बोले, कंधे में दर्द के बाद लगा करियर समाप्त न हो जाये

इंग्लैंड के ऑलराउंडर क्रिस वोक्स ओवल टेस्ट की दूसरी पारी में टूटे हुए कंधे के साथ उतरे और उन्होंने अपनी टीम को जीत दिलाने के पूरे प्रयास किये हालांकि वह सफल नहीं हुए। इस मैच में 374 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड टीम 357 रन ही बना पायी थी। वोक्स ने कठिन हालातों में बल्लेबाजी करने का मुश्किल और साहसिक फैसला किया। इंग्लैंड टीम भले ही 6 रन से मैच हार गई पर वोक्स के जज्बे की भारतीय खिलाड़ियों ने भी जमकर प्रशंसा की। वोक्स ने कहा है कि इस मैच में जब वह बाउंड्री बचाते हुए कंधे के बल गिरे तो उनके पूरे शरीर का भर कंधे पर आ गया था। वोक्स ने कहा, आउटफील्ड बारिश से गीली थी ऐसे में वह जैसे ही गेंद को रोकने के लिए गये। उनका हाथ फिसल गया। इससे पूरे शरीर का भार उनके कंधे पर पड़ गया। इस दौरान उन्होंने एक आवाज सुनी जिससे वह समय गये कि कोई बड़ी मुश्किल आई है। उन्होंने आगे कहा, कंधे में बेहद तेज दर्द शुरू हुआ और मेरा हाथ केवल लटक रहा था। यह बहुत ही भयानक था और मेरे विचार तेजी से दौड़ रहे थे। मुझे लगा कि क्या अब मेरा करियर ही समाप्त हो जाये ? यह बहुत ही भयानक स्थिति थी।

# सिद्धू बोले, अब आलोचक भी करें गंभीर की प्रशंसा

मुम्बई (ईएमएस)। पूर्व सलामी बल्लेबाज नवजोत सिंह सिद्धू ने भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर की जमकर सराहना की है। सिद्धू ने कहा है कि जिस प्रकार के फैसले गंभीर ने इंग्लैंड दौरे में लिए उनकी सराहना होनी चाहिये। साथ ही कहा कि उनकी क्षमता पर संदेह करने वालों को बाज आना चाहिये। सिद्धू ने कहा कि जब भारतीय टीम हारती है तो कोच की खूब आलोचना होती है। सिद्धू का मानना है कि अब आलोचकों को भी गंभीर की तारीफ करनी चाहिये। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा , मैं कहना चाहता हूं कि जब भी भारत थोड़ा भी खराब खेलता है, तो हर कोई गंभीर पर टूट पड़ता है और उन्हें दोषी ठहराता है पर क्या आप आज खड़े होकर उनका अभिवादन करेंगे? सिद्धू ने आकाशदीप और वाशिंगटन सुंदर जैसे खिलाड़ियों को अभी अवसर देने के लिए गंभीर की प्रशंसा की। सिद्धू ने माना है कि इंग्लैंड में कुलदीप यादव बेहतर विकल्प हो सकते थे पर इसके बाद भी उन्होंने अपने फैसलों पर टिके रहने के लिए गंभीर की सराहना की। उन्होंने आगे कहा, गंभीर ही थे जिन्होंने इस बदलाव पर जोर दिया और आकाशदीप और वाशिंगटन जैसे खिलाड़ियों को मौके दिए। हां, कुलदीप शायद एक बेहतर विकल्प थे पर लेकिन उनमें दृढ़ विश्वास था। आज और कल भी सुधार की गुंजाइश होगी। इसके बाद भी जिस पर इतने सवाल उठाए गए और जिसकी इतनी आलोचना की गई, उसे आज वह सम्मान दिया जाना चाहिए जिसका वह अधिकारी है। सिद्धू ने टीम के युवाओं पर भरोसा बनाए रखने के लिए गंभीर की सराहना की, जिन्होंने उनकी इस प्रतिबद्धता का पूरा फल दिया। उन्होंने कहा, जब टीम गई थी, तब कई अनजान खिलाड़ी थे जिन्होंने अपना नाम नहीं बनाया था। गंभीर ने कहा था कि टीम में तीन-चार बड़े नाम गायब हैं, लेकिन इसे दूसरों के लिए अपने को स्थापित करने का अवसर था जिससे उन्होंने साकार किया।



मांट्रियल में कनाडा की विक्टोरिया मेबोका नेशनल बैंक ओपन टेनिस में कजाकिस्तान की एलीना रायबकीना पर जीत के बाद राहत की सांस लेती हुई।

## सिराज भारतीय गेंदबाजी आक्रामक की कमान संभालने के लिए तैयार दिख रहे : ग्रेग चैपल



सिडनी (ईएमएस)। ऑस्टेलिया के दिग्गज क्रिकेटर ग्रेग चैपल ने भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोम्मद सिराज की प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह भारतीय टीम के गेंदबाजी आक्रमण की कमान संभालने के लिए तैयार नजर आता है। फिर चाहे मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टीम में हो या न हों। बुमराह ने इंग्लैंड के दौरे पर तीन मैच खेले, ऐसे में सिराज सभी पांच मैचों में उतरे और उन्होंने बुमराह की कमी महसूस नहीं होने दी। इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में सिराज ने 9 विकेट लेकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने सीरीज में कुल 23 विकेट लिए। उन्होंने पांच टेस्ट में 185.3 ओवर किये, जो किसी अन्य गेंदबाज से अधिक हैं। चैपल ने , ''उसने पहले भी कई शानदार प्रदर्शन किए हैं। वह ऑस्ट्रेलियाई मैदानों पर भी सफल रहा। चैपल ने दावा किया और कहा, जसप्रीत बुमराह के साथ या उसके बिना वह गेंदबाजी आक्रमण की कमान संभालने के लिए तैयार हैं।'' भारतीय बल्लेबाजों ने पांच टेस्ट मैचों में 12 शतक लगाए पर सिराज की गेंदबाजी की इसके बाद भी बात हो रही है। चैपल लिखते हैं, ''ऐसा कहना गलत नहीं होगा कि इतने शानदार बल्लेबाजी प्रयासों के बावजूद भारतीय टीम के सीरीज में प्रतिस्पर्धी होने का मुख्य कारण सिराज की गेंदबाजी रही है।''उन्होंने कहा, ''उसके प्रयासों से ज्यादा मुझे उसके अंदर एक गेंदबाज के तौर पर आये बदलाव ने प्रभावित किया। उसने एक जुनूनी गेंदबाज के रूप में शुरूआत की थी पर अब वह ऐसी जुनूनी गेंदबाज है, जिसके पास मकसद भी है।

# अश्विन ने स्टोक्स की खिंचाई करते हुए कहा, कर्मों का फल आपको तत्काल मिलता है



चेन्नई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज स्पिनर रहे आर अश्विन ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स पर तंज कसते हुए कहा है कि कर्मों का फल आपको तुरंत मिलता है। अश्विन ने स्टोक्स को लेकर ऐसा इसलिए कहा है क्योंकि मैनचेस्टर में खेले गए चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन जब भारतीय बल्लेबाज ऋषभ पंत को चोट लगी थी तब भारतीय टीम के कोच गौतम गंभीर ने कहा था कि इसके लिए टीम को रिप्लेसमेंट मिलना चाहिए पर इस प्रस्ताव को स्टोक्स ने मजाकिया और बेतुका कहकर खारिज करते हुए कहा था कि ऐसा नहीं होना चाहिए। वहीं जब पांचवे टेस्ट में इंग्लैंड के क्रिस वोक्स चोटिल हो गए तो फिर से रिप्लेसमेंट दिये जाने का मामला उठने लगा। इसी को लेकर अश्विन ने स्टोक्स ने खिंचाई करते हुए कहा है कि कर्मों का फल आपको तत्काल मिलता है। इसलिए उन्हें सही शब्दों का तो इस्तेमाल करना चाहिये था। अश्विन ने कहा कि आप जो बोएंगे, वही काटेंगे। आखिरी टेस्ट के बाद ऋषभ की चोट के बारे में सवाल पूछे गए थे तब गंभीर ने कहा कि ऐसी चोटों के लिए रिप्लेसमेंट की जरूरत होती है और जब स्टोक्स से इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने इसे मजाक बताकर टाल दिया। मैं स्टोक्स की क्रिकेटिंग क्षमता और उनके रवैये का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं पर वह सोच-समझकर जवाब दे सकते थे।

अश्विन ने वोक्स को लेकर कहा, क्रिस वोक्स अपने कंधे स्वेटर में दबाए मैदान में उतरे और अपनी टीम को मैच जिताने के लिए जी-जान से जुट गए और लगभग जिताने के करीब भी पहुंच गए। उन्हें खेल का पूरा ज्ञान था, इसलिए दौड़कर एटकिंसन को स्ट्राइक दी। क्रिस वोक्स को सैल्यूट है। कमाल का रवैया, और अपनी टीम के लिए आगे बढ़ने का एक अनोखा तरीका और अपनी जान जोखिम में डालकर अपनी टीम के लिए लड़ना।

अश्विन ने नियमों में बदलाव की जरूरत पर इंग्लैंड के कप्तान माइकल वॉन के एक बयान का हवाला दिया। उन्होंने कहा, माइकल वॉन ने कहा था कि यह एक ऐसा क्षेत्र है, जहां खेल में बदलाव हो सकता है। खिलाड़ियों के रिप्लेसमेंट की इजाजत होनी चाहिए। मैं बस इतना कह रहा हूं: दूसरी टीम के प्रति सी थोड़ी सहानुभूति दिखाइए। स्टोक्स को सोचना चाहिए था कि अगर ऋषभ जैसा कोई खिलाड़ी उनकी टीम में होता और चोटिल हो जाता तो क्या होता। ऐसे में अपने शब्द तो सही बोलिये।

# शमी की टेस्ट क्रिकेट में वापसी संभव नजर नहीं आती



मुम्बई (ईएमएस)। पिछले काफी समय से फिट नहीं होने के कारण भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की वापसी अब टेस्ट क्रिकेट में मुश्किल नजर आती है। इसकार कारण युवा तेज गेंदबाजों का अच्छा प्रदर्शन और शमी की बढ़ती उम्र है। शमी 35 के करीब होने जा रहे हैं। ऐसे में भविष्य की योजनाओं को देखते हुए फिट नहीं बैठते। शमी एकदिवसीय विश्व कप 2023 के फाइनल के बाद से ही चोटिल होने के कारण एक साल से अधिक समय तक क्रिकेट से दूर रहे। फिट होने के बाद उन्होंने घरेलू क्रिकेट में तीनों फॉर्मेट में खेला जिसके बाद उन्हें टी20 और फिर एकदिवसीय प्रारुप में जगह मिली। वह चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीतने वाली भारतीय टीम में शामिल थे पर फिटनेस संबंधी परेशानियों के कारण् टेस्ट क्रिकेट में उनकी वापसी नहीं हो पायी। उन्हें न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए उपयुक्त नहीं पाया गया हालांकि इसका कारण उनकी फिटनेस बताया गया है। वहीं इस दौरान प्रसिद्ध कृष्णा, आकाशदीप सिंह और अर्शदीप सिंह सहित कई युवा तेज गेंदबाज निकलकर आ गये। टीम प्रबंधन ने भी युवाओं को अधिक मौके देना बेहतर विकल्प माना है जिससे भी शमी की वापसी कठिन हो गयी।

इंग्लैंड दौरे के लिए आकाश दीप के अलावा हर्षित राणा, अंशुल कंबोज और प्रसिद्ध कृष्णा को मौका दिया गया। इंग्लैंड दौरे पर रवाना होने से पहले मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने स्पष्ट किया था कि शमी पुरी तरह से फिट नहीं हैं। उनके साथ कुछ समस्याएं हैं। टीम प्रबंधन ने शमी को लेकर जोखिम लेने से इंकार कर दिया था। ऐसे में युवाओं को अवसर मिला जिसको उन्होंने पूरा लाभ उठाया। आकाशदीप ने इंग्लैंड दौरे के दूसरे टेस्ट में 10 विकेट लिए। वहीं कृष्णा ने अंतिम टेस्ट में दोनो पारियों में चार-चार विकेट लिए।

आकाश दीप ने बर्मिंघम टेस्ट और प्रसिद्ध कृष्णा ने द ओवल टेस्ट में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। कृष्णा ने तीन टेस्ट में 14, आकाश दीप ने 3 टेस्ट में 13 विकेट लिए। वहीं मुख्य तेज गेंदाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज टेस्ट में लंबे समय से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। सिराज ने 5 मैचों में 23 विकेट लिए, जो सीरीज में सर्वाधिक रहे। वहीं बुमराह ने भी 3 मैच में 14 विकेट लिए। ऐसे में शमी के लिए जगह बनती नहीं दिखती है। शमी की वापसी इसीलिए भी संभव नजर नहीं आती क्योंकि उन्हें अधिकतर चोट की समस्या रहती है। वह 35 साल के होने जा रहे हैं। वहीं टीम प्रबंधन युवाओं को वरीयता दे रहा है।



याकोहामा में डब्ल्यूटीटी चैम्पियंस याकोहामा 2025 में खेलती हुई दक्षिण कोरिया की किम नयोंग।

# एशेज से पहले इंग्लैंड टीम को सुधार की जरुरत : कोच ब्रेंडन मैकुलम



लंदन (ईएमएस)। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने भारत के खिलाफ सीरीज के बाद माना है कि उनकी टीम को आगामी एशेज सिरीज से पहले सुधार करना होगा। उन्होंने कहा कि हमने उन क्षेत्रों की पहचान की है जहां इंग्लैंड की टीम कमजोर है। इसके साथ ही कोच ने कहा कि भारतीय टीम ने काफी अच्छा खेला इसलिए वह अंतिम टेस्ट में जीत की अधिकारी थी। भारतीय टीम ने पांचवें टेस्ट के अंतिम दिन जिस प्रकार खेल में 2-1 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 6 रन से जीत दर्ज की उससे मेजबान टीम के हाथों में आई सीरीज फिसल गयी। इससे इंग्लैंड 2018 के बाद से भारत के खिलाफ पहली सीरीज जीतने में विफल रहा। मैकुलम के कोच रहते हुए इंग्लैंड टीम अभी तक भारत या ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कोई सीरीज नहीं जीत पायी है। इंग्लैंड अब सितंबर में दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड के खिलाफ सीमित ओवरों के प्रारुप में उतरेगी, इसलिए खिलाड़ियों के पास आराम करने और तरोताजा होने का पर्याप्त समय है।

मैकुलम कहना है कि उनका ध्यान अब इसपर रहेगा कि पिछले सात सप्ताह टीम ने कहां क्या किया। इससे वह एशेज टेस्ट की तैयारी बेहतर तरीके से कर पायेगी। मैकुलम ने कहा, 'हम पहले सब कुछ शांत होने देंगे और हम यह पता लगाएंगे कि क्या अच्छा रहा है और फिर यह तय करना शुरू करेंगे कि हम कैसे सुधार कर सकते हैं, जिससे जब हम ऑस्ट्रेलिया पहुंचें, तो हमारे पास जीत का अवसर हो । हम जानते हैं कि हमें सुधा की जरुरत है।

उन्होंने कहा, 'जब आप खिलाड़ियों को दबाव में अपनी सीमाओं से आगे जाकर प्रदर्शन करते हुए देखते हैं, तो आप हमेशा कुछ न कुछ नया सीखते हैं। बहुत सी चीजें हैं जिन पर हमें ध्यान देना है क्योंकि हम इसे समझने और उन क्षेत्रों का पता लगाने के लिए समय देंगे जिनमें हम सुधार कर सकते हैं। कुल मिलाकर, मुझे अपनी टीम के प्रयासों पर बहुत गर्व है। यह एक प्रतिस्पर्धी सीरीज रही है, जिसमें, कुछ खिलाड़ी चोटिल भी हुए। यह सीरीज़ ड्रॉ हो चुकी है। आप निराश हैं लेकिन आपको उनके प्रयासों पर गर्व है।

कोच के अनुसार जो कैच इस सीरीज में गिरे वह टीम के लिए भारी पड़े। साथ कहा कि जब 374 रनों का पीछा करते हुए जो रूट और हैरी ब्रूक ने इंग्लैंड को 301 पर 3 तक पहुंचा दिया था, जिसके बाद 66 रनों के अंदर सात विकेट गिरना टीम के लिए कहीं से भी अच्छा नहीं रहा।

मैकुलम ने हालांकि कहा कि एक उच्च-स्तर की विरोधी टीम के खिलाफ खेलने के दौरान हमेशा ही ऐसा हो सकता है। इंग्लैंड ने भारत की दूसरी पारी के 396 रनों में छह कैच छोड़े, जिसकी कीमत उन्हें 152 रन पड़ी। उन्होंने कहा, 'हमने इस मैच में बहुत अच्छी कैचिंग नहीं की लेकिन पिछले कुछ सालों में हमने बहुत अच्छी कैचिंग की है। कभी-कभी एक कैच छूटने के बाद और ज्यादा कैच छूटते चले जाते हैं।

## अगले 15 से 20 साल सीएसके के साथ ही रहेंगे धोनी



चेन्नई (ईएमएस)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान रहे महेन्द्र सिंह धोनी ने कहा है कि वह आगे भी टीम के साथ ही बने रहेंगे। धोनी ने कहा कि अगले 15 से 20 साल तक वह सीएसके के साथ ही रहेंगे भले ही खेलें या नहीं। धोनी की इस बात से साफ है कि वह अगले सत्र में अगर नहीं खेलते हैं तो कोच या मेंटॉर के तौर पर भी पीली जर्सी में ही दिखेंगे। धोनी ने कहा कि वह और सीएसके साथ-साथ हैं और आगे भी रहेंगे। उन्होंने कहा कि सीएसके और उनका साथ सिर्फ खिलाड़ी के तौर पर ही नहीं है। बढ़ती उम्र को देखते हुए पिछले कुछ साल से धोनी के खेल से संन्यास की अटकलें लगायी जा रही हैं। इसी को लेकर धोनी ने मुस्कुराते हुए कहा, मैं और सीएसके, हम साथ-साथ हैं। यह एक या दो साल के लिए नहीं है। मैं हमेशा पीली जर्सी में बैठा मिलूंगा। मैं भले ही खेलूं या नहीं।

44 साल के हो रहे धोनी पिछले सत्र में घुटने की चोट के कारण काफी परेशान रहे थे और निचले क्रम पर उतरे थे। वहीं आईपीएल 2024 के समय भी ऐसी अटकलें लगी थीं कि धोनी वो सत्र नहीं खेलेंगे पर वह घुटने की समस्या से बहुत जल्दी उबरे। इतना ही नहीं, आईपीएल 2025 में सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ जब कोहनी की चोट की वजह से बाहर हुए तब धोनी ने एक बार फिर कप्तानी संभाली। हालांकि, पिछला सत्र सीएसके के लिए अच्छा नहीं रहा था। आईपीएल की सबसे सफल टीमों में शामिल सीएसके 14 मैच में सिर्फ 4 ही जीत सकी थी और अंक तालिका में सबसे नीचे रही थी। धोनी ने पिछले सत्र में चेन्नई में एक निजी समारोह के दौरान कहा था कि चेन्नई की टीम रुतुराज को ही टीम में बनाए रखेगी। उन्होंने कहा, 'हम अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर थोड़े चिंतित थे पर मुझे लगता है कि अब हमारा बल्लेबाजी क्रम काफी व्यवस्थित है। गायकवाड़ वापसी करेंगे। उन्हें चोट लगी थी। वह वापसी करेंगे तो अब हम काफी व्यवस्थित हो जायेंगे।'

## डीपीएल के कार्यक्रम में बदलाव, अब 13 अगस्त के मैच 12 अगस्त को खेले जाएंगे

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) 2025 के दूसरे सत्र के मुकाबले अभी यहां अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जा रहे हैं। वहीं इसके कार्यक्रम में बदलाव हुआ है और 13 अगस्त को होने वाले मैच अब एक दिन पहले 12 अगस्त को ही खेले जाएंगे। इस सत्र के आधे से अधिक मैच खेले गये हैं। आयोजकों के अनुसार 15 अगस्त के कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का देखते हुए डीपीएल 2025 के कार्यक्रम को बदला गया है। साथ ही कहा कि 13 अगस्त को दोपहर 2 बजे से आउटर दिल्ली वॉरियर्स और सेंट्रल दिल्ली किंग्स के बीच टूर्नामेंट का 20वां लीग मैच खेला जाना था और शाम को 7 बजे से पुरानी दिल्ली 6 और ईस्ट दिल्ली राइडर्स के बीच दिन का दूसरा और लीग फेज का 21वां मुकाबला तय था पर अब इन मुकाबलों को एक दिन पहले आयोजित किया जाएगा। ऐसे में 13 की जगह 12 अगस्त को ये मुकाबले तय समय पर खेले जाएंगे।

12 अगस्त को पहले कोई भी मैच तय नहीं था। अब इस दिन मैच होने से अगले दिन आराम रखा गया है। वहीं बाकी के कार्यक्रम में कोई भी बदलाव नहीं आया है। डीपीएल के दूसरे सत्र के 9 मुकाबले अब तक हुए हैं। अंक तालिका की बात करें तो सेंट्रल दिल्ली किंग्स और वेस्ट दिल्ली लायंस ने अपने पहले 2-2 मैच जीत लिए हैं, जबकि 3 में से दो मैच ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने जीते हैं। एक-एक मैच आउटर दिल्ली वॉरियर्स, नोर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स और न्यू दिल्ली टाइगर्स ने जीता है। वहीं, साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज और पुरानी दिल्ली-6 का खाता खुलना बाकी है।

## सचिन ने बताया स्वीप शॉट खेलते समय ऋषभ के गिरने का कारण



मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अक्सर स्वीप शॉट खेलते समय गिर जाते हैं। इसी को लेकर अब महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने कहा है कि ऋषभ स्वीप शॉट खेलते समय जानबूझकर गिरते हैं ताकि संतुलन बना सकें। ऋषभ को इंग्लैंड दौरे में स्वीप शॉट खेलते समय चोट लग गयी थी। चौथे टेस्ट मैच में बल्लेबाजी करते समय उनके पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया था। इसी कारण वह अंतिम मैच से बाहर हो गए। ऋषभ के बार-बार स्वीप शॉट खेलने को लेकर तेंदुलकर ने कहा है कि इंग्लैंड में ऋषभ ने जिस तरह से बल्लेबाजी की, उससे लगता है कि उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में आवश्यक व्यावहारिकता के साथ अपने आक्रामक रुख को संतुलित बनाये रखना सीख लिया है। तेंदुलकर ने उस पैडल स्वीप शॉट पर भी बताया जिसे खेलते समय वह समय अक्सर गिर जाया करते हैं। तेंदुलकर का कहना है कि जमीन पर गिरने के बाद भी ऋषभ उस शॉट को खेलते समय कभी संतुलन नहीं खोते और उनका गिरना भी जानबूझकर होता है। तेंदुलकर ने कहा, उन्होंने जो स्वीप शॉट खेला, उसमें उन्हें गेंद के नीचे आकर उसे थोड़ा ऊपर उठाकर स्कूप करना पसंद है। वहीं लोग सोचते हैं कि वह गिर गए हैं, लेकिन यह जानबूझकर होता है जिससे वह गेंद के नीचे आ सकें। ऐसे शॉट खेलने का राज गेंद के नीचे आना है। इसलिए यह एक योजनाबद्ध गिरावट है, उनका संतुलन नहीं बिगड़ता। यह सब गेंद की लंबाई पर निर्भर करता है। तेज गेंदबाज पर रिवर्स स्वीप जैसे शॉट को लेकर हो रही आलोचन पर तेंदुलकर ने कहा, ऐसे मौके आए जब लोगों को लगा कि उन्हें वह शॉट नहीं खेलना चाहिए, यह सही समय नहीं है पर ऋषभ जैसे खिलाड़ी को अकेला छोड़ देना चाहिए क्योंकि तब वह मैच बचाने के लिए खेल रहे थे। इसलिए उन्हें अलग रवैया अपनाना पड़ा।

## दूसरे टेस्ट में भी न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे सैंटनर

हरारे (ईएमएस)। न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम अभी तक अपनी चोट से नहीं उबरे हैं। ऐसे में वह जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से भी बाहर हो गये हैं। इसको देखते हुए मिचेल सैंटनर ही इस मैच में भी कप्तानी करेंगे। सैंटनर पिछले मैच में भी कप्तान थे। वह न्यूजीलैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में कप्तानी करने वाले 32वें खिलाड़ी हैं। वहीं लैथम की जगह पर बल्लेबाज बेवॉन जैकब्स को फील्डिंग और बल्लेबाजी कवर के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड की टीम के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि लैथम का बाहर होना निराशाजनक पर चोट खेल का हिस्सा है। वाल्टर ने कहा, "टॉम लैथम का फिर से बाहर बैठना टीम के लिए बहुत निराशा वाला है। वह कड़ी मेहनत कर रहे हैं और दूसरे टेस्ट मैच के लिए अच्छी तैयारी कर रहे थे पर बदकिस्मती से वह अपना फिटनेस टेस्ट पास नहीं कर पाये।" वहीं एक अन्य खिलाड़ी ग्लेन फिलिप्स पहले ही सीरीज से बाहर हो गए थे, जबकि दूसरे मैच से पहले तेज गेंदबाज विल ओराउरकी पीठ की चोट के कारण दूसरे टेस्ट मैच से बाहर हो गए। उनके कवर के तौर पर बुलाये गये बेन लिस्टर को टीम में शामिल किया गया है।

## नीरज, ईशान सहित चार खिलाड़ी अंडर 22 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचे

बैंकॉक (ईएमएस)। भारत के चार खिलाड़ियों ने बुधवार को बैंकॉक में अंडर-22 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में अपने-अपने भार वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया। पुरुष वर्ग में नीरज ने 75 किलोग्राम और ईशान कटारिया ने 90 से अधिक किलोग्राम भार वर्ग में जबकि महिला वर्ग में यात्री पटेल ने 57 किलोग्राम व प्रिया 60 किलोग्राम भार वर्ग से फाइनल में जगह बनायी है। नीरज ने दक्षिण कोरिया के क्योंघो बैंग को हराकर फाइनल में जगह बनाई जबक ईशान ने चीन के चेन चेन को पराजित किया। ईशान ने चीनी मुक्केबाज को तीसरे ही दौर में हरा दिया। वहीं महिला मुक्केबाज यात्री पटेल ने वियतनाम की थी नुंग क्वांड को 57 किलोग्राम भार वर्ग के सेमीफाइनल में जबकि प्रिया ने भी उज्बेकिस्तान की ओडिनाखोन इस्मोइलोवा को हराकर महिलाओं के 60 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में जगह बनायी। अंडर-19 मुक्केबाजी चैम्पियनशिप भी साथ ही हो रही है। भारत ने इन दोनों आयु वर्गों में कुल 40 मुक्केबाज उतारे हैं। सेमीफाइनल में पहुंचे चार अन्य भारतीय मुक्केबाजों में रॉकी चौधरी को ईरान के सैम एस्ताकी के खिलाफ चोटिल होने के बाद मुकाबले से हटना पड़ा।

# टिम कुक ने ट्रम्प को सोने से बना गिफ्ट दियाः अमेरिका में 9 लाख करोड़ का निवेश भी, ट्रम्प ने कहा था- भारत में आईफोन मत बनाओ

**वॉशिंगटनः** एपल के सीईओ टिम कुक ने 6 अगस्त को व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 24 कैरट सोने के बेस पर बना स्पेशल गिफ्ट दिया। कुक ने ये गिफ्ट एपल के "अमेरिकन मैन्युफैक्चरिंग प्रोग्राम" के विस्तार के जश्न के मौके पर दिया। इस दौरान कुक ने एडिशनल 9 लाख करोड़ रुपए के निवेश का वादा भी किया।






### 24 कैरट सोने के बेस पर लगी ग्लास डिस्क पर ट्रम्प का नाम

ट्रम्प को जो कस्टम मेड गिफ्ट दिया गया है वो एक ग्लास डिस्क है। ये 24 कैरट सोने के बेस पर लगी हुई है। इसमें इस्तेमाल ग्लास एपल के सप्लायर कॉर्निंग ने बनाया है। बीच में एपल का लोगो है। ट्रम्प का नाम ऊपर की ओर खुदा हुआ है, जबकि नीचे कुक के साइन दिखाई देते हैं, साथ ही "मेड इन यूएसए" और साल 2025 लिखा है। कुक के अनुसार, इस डिजाइन को एक पूर्व अमेरिकी मरीन कॉर्प्स कॉर्पोरल ने तैयार किया, जो वर्तमान में एपल में काम करते हैं। सोने का बेस यूटा से लिया किया गया है।

### 4 साल में 50 लाख करोड़ से ज्यादा निवेश करेगा एपल

एपल ने अमेरिका में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए 100 अरब डॉलर यानी, करीब 9 लाख करोड़ रुपए का अतिरिक्त निवेश करने का ऐलान किया है। ये कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव का जवाब है, जो चाहते हैं कि ज्यादा से ज्यादा प्रोडक्शन अमेरिका में ही हो। इससे पहले एपल ने 4 साल में 500 अरब डॉलर (करीब 44 लाख करोड़ रुपए) के निवेश का ऐलान किया था। ये निवेश प्लान कंपनी की घरेलू सप्लाई चेन और एडवांस मैन्युफैक्चरिंग क्षमता को मजबूत करने पर फोकस करेगा। यानी, एपल अब 50 लाख करोड़ से ज्यादा निवेश करेगा।

### ट्रम्प नहीं चाहते कि एपल के प्रोडक्ट भारत में बनें

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प नहीं चाहते कि एपल के प्रोडक्ट भारत में बने। कुछ महीने पहले ट्रम्प ने कंपनी के सीईओ टिम कुक से कहा था कि भारत में फैक्ट्रियां लगाने की जरूरत नहीं है। इंडिया अपना ख्याल खुद रख सकता है। एपल को अब अमेरिका में प्रोडक्शन बढ़ाना होगा।

### अमेरिकी बाजार में बिकने वाले 50% आईफोन भारत में बन रहे

एपल के सीईओ टिम कुक ने हाल ही दिए एक इंटरव्यू में बताया था कि अमेरिकी बाजार में बिकने वाले 50% आईफोन भारत में बन रहे हैं। कुक ने कहा कि भारत अप्रैल-जून तिमाही में अमेरिका में बिकने वाले आईफोन्स का कंट्री ऑफ ओरिजिन बन जाएगा। उन्होंने बताया कि एयरपॉड्स, एपल वॉच जैसे अन्य प्रोडक्ट्स भी ज्यादातर वियतनाम में बनाए जा रहे हैं।

# होंडा की दो नई बाइकों से युवाओं को साधा

**नईदिल्ली (ईएमएस)**। जुलाई 2025 में होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने शानदार प्रदर्शन किया है। कंपनी ने जुलाई में 5.15 लाख यूनिट्स की बिक्री दर्ज की, जो जून की तुलना में 20प्रतिशत अधिक है। अप्रैल से जुलाई 2025 के बीच कंपनी की कुल बिक्री 18.88 लाख यूनिट्स तक पहुंच गई, जिसमें 16.93 लाख यूनिट्स घरेलू बाजार में और करीब 1.95 लाख यूनिट्स अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेची गईं। घरेलू बाजार में 4,66,331 यूनिट्स की बिक्री और 49,047 यूनिट्स के निर्यात के साथ यह कंपनी के लिए मासिक आधार पर एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इस वृद्धि के पीछे मजबूत उपभोक्ता मांग और निर्यात में सुधार मुख्य वजह रहे हैं। कंपनी ने अपनी 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर दो नई मोटरसाइकिलें भी लॉन्च की हैं सीबी 125 हार्नेट और शाइन 100 डीएक्स।

सीबी125 हार्नेट खासतौर पर शहरी युवाओं को ध्यान में रखकर डिजाइन की गई है, जबकि शाइन 100 डीएक्स बजट सेगमेंट के उपभोक्ताओं को बेहतर विकल्प प्रदान करती है। इन दोनों मॉडल्स की बुकिंग शुरू हो चुकी है और उम्मीद है कि त्योहारी सीज़न में इनकी बिक्री और बढ़ेगी। इसके अलावा कंपनी ने जुलाई में सड़क सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए 13 शहरों में युवा राइडर्स के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए और लुधियाना स्थित ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क की 9वीं वर्षगांठ मनाई।

## जुलाई में घरेलू वाहन बिक्री में 4 फीसदी की गिरावट

नई दिल्ली (ईएमएस)। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने गुरुवार को बताया कि जुलाई 2024 में भारत में घरेलू स्तर पर वाहनों की खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर लगभग 4 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। इस महीने कुल पंजीकरण 19,64,213 इकाई तक सीमित रहे, जबकि जुलाई 2023 में यह आंकड़ा 20,52,759 इकाई था। विशेष रूप से यात्री वाहनों की बिक्री में मामूली गिरावट आई है। जुलाई 2024 में यात्री वाहनों की बिक्री 3,28,613 इकाई रही, जो पिछले साल जुलाई में 3,31,280 इकाई थी। फाडा ने बताया कि यह कमी मुख्य रूप से पिछले साल की तुलना में उच्च आधार प्रभाव के कारण हुई है, जहां पिछला वर्ष अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन किया था।ग्रामीण क्षेत्रों में वाहन बिक्री को बढ़ावा देने के लिए शुभ दिनों, लक्षित योजनाओं और ग्रामीण विपणन प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव देखा गया। वहीं, शहरी इलाकों में ग्राहक की सीमित धारणा और मांग कमजोर रहने के कारण बिक्री धीमी रही।

# फेविकोल बनाने वाली कंपनी का 10 डिविडेंड के साथ 1:1 बोनस शेयर का ऐलान

फेविकोल बनाने वाली जानी-मानी कंपनी पीडीलाइट इंडस्टीज लि. ने जून तिमाही के शानदार नतीजों के साथ निवेशकों को बड़ी खुशखबरी दी है। कंपनी ने 10 प्रति शेयर का स्पेशल इंटरिम डिविडेंड और 1:1 बोनस शेयर देने का ऐलान किया है। यानी जिनके पास एक फुली पेड शेयर है, उन्हें एक अतिरिक्त बोनस शेयर मिलेगा।

### रिकॉर्ड डेट और भुगतान की जानकारी

कंपनी ने बताया कि डिविडेंड और बोनस शेयर के लिए रिकॉर्ड डेट 13 अगस्त 2025 (बुधवार) तय की गई है। यानी इस तारीख तक जिन निवेशकों के पास कंपनी के शेयर होंगे, वही इस फायदे के पात्र होंगे। स्पेशल डिविडेंड का भुगतान 29 अगस्त 2025 (शुक्रवार) को किया जाएगा।

### तिमाही नतीजों में दिखी दमदार ग्रोथ

जून 2025 तिमाही में कंपनी का प्रदर्शन बेहद मजबूत रहा। इस दौरान पीडीलाइट का राजस्व 10.5% की वृद्धि के साथ 3,753 करोड़ पर पहुंच गया, जो पिछले साल इसी तिमाही में 3,395 करोड़ था। कंपनी का शुद्ध मुनाफा भी 18.6% की तेज बढ़त के साथ 672 करोड़ रहा, जबकि पिछली साल की समान अवधि में यह 567 करोड़ था। इसके अलावा एबिटा में भी 15.8% की मजबूती दर्ज की गई, जो 941 करोड़ पर पहुंच गया। एबिटा मार्जिन में भी सुधार हुआ और यह 114 बेसिस पॉइंट बढ़कर 25.1% हो गया, जो पहले 23.9% था। पीडीलाइट के मैनेजिंग डायरेक्टर सुधांशु वत्स ने कहा कि देश में मांग बेहतर हो रही है, खासकर कंस्ट्रक्शन सेक्टर में। अच्छा मॉनसून, कम ब्याज दरें और लिक्विडिटी सुधार जैसे कदम कंपनी के लिए पॉजिटिव हैं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि जियोपॉलिटिकल हालात और वैश्विक टैरिफ को लेकर सतर्क रहना जरूरी है क्योंकि इससे सप्लाई चेन बाधित हो सकती है।

## रेलवे कंपनी देने जा रही बड़ा तोहफाः शेयरधारकों को मिलेगा 50% डिविडेंड

रेलवे से जुड़ी कंपनी आईआरसीटीसी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए फाइनल डिविडेंड का ऐलान किया है। कंपनी अपने शेयरधारकों को प्रति शेयर 1 का फाइनल डिविडेंड देगी। कंपनी ने एक एक्सचेंज फाइलिंग में जानकारी दी कि 28 मई 2025 को हुई बोर्ड मीटिंग में 2 फेस वैल्यू वाले शेयर पर 1 देने की सिफारिश की गई है। यह डिविडेंड एजीएम में मंजूरी मिलने के बाद दिया जाएगा। आईआरसीटीसी ने बताया कि 22 अगस्त को रिकॉर्ड डेट तय की गई है। यानी इसी दिन तक जिन लोगों के पास कंपनी के शेयर होंगे, वही इस डिविडेंड के हकदार होंगे। कंपनी ने यह भी बताया है कि डिविडेंड का भुगतान एजीएम खत्म होने के 30 दिनों के भीतर कर दिया जाएगा। इसके साथ ही 22 अगस्त को ही कट-ऑफ डेट भी घोषित किया गया है, ताकि तय किया जा सके कि कौन-कौन से शेयरधारक एजीएम में हिस्सा लेने और वोट करने के पात्र होंगे।

## महिंद्रा ग्रुप अपने 14,000 कर्मचारियों को दिवाली पर देंगे शेयर

नई दिल्ली (ईएमएस)। महिंद्रा ग्रुप ने इस दिवाली अपने 14,000 से अधिक कर्मचारियों को एक खास तोहफा दिया है। कंपनी ने बोनस के रूप में नकद राशि देने की बजाय कर्मचारियों को कंपनी के शेयर देने की घोषणा की है। इस वन-टाइम बोनस की कुल वैल्यू लगभग 500 करोड़ रुपये होगी। इस योजना का लाभ महिंद्रा एंड महिंद्रा (ऑटो और फार्म सेक्टर्स), महिंद्रा इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल और महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी की यूनिट्स में कार्यरत स्थायी कर्मचारियों को मिलेगा। खास बात यह है कि इस योजना में फैक्ट्री और शॉपफ्लोर वर्कर्स को भी शामिल किया गया है। यह पहली बार है जब किसी भारतीय कंपनी ने दिवाली बोनस के रूप में स्टॉक वितरित किए हैं और साथ ही पहली बार महिंद्रा ने अपने ब्लू-कॉलर कर्मचारियों को स्टॉक ओनरशिप का लाभ दिया है। इस योजना के लिए पात्र कर्मचारी वे होंगे जो कंपनी के परमानेंट पे-रोल पर हैं और जिन्होंने कम से कम 12 महीने की सेवा पूरी कर ली है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में महिंद्रा एंड महिंद्रा का मुनाफा सालाना आधार पर 24 फीसदी बढ़कर 4083 करोड़ हो गया है, जबकि कंपनी की कुल आय 45,529 करोड़ रही।

# रिलायंस में होने वाला है बड़ा बदलाव, तैयार हो रहे हैं ग्रोथ के 4 पावरफुल इंजन

**देश** की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज़ ने अपने भविष्य के रोडमैप का खुलासा किया है। कंपनी के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने गुरुवार को जारी किए गए शेयरधारकों के संदेश में बताया कि रिलायंस अब "हाई ग्रोथ" वाले नए प्लेटफॉर्म्स पर तेजी से काम कर रही है। इनमें रिटेल, डिजिटल सर्विसेज, मीडिया-एंटरटेनमेंट और न्यू एनर्जी शामिल हैं।




### पुराने उद्योगों को बदलने की तैयारी

मुकेश अंबानी ने कहा कि ये नए प्लेटफॉर्म पारंपरिक उद्योगों में बड़ा बदलाव लाएंगे और लंबे समय में भारत और दुनिया दोनों के उपभोक्ताओं को फायदा पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा, "जैसे-जैसे रिलायंस अपनी गोल्डन जुबली (50वीं वर्षगांठ) की ओर बढ़ रही है, हम ऐसे ग्रोथ इंजन तैयार कर रहे हैं जो टेक्नोलॉजी-फर्स्ट और इनोवेशन-लीड होंगे।"

### कोर बिज़नेस में भी जारी रहेगा निवेश

अंबानी ने यह भी स्पष्ट किया कि कंपनी अपने पारंपरिक ऑयल-टू-केमिकल्स और ऑयल एंड गैस बिजनेस में निवेश करना जारी रखेगी, ताकि भारत की ऊर्जा ज़रूरतों को पूरा किया जा सके। साथ ही रिलायंस उन सेक्टर्स पर ध्यान दे रही है जो सस्टेनेबिलिटी, डिजिटल इनक्लूजन और कंज़्यूमर एम्पावरमेंट से जुड़े हों।

### हर भारतीय की जिंदगी को बदलने का लक्ष्य

मुकेश अंबानी ने कहा, "चाहे वह भारत में खरीदारी करने का तरीका हो, डेटा इस्तेमाल करना हो, मनोरंजन देखना हो या घरों और बिजनेस को एनर्जी देना हो। रिलायंस हर क्षेत्र में बदलाव ला रही है।" उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी का फोकस सिर्फ मुनाफे पर नहीं, बल्कि मकसद और कमिटमेंट के साथ आगे बढ़ने पर है। उन्होंने कहा कि रिलायंस की रणनीति मजबूत मूल्यों, संतुलित बैलेंस शीट और टैलेंटेड टीम पर आधारित है। उन्होंने कहा, "हमारे लोग हर काम में इनोवेशन और जुनून लाते हैं, और हमारे बोर्ड, साझेदार और शेयरधारक हमारे विजन पर विश्वास करते हैं।"

### भारत और भविष्य पर भरोसा

अंबानी ने शेयरधारकों का आभार जताते हुए कहा कि उनका विश्वास ही हमें साहस देता है कि हम नई सीमाएं पार करें और बड़े सपने देखें। उन्होंने कहा, "हमारी यात्रा संभावनाओं से भरी हुई है। भारत के भविष्य पर मजबूत भरोसे और नए आइडियाज, सबको साथ लेकर चलने और पर्यावरण का ध्यान रखने की सोच के साथ रिलायंस आगे बढ़ने और नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है। मुकेश अंबानी की अगुवाई में रिलायंस अब अपनी पारंपरिक सीमाओं से बाहर निकल रही है और ग्रीन एनर्जी, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर और कंज़्यूमर प्लेटफॉर्म्स में बड़ा निवेश कर रही है। यही वजह है कि आज यह कंपनी भारत की सबसे वैल्यूएबल कंपनी बन चुकी है।

## दैनिक पंचांग

**8 अगस्त 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 06.15 बजे से |
| चंद्र | मकर में | कन्या | 08.27 बजे से |
| मंगल | कन्या में | तुला | 10.38 बजे से |
| बुध | कर्क में | वृश्चिक | 12.53 ब.से |
| गुरु | मिथुन में | धनु | 15.09 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | मकर | 17.14 बजे से |
| शनि | मीन में | कुंभ | 19.00 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मीन | 20.33 बजे से |
| केतु | सिंह में | मेष | 22.04 बजे से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | वृष | 23.44 बजे से |
| | | मिथुन | 01.42 बजे से |
| | | कर्क | 03.55 बजे से |

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 220 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** श्रावण **पक्ष** शुक्ला **तिथि** चतुर्दशी 14.13 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 14.28 बजे को समाप्त। **योग** प्रीति 05.39 बजे तदनन्तर आयुष्मान 04.09 बजे रात्र को समाप्त। **करण** वणिज 14.13 बजे तदनन्तर विष्टि 01.53 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 14.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 16° 07' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872430 **जूलियन दिन** 2460895.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** सफर **तारीख** 13 **विशेष** वरलक्ष्मी व्रत, हयग्रीव जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 7371



**बाएँ से दाएँ**
1. घ्राणेंद्रिय-2
2. लंबी गर्दन वाला पशु-3
4. आफत, मुसीबत-2
6. लाचार-3
7. आसरा, मदद-3
8. आश्रय, शरण-3
9. राज कपूर की पोती-3
10. कर्म, भाग्य-3
11. दासत्व, गुलामी-3
13. आर्टिकल-2
14. इच्छा, लालसा-3
15. दुगना, दोगुना-2
16. भार-3
17. टेसू के फूल-3
18. राजा का भवन-3
19. चौकसी-2
20. प्रेमी, साजन-3
21. कैनाल, उपनदी-3
23. जीवन सत्व, प्राण-2
24. प्रहार, आक्रमण-3
25. ठाठ-बाट-2

**ऊपर से नीचे**
1. अभिमान-2
2. मारना, वध करना-2
3. नृत्य, कृष्णलीला-2
4. अपव्यय करना-3
5. वेस्टइंडीज का कप्तान-2
6. अज्ञात, अनाम-3
7. नदी, दरिया-3
8. जांच, परीक्षण-3
9. परीक्षा करना-3
10. जिगर-3
11. आंचल-3
12. नाश, विध्वंस-3
14. अंजन, नेत्रांजन-3
15. लाडला-3
16. शक, संदेह-3
17. तीन घंटे का समय-3
18. चिंतन-3
19. प्रथम-3
20. दंड, शिक्षा-2
21. आंशिक भीगा हुआ-2
22. प्राण, जीवन तत्व-2

**शब्द पहेली -7370 का हल**



■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अंकजाल - 6912

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.



**अंकजाल 6911 का हल**



■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 5856

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | 7 |
| 2 | 31 | | 31 | | 28 | 2 |
| | 2 | 1 | | 3 | | 4 |
| 3 | 34 | 6 | 31 | | 33 | |
| | 5 | | 3 | 2 | | 1 |
| 5 | 31 | 5 | 32 | 7 | 38 | 3 |
| | | | 4 | | | 6 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 5855 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 7 | 6 | 2 | 5 | 4 |
| 5 | 31 | 3 | 37 | 1 | 28 | 7 |
| 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 1 | 2 |
| 2 | 29 | 6 | 40 | 7 | 34 | 3 |
| 1 | 6 | 2 | 4 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 32 | 4 | 26 | 5 | 34 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 3 | 4 | 2 | 7 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## आज का इतिहास

1965 सिंगापुर मलेशिया संघ से अलग हुआ.

1974 अमरीका के राष्ट्रपति रिचर्ड मिक्सन ने इस्तीफा देने की घोषणा की.

1985 छठा परमाणु रिएक्टर 'ध्रुव' भाभा केंद्र से लगा.

1986 पश्चिमी बेरूत में कार बम विस्फोट में 17 व्यक्ति मारे गए और 64 अन्य घायल हुए.

1990 इराक ने कुवैत पर विधिवत कब्जा कर लिया.

1994 इजरायल और जार्डन के बीच पहली सड़क खोली गयी.

1996 इंग्लैंड में एक यात्री गाड़ी के खाली गाड़ी से टकराने के कारण 69 लोग हताहत हुए.

2005 इंदिरा गांधी की हत्या के बाद भड़के दंगों की जांच कर रहे नानावटी आयोग ने अपनी रिपोर्ट संसद में पेश की. जिसमें केंद्रीय मंत्री जगदीश टाइटलर पर संदेह जताया गया जबकि पूर्व संसद सदस्य धर्मदास शास्त्री के खिलाफ सबूत पेश किए गए.

## गणित पहेली - 5216

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 35 | | 15 | | 10 | | 41 | = | 19 |
| | | | | | | | | |
| 35 | | 10 | | 39 | | 40 | = | 24 |
| | | | | | | | | |
| 1 | | 25 | | 50 | | 45 | = | 30 |
| | | | | | | | | |
| 20 | | 26 | | 30 | | 5 | = | 21 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 20 | | 26 | | 69 | | 50 | = | 34 / 65 |

## संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

## गणित पहेली - 5215

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 55 | - | 55 | + | 35 | - | 20 | = | 15 |
| - | | - | | + | | - | | + |
| 5 | x | 20 | - | 75 | + | 10 | = | 35 |
| - | | + | | - | | + | | + |
| 23 | - | 3 | + | 55 | - | 15 | = | 60 |
| - | | - | | - | | - | | - |
| 20 | + | 30 | - | 45 | + | 20 | = | 25 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 7 | + | 8 | - | 10 | + | 5 | = | 85 / 10 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल- 6903




शब्दजाल में 'महापुरुषों' के 10 नाम ढूंढिए.नाम ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं

गौतमबुद्ध, महावीर स्वामी, महाराणा प्रताप, अकबर, महात्मागांधी, टीपू सुल्तान, गुरुनानक, अरविंदो घोष, सरदार पटेल, पं.नेहरू

**शब्दजाल - 6902 का हल**



■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## संक्षिप्त खबरें

### एनआईटी बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष सुनील अलघ जमशेदपुर कैम्पस पहुंचे



**जमशेदपुरः** आदित्यपुर स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) जमशेदपुर में बुधवार को संस्थान के नव नियुक्त शासी निकाय अध्यक्ष सुनील अलघ का भव्य स्वागत किया गया। संस्थान परिसर में स्वागतम बैनर के साथ उनका औपचारिक अभिनंदन किया गया। एनआईटी के डायमंड जुबली हॉल में आयोजित पत्रकार वार्ता में अलघ ने स्पष्ट किया कि उनकी प्राथमिकता संस्थान की रैंकिंग में सुधार और छात्रों को बेहतर प्लेसमेंट दिलाना रहेगा। उन्होंने कहा कि उद्योग जगत से उनके लंबे जुड़ाव के अनुभव को अब एनआईटी जैसे तकनीकी संस्थानों के उत्थान में लगाया जाएगा। उन्होंने यह भी माना कि टेक्नोलॉजी की बारीक समझ न होने के बावजूद वे छात्रों की तकनीकी दक्षता को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। श्री अलघ ने बताया कि कॉलेज के छात्रों को आईआईटी की तरह प्लेसमेंट मिल सके , इसके लिए एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष ने यह भी कहा कि अधिक से अधिक औद्योगिक इकाइयों को संस्थान से जोड़ने की कोशिश की जाएगी ताकि छात्र डिग्री के साथ ही बेहतर रोजगार अवसर भी प्राप्त कर सकें। इस दौरान एनआईटी के निदेशक प्रोफेसर गौतम सूत्रधार, रजिस्ट्रार कर्नल निशिथ राय सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे। यह आयोजन केवल स्वागत भर नहीं बल्कि भविष्य की दिशा को लेकर संस्थान के लिए एक महत्वपूर्ण संकेत भी माना जा रहा है।

### रीगल मैदान में मनाया जाएगा विश्व आदिवासी दिवस



**जमशेदपुरः** आदिवासी छात्र एकता संगठन के मुख्य संयोजक जोसाई मार्डी एवं संयोजक इन्द्र हेमब्रम तथा अध्यक्ष हेमेन्द्र हांसदा ने स्वर्णरेखा गेस्ट हाउस में गुरुवार को एक प्रेसवार्त्ता आयोजित कर जानकारी देते हुए कहा कि 9 अगस्त 2025 को रीगल मैदान में विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाएगा । उन्होंने बताया कि विगत 2007 से ही आदिवासी छात्र एकता संगठन द्वारा विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन करते आ रहा है और इस वर्ष भी आयोजन सूनिश्चित किया गया है। आदिवासी छात्र एकता केन्द्रीय कमिटि के द्वारा निर्णय लिया गया है कि इस वर्ष सादगी से विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन होगा। आयोजन का शुभारंभ वीर दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि देकर किया जाएगा एवं पहला वक्ता के रुप में आदिवासी छात्र एकता के पदाधिकारी को अधिकृत किया जाएगा जिनके द्वारा दिशोम गुरु के आन्दोलन, संघर्ष की गाथा एवं जीवनी पर प्रकाश डाला जाएगा। झारखण्ड राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के जल्द स्वस्थ होने की हमलोग कामना करते हैं।

### एनआईटी फैमिली क्लब ने मनाया हैंडलूम दिवस



**जमशेदपुरः** एनआईटी जमशेदपुर फैमिली क्लब द्वारा गुरुवार को चेयरपर्सन इंद्राणी सूत्रधार के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय हैंडलूम दिवस मनाया गया । आयोजन में एनआईटी फैमिली क्लब के सदस्यों ने पूरे भारत से अलग-अलग हैंडलूम साड़ी पहनकर अपनी संस्कृति एवं सभ्यता का परिचय दिया। विभिन्न हैंडलूम साड़ियों में तांत, जामदानी (पश्चिम बंगाल), कोसा (छत्तीसगढ़), भागलपुरी (बिहार), संबलपुरी (ओडिशा), बनारसी (उत्तर प्रदेश) कांजीवरम (तमिलनाडु), माहेश्वरी (मध्य प्रदेश), लिनन आदि शामिल हैं। क्लब की सभी महिलाओं ने देश भर से हमारे प्रतिष्ठित पारंपरिक हैंडलूम को पहनने पर गर्व महसूस किया। क्लब की सचिव प्रियंका कुमार, गीता कुमारी और डॉ. पद्मजा त्रिपाठी सहित क्लब के सभी सदस्यों ने इस आयोजन को सफल बनाने में एक सराहनीय योगदान दिया।

### ओरमांझी बिरसा जैविक उद्यान पहुंचे दो जिराफ



**ओरमांझी(मोहसिन)ः** ओरमांझी स्थित भगवान बिरसा मुंडा जैविक उद्यान में गुरुवार की संध्या दो नये मेहमान आये हैं. चिड़ियाघर में पहली बार अलीपुर चिड़ियाघर से जिराफ का एक जोड़ा बिरसा मुंडा जैविक उद्यान लाया गया है. मालूम हो अब तक कभी भी बिरसा मुंडा जैविक उद्यान में जिराफ नहीं लाया गया है.एक जोड़ा जिराफ के बदले अलीपुर चिड़ियाघर को दो हिमालयन भालू दिये गये.भगवान बिरसा मुंडा जैविक उद्यान में फिलहाल12 हिमालयन भालू हैं. उद्यान के पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ओपी साहू ने बताया कि दोनो जिराफ स्वस्थ है .जल्द ही लोग चिड़ियाघर में जिराफ देख सकेंगे.भगवान बिरसा मुंडा जैविक उद्यान में कई तरह के जानवर रखे गये हैं. यहां जंगली जानवरों के साथ ही रंग-बिरंगे पक्षी भी है. दूर-दराज से रोजाना चिड़ियाघर में लोग घूमने आते हैं. वीकेंड में तो यहां पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ती है.

## राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस पर रांची में कार्यक्रम, राज्यपाल संतोष गंगवार हुए शामिल

# गवर्नर ने कहा- जिस तरह का व्यवहार अमेरिका कर रहा ऐसे में वोकल फॉर लोकल ज्यादा प्रासंगिक

**रांचीः** भारत में हर वर्ष 07 अगस्त को राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस (National Handloom Day) मनाया जाता है. भारत की समृद्ध हस्तकरघा परंपरा को प्रोत्साहित करने, स्थानीय बुनकरों के योगदान को सम्मान देने और "वोकल फॉर लोकल" जैसे अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस" की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई थी.

रांची के डोरंडा कॉलेज सभागार में वीवर्स डेवलपमेंट एंड रिसर्च ऑर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार हुए. राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल में मैं कपड़ा मंत्री था. तब 2015 में पहले कार्यक्रम में हम चेन्नई में हैंडलूम दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए थे. अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि आज जिस तरह का व्यवहार अमरीका कर रहा है वैसे में हैंडलूम और वोकल फॉर लोकल का महत्व बढ़ जाता है.



**मौन रखकर दिवंगत शिबू सोरेन को दी गयी श्रद्धांजलिः** राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने दिवंगत नेता शिबू सोरेन को याद किया. इस मौके पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. बता दें कि बीते 4 अगस्त को राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन का निधन हो गया था.

**'हस्तकरघा हमारी विरासत':** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि हैंडलूम हमारी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है. भारत में हस्तकरघा एक कला नहीं है बल्कि इसका हर धागा, हर कपड़ा अपनी अपनी अलग कहानी कहता है. आज अमेरिका जैसा व्यवहार हम से व्यवहार कर रहा है वैसे में वोकल फॉर लोकल का महत्व बढ़ जाता है. बुनकरों की सशक्तिकरण के लिए काम करने की जरूरत है. हम संकल्प लें कि मेड इन इंडिया और हैंडलूम फ्रॉम एवरी होम का नारा धरातल पर उतरे. राज्यपाल ने हैंडलूम के क्षेत्र में अच्छा काम करने वाले सहदेव स्वांसी, आलोक कुमार, सुखलाल, रंजीत दास, शंकर स्वांसी, दुलाल, अंजय कुमार, गुरुदास सहित कई लोगों को शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया.

**'परेशानी में बुनकर समाज, सरकार मदद के लिए बढ़ाए हाथ':** वहीं बुनकर स्वांसी समाज से आनेवाले लोगों ने कहा कि आज राज्य में बुनकर समाज को सरकारी सहायता की जरूरत है. खूंटी के स्वांसी समाज के लोगों ने कहा कि जब सरकार धरती आबा बिरसा मुंडा के वंशजों का ख्याल रखती है तो उनके आध्यात्मिक और राजनीतिक गुरु रहे आनंदपाल स्वांसी के वंशजों को भी विशेष मदद करे. रतनलाल स्वांसी ने कहा कि बुनकर समाज की अलग अलग जातियों को अलग अलग वर्गों में बांट कर उनकी ताकत को कम किया गया है. कई बुनकर जातियां एससी में है तो कई एसटी में सरकार सभी को एक वर्ग में रखे.

### इसलिए 7 अगस्त को मनाया जाता है राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस






राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस के लिए 7 अगस्त का दिन इसलिए चुना गया क्योंकि इसी दिन 1905 में स्वदेशी आंदोलन की शुरुआत हुई थी. यह आंदोलन विदेशी वस्त्रों के विरोध और भारतीय वस्त्रों के समर्थन में था. भारत का हस्तकरघा क्षेत्र न केवल सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध है, बल्कि यह सेक्टर देश के लाखों लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराता है. खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में यह आजीविका का एक अहम साधन है. बनारसी, चंदेरी, संथाली, पटोला, कांथा, इकत, कांचीपुरम जैसी पारंपरिक बुनाई शैलियां भारत की विविधता और शिल्प कौशल को दर्शाती हैं. 12वें हस्तकरघा दिवस पर पूरे देश के साथ-साथ झारखंड में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए गए.

## कांग्रेस नेताओं ने शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि

### गुरुजी का जीवन अंतहीन किताब की तरहः केशव



**रांचीः** दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि देने के लिए गुरुवार को झारखंड कांग्रेस भवन में शोकसभा का आयोजन किया गया. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की उपस्थिति में आयोजित शोकसभा में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गुरुजी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी. शोकसभा के दौरान अपने संबोधन में केशव महतो कमलेश ने कहा कि दिवंगत नेता शिबू सोरेन का जीवन एक अंतहीन किताब की तरह है, जिसके पन्नों को जितना पलटा जाएगा संघर्ष की उतनी गाथाएं मिलेंगी. उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय की अस्मिता, उसके हक और अधिकार, आर्थिक सुदृढ़ता के लिए शिबू सोरेन ने युवावस्था से ही संघर्ष किया.

शोकसभा में कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री डॉ इरफान अंसारी, विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव, सुरेश बैठा, सुबोधकांत सहाय, बन्ना गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष शाहजादा अनवर, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, आलोक दूबे सहित कई नेता श्रद्धाजंलि सभा में शामिल हुए.

## गढ़वा से रांची तक चलेगी मेमू पैसेंजर ट्रेन



**पलामूः** गढ़वा से रांची तक जल्द ही मेमू पैसेंजर ट्रेन चलेगी. पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने गढ़वा से रांची तक मेमू पैसेंजर ट्रेन चलाने की मांग को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की है. इस पर केंद्रीय मंत्री ने सांसद को मेमू पैसेंजर ट्रेन शुरू करने का आश्वासन दिया है. पलामू सांसद विष्णुदयाल राम ने कई मामलों को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री से मुलाकात की थी. मुलाकात के बाद सांसद विष्णुदयाल राम की तरफ से यह जानकारी दी गई है. सांसद विष्णुदयाल राम ने बताया कि बरवाडीह चिरिमिरी अंबिकापुर नई रेलवे लाइन का शीघ्र कार्यान्वयन किया जाना है. इस परियोजना से झारखंड-छत्तीसगढ़ के बीच कनेक्टिविटी और इंडस्ट्रियल कॉरिडोर मजबूत होगा. पलामू सांसद ने रेल मंत्री से कहा कि गढ़वा से रांची जाने के लिए डायरेक्ट कोई भी ट्रेन नहीं है. रांची-टोरी मेमू ट्रेन का विस्तार गढ़वा टाउन तक किया जाए एवं एक नई पैसेंजर ट्रेन गढ़वा से रांची तक के लिए दिया जाए.

## मुख्य सचिव ने की मंडल डैम की निर्धारित कार्ययोजना के अनुपालन की समीक्षा बैठक

### मंडल डैम के कार्यों को यथाशीघ्र शुरू करेंः मुख्य सचिव

**रांचीः** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने गुरुवार को शहीद नीलांबर पीतांबर उत्तर कोयल परियोजना (मंडल डैम) की निर्धारित कार्ययोजना के अनुपालन की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कार्ययोजना को धरातल पर उतारने के लिए मूलभूत कार्य यथाशीघ्र शुरू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विस्थापित होनेवाले रैयतों को विश्वास में लेकर उनके पुनर्वास की अड़चनों को दूर करें।



**पुनर्वासित होने से पहले रैयतों को उस स्थान पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध करायेंः** मालूम हो कि इस परियोजना के लिए गढ़वा और लातेहार जिले के सात गांवों खैरा, भजना, सनैया, कुटकू, खुरा, चेमो और मेराल के लगभग 750 परिवारों को पुनर्वासित करने का निर्णय लिया गया है। पुनर्वास के दौरान सभी परिवारों को दो किश्तों में 15 लाख रुपये और एक एकड़ जमीन देने पर पूर्व में ही रैयतों के साथ सहमति बन चुकी है। इन्हें रंका प्रखंड में पुनर्वासित करने की योजना है। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया है कि पुनर्वासित होने से पहले रैयतों को उस स्थान पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध करायें। साथ ही विस्थापित संघर्ष समिति से वार्ता का क्रम जारी रखने और स्थानीय विधायकों से भी पूरे मामले में जनहित के दृष्टिकोण से सहयोग लेने पर बल दिया।

**कार्य करने वाली एजेंसी को सुरक्षा देंः** मुख्य सचिव ने मंडल डैम के अधूरे काम को पूरा करने वाली चयनित एजेंसी वापकोस (wapcos)को पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था देने का निर्देश दिया है। उन्होंने गढ़वा और लातेहार जिला प्रशासन को आपसी समन्वय से इसके यथाशीघ्र अनुपालन पर बल दिया। एजेंसी ने समीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मिलने के दो दिन के भीतर कार्य शुरू करने पर हामी भरी । इस दौरान मुख्य सचिव ने विस्थापितों को मुआवजा भुगतान करने के लिए रिजर्व बैंक में स्पर्श अकाउंट खोलने, सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के तहत विस्थापितों की मैपिंग की प्रगति की भी समीक्षा की। वहीं परियोजना के दायां मुख्य नहर के दोनों किनारे पर स्थित विद्युत पोलों तथा ट्रांसफार्मर को वहां से हटाने की प्रगति की समीक्षा के दौरान इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में वित्त सचिव प्रशांत कुमार, वन सचिव अबू बक्कर सिद्दिकी शामिल थे और गढ़वा तथा लातेहार के उपायुक्त तथा आरक्षी अधीक्षक ऑनलाइन जुड़े थे।

## सांसद कला महोत्सवः आपकी पेंटिंग को मिल सकता है पीएम को भेंट करने का मौका

**रांचीः** स्कूली बच्चों को कला के प्रति रुचि बढ़ाने के उदेश्य से आगामी 28 अगस्त से 03 सितंबर तक कला महोत्सव आयोजित किया जा रहा है. अगर आप चित्रकला में रुचि रखते हैं तो हो जाइये तैयार. सांसद कला महोत्सव के जरिए आपकी पेंटिंग की पहचान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक होगी.

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता में आठवीं से 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले विद्यार्थी शामिल होंगे. जिन्हें ऑपरेशन सिंदूर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित थीम में से किसी एक पर पेंटिंग करना होगा.

इसका उद्देश्य ऑपरेशन सिंदूर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन को लेकर विद्यार्थियों की सोच को परिलक्षित करना है. करीब 2 घंटे की इस चित्रकला प्रतियोगिता में अब तक 55 स्कूलों का निबंधन हो चुका है. इस प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक विद्यार्थी अपने विद्यालय से ही संपर्क करेंगे उनके विद्यालय से ही रजिस्ट्रेशन का कार्य होगा.






**चयनित पेंटिंग पीएम मोदी को होगा समर्पितः** यह पेंटिंग प्रतियोगिता दो चरणों में होगा. पहले चरण में इसमें भाग लेने वाले सभी स्कूलों से पांच पांच सर्वोत्तकृष्ट पेंटिंग करने वाले बच्चों को राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता के लिए चयन किया जाएगा. राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में चयनित पांच उत्कृष्ट पेंटिंग को पीएम मोदी को भेंट की जाएगी. एक अनुमान के अनुसार इस पेंटिंग प्रतियोगिता में 20 हजार से अधिक विद्यार्थी भाग लेंगे. सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को जहां पुरस्कृत किया जाएगा, वहीं कला महोत्सव में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों को पीएम मोदी का लगा चित्र और ऑपरेशन सिंदूर लिखा हुआ प्रमाण पत्र दिया जाएगा.

रांची में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए भाजपा सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि इस कला महोत्सव के उद्घाटन मौके पर कला क्षेत्र से जुड़े हुए कई नामचीन हस्ती के भी शामिल होने की संभावना है. इसके लिए तैयारी की जा रही है, इस कला महोत्सव को भव्य बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की गई है.

## इंटरनेशनल स्टेडियम निर्माण के लिए क्रिकेटर सौरभ तिवारी ने जमीन का किया निरीक्षण

### ग्रामीणों में खुशी की लहर, विकास की उम्मीदें बढ़ी

**जमशेदपुरः** पूर्वी सिंहभूम जिले के ग्रामीण क्षेत्र पटमदा में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। यही वजह है कि इसकी आहट से ही जमीन के कारोबारी क्षेत्र में सक्रिय हो चुके हैं और सीएनटी फ्री जमीन की तलाश में घूमना शुरू कर दिया है। शहर के लोग इस क्षेत्र में अपनी संभावनाएं तलाशने लगे हैं। अगर सब कुछ ठीक ठाक रहा तो आने वाले समय में इस क्षेत्र की जमीनों की कीमत महंगी होनी तय है। साथ ही लोगों में विकास की उम्मीदें भी बढ़ गई है और ग्रामीणों में खुशी की लहर छाई हुई है।



बुधवार को पटमदा अंचल के ग्राम गेंगाड़ा स्थित 49.5 एकड़ चिह्नित भूमि का निरीक्षण झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) के सचिव सौरभ तिवारी द्वारा किया गया। इस दौरान पटमदा अंचलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र कुमार दास ने कमलपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार, अंचल के सीआई एसके जेना, नाजिर बोध मुंडा व अमीन नंदलाल महतो की मौजूदगी में बोर्ड भी लगाया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव सौरभ तिवारी ने काटिन चौक से गोपालपुर होते हुए गेंगाड़ा तक जाने वाली मुख्य सड़क की संकीर्णता पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यदि इस मार्ग का चौड़ीकरण किया जाता है, तो इस स्थान पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण न केवल संभव बल्कि व्यवहारिक भी होगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पहले ही इस परियोजना के लिए भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है, जिस पर सरकार द्वारा सकारात्मक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों को आश्वासन दिया कि निर्माण कार्य में स्थानीय हितों और पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जाएगी।

निरीक्षण के दौरान अंचलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र कुमार दास ने बताया कि निरीक्षण की गई भूमि झारखंड सरकार की बताई गई है। जिसका खाता संख्या 416 एवं प्लॉट संख्या 1624 है। यह भूमि 49.5 एकड़ है, जो स्टेडियम निर्माण के लिए प्रस्तावित की गई है। साथ में अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थल की भौगोलिक स्थिति, पहुंच मार्ग, भूमि अभिलेख तथा संभावित बाधाओं का आकलन किया। समाजसेवी विश्वनाथ महतो ने कहा कि यह स्टेडियम स्थानीय युवाओं के लिए खेल के क्षेत्र में नया अवसर लाएगा तथा क्षेत्रीय विकास को भी गति देगा।

## झारखंड के अपराधी छोटू सिंह की यूपी एसटीएफ के एनकाउंटर में मौत, धनबाद पुलिस उत्तर प्रदेश रवाना

**धनबादः** कुख्यात अपराधी आशीष रंजन उर्फ छोटू सिंह आतंक का पर्याय बन चुका था. धनबाद पुलिस और एसटीएफ एसटीएफ की ज्वाइंट ऑपरेशन में आशीष रंजन का एनकाउंटर कर दिया गया है. एनकाउंटर में आशीष रंजन की मौत हो चुकी है. धनबाद एसएसपी प्रभात कुमार ने आशीष रंजन के मौत की पुष्टि की है.

एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि आशीष रंजन के खिलाफ दर्ज 20 मामले हैं. पिछले दो महीने से धनबाद पुलिस उसके पीछे लगी हुई थी. पुलिस अलग-अलग राज्यों में उसकी छानबीन में जुटी हुई थी. उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में यूपी एसटीएफ के द्वारा गुरुवार को आशीष रंजन का एनकाउंटर किया गया. इस एनकाउंटर में आशीष रंजन की मौत हो चुकी है. धनबाद जिला के विभिन्न थाना क्षेत्र में रंगदारी, बमबाजी, जानलेवा हमला सहित हत्या का मामला दर्ज हैं. 3 दिसंबर 2023 को गैंगस्टर अमन सिंह की धनबाद जेल में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. आशीष रंजन उर्फ छोटू सिंह ने सोशल मीडिया पर ऑडियो वायरल कर अमन की हत्या की जिम्मेदारी ली थी. बाइक चोरी के आरोप में जेल में बंद सुंदर उर्फ रितेश यादव ने 03 दिसंबर 2023 को अमन सिंह की गोली मारकर हत्या की थी.



आशीष रंजन अमन सिंह की हत्या का मास्टरमाइंड था. आशीष के कहने पर अमन सिंह की हत्या की गई थी. रितेश यादव उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ का रहने वाला है. रितेश यादव साजिश के तहत फर्जी नाम बताकर बाइक चोरी के आरोप में जेल गया था. नीरज सिंह हत्याकांड में मुख्य शूटर के रूप में अमन सिंह जेल में बंद था. अमन सिंह हत्या मामले में सीआइडी ने आठ आरोपी जिसमें रितेश यादव, विकास बजरंगी, सतीश गांधी, पिंटू सिंह उर्फ जैनेंद्र कुमार, शहजाद कुरैशी, चंदन यादव, अभिमन्यु सिंह बंटी उर्फ धन्नू शर्मा, आशीष रंजन, रिंकू सिंह उर्फ धर्मेंद्र प्रताप सिंह के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया था.

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटुआ, रांची से मुद्रित एवं फर्स्ट फ्लोर, 105, नायल कॉम्प्लेक्स, कांटाटोली, रांची-834001 (झारखण्ड) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं. JHAHIN/50549 फोन नं. 8084372014, Email : koylanchalsamvad@gmai.com & koylanchal.hindi@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट तहत जिम्मेदार।